# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




पीएम मोदी ने दिया पूरी दुनिया को साफ संदेश

## अब आतंकियों व उनके आकाओं को 'मिट्टी में मिलाने' का वक्त

*पीएम मोदी ने दो टूक कहा- अब आतंकियों व उनके पनाहागारों को मिट्टी में मिलाने का वक्त, पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे, उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी, इस दुनिया में जो भी इंसानियत के पक्ष में हैं, वह सब हमारे साथ। मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा।*



पाकिस्तान से अब 'आर-पार' का होगा हिसाब

# छिपे आतंकियों के ठिकानों और साजिशकर्ताओं पर हमला तय, दिन-वक्त और स्थान का इंतजार

- गृहमंत्री अमित शाह व विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर सौंपी दो लाल किताबें, पहलगाम अटैक की दी ब्रीफिंग
- जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस समेत सभी बड़े देशों के राजनयिकों को बुलाकर विदेश मंत्रालय ने भारत की मंशा से कराया अवगत
- दिल्ली स्थित पाक दूतावास कीसारी सुरक्षा को वापस ले लिया गया बैरिकेडिंग हटा दी गई

जो भारतीय नागरिक इस समय पाकिस्तान में हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी गई है

## सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी आज से श्रीनगर में डालेंगे डेरा



**पहलगाम हमले के बाद अब भारत रुकने वाला नहीं है। भारत ने पाक को इस बार करारा सबक सिखाने की ठान ली है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इसके साफ संकेत दे दिए हैं। भारत ने पाक से अपने सारे संबंध लगभग तोड़ लिए हैं।**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस बार न उड़ी न पुलवामा जैसा बदला लिया जाएगा। इस बार ठोस बदला लिया जाएगा। पहलगाम हमले के बाद आतंकियों और उनके साजिशकर्ताओं पर हमला लगभग तय हो गया है। बस, दिन, वक्त व स्थान का इंतजार है। पीएम नरेंद्र मोदी ने मधुबनी से इसके साफ संकेत देश को दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब आतंकियों व उनके पनाहागारों को मिट्टी में मिलाने का वक्त। पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा कि पूरा देश इस हमले के पीड़ितों के साथ है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है। वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मुर्मू को सौंप दिया पाकिस्तान की बर्बादी का प्लान

*पहलगाम आतंकी हमले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की तरफ से अपडेट दिया गया है। बता दें कि, दोनों मंत्रियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की है। गृहमंत्री ने दो लाल फाइलें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपीं। माना जा रहा है कि ये वही फाइल हैं, जिसमें पाकिस्तान को लेकर भारत की अब तक की सबसे आक्रामक रणनीति दर्ज है? क्या ये बर्बादी की पटकथा है, जो अब आधिकारिक मुहर के लिए राष्ट्रपति के पास पहुंची? पहलगाम हमले के बाद भारत एक्शन मोड में है। विदेश मंत्रालय से लेकर खुफिया एजेंसियां, सब पाकिस्तान को घेरने की तैयारी में हैं. और अब जब ये लाल फाइल राष्ट्रपति के हाथ में है, तो संकेत साफ है- कुछ बड़ा होने वाला है।*

उधर, पाक ने भारत के लिए अपना एयर स्पेस किया बंद, एलओसी पर 18 जेट किए तैनात, रात भर से भर रहे उड़ान

पाक पीएम ने आंखें तरेरीं, कहा- भारत ने यदि हमारा पानी किया बंद तो हम इसे अपने खिलाफ युद्ध ही मानेंगे


## दुश्मनों को घर में ही नेस्तानाबूद करने की तैयारी

# आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के साथ-साथ सेनाओं और सुरक्षा एजेंसियां भी एक्शन में है। एक दिन पहले पाकिस्तान पर सरकार ने कई प्रतिबंध लगाए हैं। वहीं गुरुवार को भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में आईएनएस सूरत पर मिसाइल का परीक्षण किया गया है। इसके साथ ही नौसेना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है।

### क्या है आईएनएस सूरत?

आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया। इसे इस साल जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था।



जल शक्ति मंत्री के सचिव देबाश्री मुखर्जी ने पाकिस्तान को पत्र लिखकर सूचित किया है कि भारत 1960 की जल संधि पर तत्काल रोक लगा रहा है

## सिंधु जल संधि रोकने से बौखलाया पाकिस्तान

# शिमला समझौता समेत सभी द्विपक्षीय समझौते तत्काल प्रभाव से 'स्थगित'

भारत की ओर से की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक की। ये बैठक इस्लामाबाद में शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पाकिस्तान के तीनों सेनाध्यक्ष, महत्वपूर्ण मंत्री, शीर्ष सिविल और सैन्य अधिकारी शामिल हुए थे। पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि अगर भारत ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने या उसकी दिशा बदलने की कोशिश की, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। पाकिस्तान की सुरक्षा परिषद में लिए गए फैसलों के मुताबिक शिमला समझौता समेत सभी द्विपक्षीय समझौते तत्काल प्रभाव से स्थगित किए गए। भारतीय एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद किए। पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग में स्थित सैन्य सलाहकारों को 30 अप्रैल तक देश छोड़ने को कहा है। सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर भारतीयों के लिए सार्क वीजा छूट के तहत मिले वीजा को निलंबित करने का भी निर्णय लिया गया। पाकिस्तान ने भारत के साथ सभी व्यापार को निलंबित कर दिया, जिसमें तीसरे देशों के माध्यम से मार्ग भी शामिल हैं।

### पाक के राजनयिक आधी रात को तलब कहा- भारत छोड़ें

इससे पहले बुधवार की आधी रात विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद को भी तलब किया। भारत सरकार ने साद को औपचारिक 'पर्सोना नॉन ग्राटा' नोट सौंपा। पर्सोना नॉन ग्राटा का सीधा मतलब यह होता है कि किसी राजनयिक या विदेशी व्यक्ति को किसी विशेष देश में प्रवेश या रहने से मना करना। भारत ने पाकिस्तान के सैन्य राजनयिकों के लिए ये नोट थमाया है। इसके बाद उन्हें एक हफ्ते के भीतर भारत छोड़ना होगा। इसी के साथ दिल्ली स्थित पाक दूतावास का सारी सुरक्षा को वापस ले लिया गया।

# पाकिस्तान ने मरी हुई इकोनॉमी की बिछाई चिता!

**1** मसाले, चावल और सब्जियों जैसे जरूरी खाद्य पदार्थों का निर्यात बंद होने से पाकिस्तान में खाने की कमी, महंगाई और अस्थिरता की आशंका

**2** 2024 में भारत से पाकिस्तान को मसालों और खाद्यान्न का निर्यात कुल निर्यात (लगभग 304.93 मिलियन डॉलर) का एक छोटा हिस्सा रहा, जिसमें चीनी, तिलहन, और मसाले प्रमुख थे




### भारत से पाकिस्तान निर्यात होने वाले आइटम

जैविक रसायन, फार्मास्यूटिकल्स (दवाइयां), प्लास्टिक और प्लास्टिक उत्पाद, कपास, कृषि उत्पाद (जैसे ताजे फल, सब्जियां, चाय, कॉफी, मसाले), चीनी, तिलहन, डेयरी उत्पाद, पशु चारा, रंग और मानव निर्मित रेशे, ताजे फल और सब्जियां (जैसे प्याज, टमाटर, आलू), चावल (सीमित मात्रा में, खासकर गैर-बासमती), डेयरी उत्पाद (जैसे दूध पाउडर, पनीर), चाय, कॉफी, काली मिर्च, इलायची, लौंग, दालचीनी, हल्दी, जीरा।

### आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवन ने कहा देश शक्तिशाली है, ये दिखाने का समय आ गया

## दोषियों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पहलगाम में आतंकियों के कायराना हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण प्रतिबंधात्मक निर्णय लिए हैं। केंद्र सरकार के यह फैसले देश के स्वाभिमान को बढ़ाने वाले हैं। ये महत्वपूर्ण फैसले अपने नागरिकों के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता को भी दर्शाते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है। केंद्र सरकार ने यहां वर्षों से चली आ रही परेशानियों को समाप्त कर खुशहाली और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के सामने विरोध प्रदर्शन





पाक क्रिकेटर दानिश कनेरिया बोले

## पीएम शहबाज शरीफ ने निंदा क्यों नहीं की?



पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर दानिश कनेरिया ने अपने ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर सवाल दागे हैं। उन्होंने कहा है कि अगर पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ नहीं है तो शहबाज ने अब तक इसकी निंदा क्यों नहीं की है। दानिश पाकिस्तान टीम में शामिल चुनिंदा हिंदू खिलाड़ियों में से एक रहे।



### विदेश मंत्रालय का कूटनीति वाला दांव साउथ ब्लॉक पहुंचे कई देशों के राजदूत

# बड़ी स्ट्राइक की तैयारी, जी 20 देश भारत का देंगे साथ

भारत ने सोमवार को कूटनीति का बड़ा दांव चला। करीब 200 देशों के राजनयिकों को बुलाकर पहलगाम आतंकी हमले पर विस्तार से जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस, जर्मनी, जापान, चीन, इटली, इंडोनेशिया, मलेशिया, ओमान, यूएई, कतर, नार्वे समेत दर्जनों देशों को ब्रीफ किया कि कैसे पाकिस्तान की सरजमीं से चलने वाला आतंकी ईकोसिस्टम अब भी सक्रिय है। भारतीय अधिकारियों ने बताया कि हमला जम्मू कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और तेजी से हो रही आर्थिक प्रगति को पटरी से उतारने की साजिश थी। कश्मीर में हुए सफल विधानसभा चुनाव और आम जनजीवन में लौटे स्थायित्व को तोड़ने की मंशा थी। भारत ने साफ कर दिया है कि वो सीमा पार आतंकवाद पर चुप नहीं ▶▶ शेष पेज 4 पर



बीसीसीआई का कठोर संदेश

### अब पाकिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं



*कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कठोर संदेश दिया है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि भारत किसी भी प्रकार से पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलेगा। भारत और पाकिस्तान ने आखिरी बार 2012-13 में द्विपक्षीय सीरीज खेली थी। तब पाकिस्तान की टीम सीमित ओवर सीरीज के लिए भारत दौरे पर आई थी। भारतीय टीम ने 2008 में आखिरी* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को निलंबित किया



पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत लगातार कठोर फैसले ले रहा है। भारत ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स अकाउंट को भारत में सस्पेंड कर दिया है, जिसे डिजिटल युद्ध में एक बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। यानी पाकिस्तान सरकार का एक्स हैंडल भारत में नहीं दिखेगा और ना ही उसके कोई पोस्ट नजर आएंगे हालांकि पाकिस्तान और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## वीजा अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ें पाकिस्तानी, 29 अप्रैल से मेडिकल वीजा भी मान्य नहीं



भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों दिए गए सभी वीजा 27 अप्रैल से रद्द माने जाएंगे। इसके अलावा, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल 2025 तक ही मान्य रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि जो पाकिस्तानी नागरिक अभी भारत में हैं, उन्हें अब बदली हुई वीजा शर्तों के अनुसार अपने वीजा की अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की सख्त सलाह दी जाती है। जो भारतीय नागरिक इस समय पाकिस्तान में हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी गई है। सरकार ने अटारी चेक पोस्ट को भी तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया। जो लोग वैध दस्तावेज के साथ पहले से ही इस मार्ग से भारत में प्रवेश कर चुके हैं, उन्हें 1 मई 2025 तक उसी मार्ग से लौटने को कहा गया है।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

2 नगर पालिका अध्यक्ष ने शिविर में 11 दिव्यांगजनों...



3 सीएम ने कहा, हर परिवार में कम से कम एक व्यक्ति...



**नाबालिग सहित चार पीड़िताओं ने की शिकायत, मामला संवेदनशील, अन्य पीड़िताएं भी पहुंच सकती हैं शिकायत दर्ज कराने**

**कॉलेज में साथ पढ़ने वाले समुदाय विशेष के छात्रों से हुई दोस्ती, फिर वीडियो बनाकर दूसरी सहेलियों से दूसरे छात्रों की दोस्ती कराने का बनाया दबाव, फिर चेन बनाकर बनाए रिलेशन**

# छात्राओं से दुष्कर्म, वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग, धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव



■ पुलिस ने दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट, मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं में दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में निजी कॉलेज की छात्राओं से दुष्कर्म, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी समुदाय विशेष के हैं और वह दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेल कर रहे थे। आरोपियों ने जब छात्राओं पर धर्म परिवर्तन का का दबाव बनाया तो छात्राओं ने पुलिस को शिकायत की। शिकायत करने वाली चार छात्राओं में एक नाबालिग भी है। लिहाजा पाक्सो एक्ट की धारा भी लगाई गई है। बागसेवनिया थाना पुलिस ने छात्राओं की शिकायत पर दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। सभी प्रकरण संबंधित थाना पुलिस को सौंप दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने बताया कि अलग-अलग एसआईटी गठित कर प्रकरणों की जांच की जा रही है।

### अजमेर जैसा झकझोर देने वाला कांड

*अजमेर जैसे इस झकझोर देने वाले कांड में अभी तक जिन पांच आरोपियों के नाम सामने आए हैं उनमें दो को हिरासत में लिया गया है, अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल जब्त कर लिए हैं, जिसमें अन्य युवतियों के कांटेक्ट नंबर भी मिले हैं। मामला संवेदनशील होने से पुलिस मीडिया से संपर्क नहीं कर रही है। दरअसल, बागसेवनिया इलाके में रहने वाली छात्राओं ने बागसेवनिया थाने पहुंचकर शिकायत की। उन्होंने बताया कि वह रायसेन रोड स्थित निजी कॉलेज में पढ़ाई कर रही हैं। साथ पढ़ने वाले छात्रों से उनकी दोस्ती हो गई। सभी छात्र समुदाय विशेष के हैं। दोस्ती के बाद छात्रों ने उन्हें शादी का प्रलोभन दिया और उनका दैहिक शोषण करना शुरू कर दिया। छात्रों ने उनके वीडियो भी बनाए। इसी वीडियो के माध्यम से वे उन्हें ब्लैकमेल करने लगे।*



### मीडिया से छिपाने का पूरा प्रयास, पुलिस की नाकामी उजागर

अभी तक चार छात्राओं ने शिकायत की है। पूरे प्रकरण में बड़े गिरोह के होने की आशंका है। यह भी बताया जा रहा है कि प्रकरण दर्ज होने के बाद और भी पीड़ित छात्राएं शिकायत दर्ज कराने पहुंच सकती हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस पूरा एहतियात बरत रही है। लिहाजा इतना बड़ी घटना होने के बाद भी पुलिस के अधिकतर आलाधिकारी और थाना प्रभारी चुप्पी साधकर बैठे हैं।

### दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

इस संवेदनशील मामले की एफआईआर बागसेवनिया थाने में शून्य पर दर्ज की गई है। अब केस डायरी संबंधित थानों को भेजी जा रही है। बताया जाता है कि दो आरोपी छात्र अशोका गार्डन के रहने वाले हैं और अपने किराए के कमरे पर छात्राओं को ले जाकर उनका दैहिक शोषण कर रहे थे। इसके अलावा एक प्रकरण जहांगीराबाद पुलिस को सौंपा गया है। इसी प्रकार चौथे प्रकरण में काउंसलिंग की जा रही है। इसकी शिकायत ऐशबाग थाने में दर्ज कराई जाएगी। अब तक पांच आरोपियों के नाम इस पूरे प्रकरण में सामने आए हैं।

### सहेलियों से दोस्ती का दबाव

*आरोपी छात्र प्रदेश के बाहर के रहने वाले हैं। पीड़िताओं का आरोप है कि आरोपियों ने वीडियो के बाद दबाव बनाना शुरू कर दिया। वह कहने लगे कि अपनी सहेलियों से हमारे अन्य दोस्तों की दोस्ती कराओ। इसके बाद पूरी चेन बनकर छात्राओं से दोस्ती और उनके रिलेशन बनाने लगे। दैहिक शोषण के बाद अब आरोपी छात्रों द्वारा शादी के लिए शर्त रखी गई है कि यदि हमारा धर्म अपना लोगे तो शादी कर लेंगे।*

मामला संज्ञान में आया है। मामला संवेदनशील है। अलग-अलग एसआईटी बनाकर पुलिस जांच कर रही है। दो आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। अन्य की तलाश के लिए पुलिस आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दे रही है।
**हरिनारायण चारी मिश्रा**, पुलिस कमिश्नर, भोपाल

# बयान नहीं, बदला...हमला, हमला, हमला

## राजधानी में चारों ओर से उठ रही एक ही आवाज

मिनी स्विटजरलैंड कहे जाने वाले कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में गुस्सा है। इसके साथ ही राजधानी में न केवल लोग बल्कि राजनीतिक दल जो इस मसले पर एक हैं, इन मृतकों को श्रद्धांजलि देने मौन जुलूस, कैंडल मार्च निकालने के साथ ही आतंकियों के आका कहे जाने वाले पाकिस्तान पर कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार से साफ कह रहे हैं कि अब बयान नहीं, सिर्फ बदला चाहिए...

**कहा-यह न केवल कायराना, बल्कि अमानवीय भी है...**

## केमिस्टों ने 2 घंटे दवा बाजार बंद कर निकाली मौन रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन ने गुरूवार को मौन रैली निकालकर दो घंटे दवा बाजार बंद कर अपना विरोध जताया। राजधानी के हमीदिया दवा बाजार में सभी केमिस्टों ने अपनी दुकानें बंद कर ब्लैक आउट किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला न केवल कायराना हरकत है, बल्कि अमानवीय भी है। यह सभ्य समाज की मूल भावना पर प्रहार है। नृशंस हमले ने न केवल कई परिवारों को तोड़ा बल्कि हमारे दिलों को भी गमगीन कर दिया है।

### दो मिनट का रखा मौन

गुरुवार शाम दो घंटे दवा बाजार बंद कर सात बजे मौन रैली निकाली गई। रैली में राजधानी के तीन हजार से ज्यादा केमिस्ट शामिल हुए। मौन रैली दवा बाजार से शुरू होकर मेडिसिन स्ट्रीट, नादरा बस स्टैंड, जेके बिल्डिंग से होते हुए काली मंदिर पर समाप्त हुई। रैली के समापन पर आतंकी हमले में शहीद हुए मृतकों की अत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंलि अर्पित की।

### प्रधानमंत्री को लिखेंगे पत्र

*धाकड़ ने बताया कि केमिस्ट एसोसिएशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आतंकियों को सजा ए मौत देने की मांग करेंगे। किसी भी सूरत में आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। आतंकी हमले के विरोध में गुरूवार को कमिस्टों ने दुकानें बंद रखकर विरोध जताया। केमिस्ट पत्र में प्रधानमंत्री से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे।*

**पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस**

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में होगा आतंकवाद पर अंतिम कील ठोकने का कार्य : विष्णुदत्त

*भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के विरोध में भोपाल जिला भाजपा द्वारा आयोजित मशाल जुलूस में शामिल होकर न्यू मार्केट के नानके पेट्रोल पंप से रोशनपुरा चौराहे तक पैदल मार्च किया। रोशनपुरा चौराहे पर पहुंचकर आतंकवादी घटना का विरोध जताया और दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने मशाल जुलूस के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर अंतिम कील ठोकने का कार्य होगा। पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किया गया कायराना हमला भारत की आत्मा पर हमला है, जिसे भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा भारत हमले के विरोध में एक साथ खड़ा है। मशाल जुलूस में प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मशाल जुलूस में शामिल हुए।*



**प्रदेश प्रभारी पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल हुए**

*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने गुरुवार को जबलपुर के मालवीय चौक में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश मंत्री व सांसद आशीष दुबे, पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर सहित पार्टी पदाधिकारी व युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

## हमले के विरोध में आए रॉयल विलास कॉलोनी के रहवासी

**बोले-इस दुर्दांत और कायराना हरकत के विरोध में आज पूरा देश एकजुट**




भोपाल। जम्मू कश्मीर के पहलगाम के पास हुए दुर्दांत आतंकी हमले का देशभर में जमकर विरोध किया जा रहा है। जगह-जगह इस हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के साथ ही पाकिस्तान और आतंकवाद के पुतले जलाए जा रहे हैं। गुरुवार को राजधानी के नर्मदापुरम रोड स्थित सागर रॉयल विलास कॉलोनी के रहवासियों द्वारा दुर्दांत आतंकवादी हमले के विरोध में आक्रोश रैली निकाली गई। इस दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। रहवासियों ने इस घटना में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धाजंलि देते हुए श्री चरणों में स्थान मिलने की प्रार्थना की। उन्होने कहा कि हम सब संकट की इस घड़ी में पीड़ति परिवार के साथ हैं। यह पाकिस्तान की घृणित और शर्मनाक हरकत है। इस हरकत के विरोध में आज पूरा देश एकजुट है।

**स्टेशन प्रबंधक समेत टिकट चैकिंग का स्टाफ रहा मौजूद**

## रेलवे कर्मियों ने आतंकी हमले में मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**भोपाल**। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश में आक्रोश है। मप्र में भी इस हमले के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी के तहत भोपाल रेल मंडल के कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर हमले में मारे गए निर्दोष भारतीयों की आत्मा की शांति के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान स्टेशन प्रबंधक आर के मिश्रा , राज त्रिवेदी,रवि चौबे ,आनंद त्रिवेदी, शिरीष रिछारिया, उमेश शर्मा व अरुण सिंह व टिकट चेकिंग के समस्त स्टाफ के कर्मचारी मौजूद थे।



### आतंकी हमला मानवता पर गहरा प्रहार



## निटर में आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल**। राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर संस्थान के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकत्र होकर गहन शोक और संवेदना व्यक्त की। निटर भोपाल के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने गहन शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक हमला नहीं, बल्कि मानवता पर एक गहरा प्रहार था। हम उन परिवारों के साथ खड़े हैं जिन्होंने इस हमले में अपने प्रियजनों को खोया है।

### दो मिनट का रखा मौन

*हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवारों को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति दें। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित सभी संकायगण, अधिकारिगण व कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया और आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया।*

**कहा-पूरी कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ**

## आतंकी हमले के शिकार सुशील की अंतिम यात्रा में पहुंचे पटवारी

भोपाल। मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पहलगाम आतंकी हमले का शिकार हुए इंदौर के सुशील नथानियल की अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पटवारी ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहन दुख और संवेदना व्यक्त की। पटवारी ने कहा, इस अपार दुख की घड़ी में हम सभी आपके साथ हैं। पूरी कांग्रेस पार्टी इस विषम परिस्थिति में पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने शोकाकुल परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके दुख में साझीदार है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि आतंकवाद के खिलाफ देश की एकजुटता अटूट है और ऐसे कायराना हमलों से भारत का हौसला कभी कमजोर नहीं होगा।



### चेंबर ऑफ कॉमर्स का कल बाजार बंद का आह्वान

भोपाल। पहलगाम, कश्मीर में निहत्थे व बेकसूर हिंदुओं की जिनके धर्म की जानकारी लेने के पश्चात उनके परिवारजनों के सामने बर्बरता से हत्या कर दी गई। इस निर्मम हत्याकाण्ड के मद्देनज़र मृतकों के परिवार जनों के साथ खड़े होने एवं इस निर्मम आतंकी हमले के विरोध प्रदर्शन स्वरूप भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भोपाल बंद का ऐलान करता हैं। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने समस्त व्यापारियों एवं भोपाल के समस्त व्यापारिक संगठनों से आग्रह किया है कि पहलगांव आतंकी हमले के विरोध में 26 अप्रैल दिन शनिवार को भोपाल को बंद रखें।

भोपाल
शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष–12
वर्ष : 12, अंक : 24
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

पहलगाम आतंकी हमले पर गरजे पं. प्रदीप मिश्रा



## शाह को बताया महादेव का अवतार, कहा-अब तांडव होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

*पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पंडित प्रदीप मिश्रा व्यास पीठ से ही गरज उठे। आंखों में आक्रोश भर पंडित प्रदीप मिश्रा ने देश के गृहमंत्री अमित शाह को शंकर का अवतार बताया और कहा कि वह मौन हैं, शांत हैं पर वह तांडव भी जरुर दिखाएंगे। पंडित प्रदीप मिश्रा ने व्यासपीठ से कहा कि कश्मीर की घाटी पहलगाम में जो घटना हुई है वह दिल को झंझोड़ने वाली है।*

*भारत की भूमि पर हिंदुओं की मौत कब तक होती रहेगी। कभी बंगाल में हिंदू मारा जाता है तो कभी कश्मीर की घाटी में कपड़े उतारकर देखा जाता है कि हिंदू है और गोली मार दी जाती है। करोगे क्या? कैंडल मार्च निकाल लोगे, पुतले जला लोगे, बनेगी तो नारे लगा लोगे और फिर शांत होकर बैठ जाओगे। मेरा निवेदन है सनातनियों, जाग जाओ, अब मौका है। मैं निवेदन करुंगा हमारे गृहमंत्री अमित शाह का जो इस कलयुग में शंकर के अवतार है, शांत भी* ▶▶ शेष पेज 4 पर

पहलगाम में मारे गए सुशील का इंदौर में अंतिम संस्कार

# ताबूत से लिपटकर रोई पत्नी, हर आंख नम उमड़ा सैलाब, सैकड़ों लोग विदाई देने पहुंचे



» *कलमा पढ़ने को कहा, खतना देखा फिर गोली मार दी*

» *आतंकवादी कैमरे लगाकर आए थे और सेल्फी ले रहे थे*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सुशील नथानियल का गुरुवार को इंदौर में अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले उनकी अंतिम यात्रा वीणा नगर स्थित उनके घर से शुरू हुई। उनका पार्थिव शरीर एक विशेष वाहन में नंदा नगर चर्च ले जाया गया, जहां धार्मिक प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इसके बाद ईसाई रीति-रिवाजों के अनुसार जूनी इंदौर कब्रिस्तान में उनका अंतिम संस्कार किया गया है। सुशील की अंतिम यात्रा में लोगों का सैलाब उमड़ा, सैकड़ों लोग उन्हें विदाई देने के लिए पहुंचे। उनकी पत्नी जेनिफर ताबूत से लिपटकर बिलख- ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सुशील की बेटी आकांक्षा को भी गोली लगी

सुशील नथानियल आलीराजपुर स्थित एलआईसी की सैटेलाइट शाखा में कार्यरत थे। हमले के समय वह अपने परिवार के साथ कश्मीर यात्रा पर थे। वे 18 अप्रैल को पत्नी जेनिफर, 21 वर्षीय बेटे ऑस्टिन गोल्डी और 30 वर्षीय बेटी आकांक्षा के साथ छुट्टियों पर गए थे। हमले में सुशील की बेटी आकांक्षा को भी गोली लगी, जो सूरत के बैंक ऑफ बड़ौदा में फर्स्ट क्लास ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। सुशील की पत्नी जेनिफर खातीपुरा स्थित एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं, जबकि बेटा ऑस्टिन एक उभरता हुआ बैडमिंटन खिलाड़ी है। सुशील नथानियल मूल रूप से मध्य प्रदेश के जोबट क्षेत्र के रहने वाले थे, लेकिन लंबे समय से वे इंदौर में निवासरत थे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
चेन्नई हैदराबाद
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### घायलों का मुफ्त इलाज कराएंगे मुकेश अंबानी



**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरा देश दुखी है। इस हमले में भारतीयों ने अपनी जान गंवाई है। रिलायंस परिवार ने इस घटना पर गहरा शोक प्रकट किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने रिलायंस के अस्पताल में मुफ्त इलाज का ऐलान किया है।

### शराब से भरा ट्रक पलटा आग में ड्राइवर की मौत



**कोठरी।** गुरुवार की सुबह इंदौर भोपाल हाईवे पर कोठरी के पास एक शराब से भरा ट्रक डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें आग लग गई। इस हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर का सिर धड़ से अलग हो गया और उसका शव झुलस गया।

### शूटिंग कर रहे डांसर की डूबने से मौत



**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी की शूटिंग के दौरान एक 26 साल के डांसर सौरभ शर्मा की कृष्णा नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम को सतारा जिले के संगम महुली गांव में हुई। पुलिस जांच कर रही है।

पहलगाम आतंकी हमले पर संसद भवन में सर्वदलीय बैठक, सरकार ने विपक्षी दलों को बताया-क्या कदम उठाए?

# आईबी के अधिकारियों ने बताया कि कहां चूक हुई, किन परिस्थिति में हुआ हमला?

### मृतकों के लिए रखा गया 2 मिनट का मौन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बताया कि बैठक में सभी दलों ने इस हमले की निंदा की। विपक्ष पूरी तरह से सरकार के साथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुरुवार शाम 6 बजे सवर्दलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। बैठक में इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी सांसदों को ब्रीफ किया कि चूक कहां हुई और किस परिस्थिति में यह आतंकी हमला हुआ। बताया गया कि पहलगाम में जहां यह हमला हुआ वहां पहुंचने में करीब ढाई घंटे लगते हैं। बैठक के दौरान 2 मिनट का मौन रखा गया। इसमें सभी दलों के नेता खड़े होकर मौन रहे। संसद में हुई सर्वदलीय बैठक करीब दो घंटे तक चली।

इस बैठक के बाद बाहर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बताया कि बैठक में सभी दलों ने इस हमले की निंदा की। विपक्ष पूरी तरह से सरकार के साथ है। इस मामले में सरकार कोई भी एक्शन लें, विपक्ष सरकार के साथ हैं। सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बैठक में मौजूद थे। हमने ▶▶ शेष पेज 4 पर

राहुल खरगे का बड़ा बयान बोले- हम हर कार्रवाई में केंद्र सरकार के साथ



सर्वदलीय बैठक करीब दो घंटे तक चली

### राहुल गांधी आज जाएंगे श्रीनगर



पहलगाम आतंकी हमले के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर जाने वाले हैं। इस हमले के समय राहुल गांधी अमेरिका में थे, लेकिन हमले के बाद अमेरिका का टूर समाप्त कर भारत लौटे। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

## बैठक के बाद केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया

### हमने कड़ी कार्रवाई की मंशा जाहिर की

सर्वदलीय बैठक के बाद प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि रक्षा मंत्री ने सीसीएस की बैठक में पहलगाम में हुई घटना और भारत सरकार की तरफ से की गई कार्रवाई की जानकारी दी। यह घटना बहुत दुखद है। जिससे देश में हर कोई चिंतित है, इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने और कड़ी कार्रवाई करने की मंशा जाहिर की है।

### गुलाम नबी आजाद बोले- हिंदू-मुसलमान दोनों एकजुट

पहलगाम आतंकी हमले पर डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि पूरा देश और जम्मू-कश्मीर के लोग उन लोगों के समर्थन में खड़े हैं, जिन्होंने पहलगाम हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया है। सभी हिंदू और मुसलमान आतंकवादियों के खिलाफ एकजुट हैं।

**ओवैसी की अपील- बांहों पर काली पट्टी बांधकर जुम्मा पढ़ने जाएं:** एमआईएमआईएम सुप्रीमो और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने लोगों से एक अपील की है। ओवैसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा- जब आप नमाज-ए-जुम्मा पढ़ने जाएंगे तो आपने बांह पर काली पट्टी बांधकर जाएं। इस से हम यह पैग़ाम भेजेंगे की हम भारतीय विदेशी ताक़तोंको भारत के अमन और इत्तेहाद को कमजोर करने नहीं देंगे।

**अटारी-वाघा बॉर्डर पर बिना गेट खोले ही हुई रिट्रीट सेरेमनी:** पहलगाम हमले को लेकर अटारी-वाघा एकीकृत चेकपोस्ट पर रिट्रीट सेरेमनी को गेट खोले बिना ही आयोजित किया गया। भारत सरकार ने एकीकृत चेकपोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया है। जो लोग (पाकिस्तानी नागरिक) ▶▶ शेष पेज 4 पर

शिवपुरी एसपी के खिलाफ भाजपा विधायक ने खोला मोर्चा

## भाजपा विधायक लोधी बोले एसपी मेरा फोन टैप करा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

पिछोर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। प्रीतम लोधी ने शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमन सिंह राठौर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक आमसभा की और फिर रैली भी निकाली। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ गंभीर आरोप लगाए, कहा- तो दिल्ली जाऊंगा



### एसपी बोले-आरोप निराधार

एसपी शिवपुरी अमन सिंह राठौर का कहना है कि विधायक द्वारा फोन टैपिंग सहित जो भी आरोप लगाए गए हैं वो निराधार है। रही बात किसी भी मामले के निष्पक्ष जांच की तो सीआईडी से जांच करा लें, मैं स्वयं सीआईडी जांच की अनुशंसा कर दूंगा।


इंदौर में नर्सरी टीचर से रेप

## स्कूल बस के ड्राइवर पर आरोप पीड़िता ने खुद को लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर में एक प्राइवेट स्कूल की टीचर ने खुद को आग लगाकर जान देने की कोशिश की। आरोप है कि स्कूल बस के ड्राइवर ने उसके साथ रेप किया और उसे ब्लैकमेल किया। टीचर ने मंगलवार को इंदौर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टीचर फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। इंदौर ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ फोटो के जरिए टीचर को कर रहा था ब्लैकमेल



### स्कूल बस में मारपीट की

जनवरी 2024 में टीचर की सगाई हो गई। 13 मार्च को जब वह स्कूल से घर लौट रही थी, तब रोहित ने कथित तौर पर स्कूल बस में ही उसके साथ फिर से मारपीट की। उस समय बस में पांच-छह बच्चे भी थे। रोहित ने बस किसी और ड्राइवर, शुभम को दे दी। फिर उसने पहले ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सुबह से शाम तक दहकते रहे भेल के जंगल



### एसडीआरएफ, फायर अमले ने संभाला मोर्चा

*भोपाल। गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे भेल (भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) के गेट नंबर 9 के पास कैंपस के अंदर वेस्ट मटेरियल में आग लग गई, जो धीरे-धीरे भेल के जंगल तक फैल गई। शाम 6 बजे के बाद तक यह आगे लगातार दहकती रही, जिस पर काबू पाने के लिए एसडीआरएफ की टीम ने मोर्चा संभाला। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। एसडीआरएफ के प्लाटून कमांडर जेएल कोठारी और मेजर शशिभूषण तिवारी ने बताया* ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

सागर में सड़क हादसा

## खड़े ट्रक में जा घुसी दो कारें भोपाल के दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढ़ाकोटा

सागर गढ़ाकोटा रोड पर बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें भोपाल निवासी दो युवकों की जान चली गई। घटना गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में आबचंद मोड़ के पास की है, जहां एक के बाद एक दो कारें ट्रक से टकरा गईं। हादसे में एक कार में सवार दो युवकों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी कार सड़क किनारे उतर गई, लेकिन उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गए।

### तेज रफ्तार वजह

गढ़ाकोटा थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि सागर-गढ़ाकोटा मार्ग पर ट्रक में पीछे से एक तेज रफ्तार कार जा घुसी। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी कार भी टकरा गई। हादसे में भोपाल के करोंद निवासी खेबर अली (35) पुत्र गुलाम अली और समीर (20) पुत्र सलीम अली की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार जुबेर ▶▶ शेष पेज 4 पर

मोबाइल एप के उपयोग से डेटा चोरी होने का मामला

## मप्र हाईकोर्ट ने गूगल, एपल, माइक्रोसॉफ्ट और शाओमी कंपनी को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने साफ्टवेयर कंपनियों पर मोबाइल एप के जरिए उपयोगकर्ताओं का डेटा चुराने और सायबर ठगी करने के आरोप के मामले में जवाब-तलब कर लिया है।

इस सिलसिले में इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, स्टैंडर्ड टेस्टिंग एंड क्वालिटी सर्टिफिकेशन डायरेक्ट्रेट (एसटीक्यूसी), सीडेक, गूगल, एपल, माइक्रोसॉफ्ट और शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट ▶▶ शेष पेज 4 पर

» एप में कान्टैक्ट, फाइल्स या कैमरे का कोई उपयोग नहीं फिर भी मांगते हैं परमिशन



### कड़े नियम बनाने की मांग

देश में डिजिटल क्रांति के साथ-साथ सायबर धोखाधड़ी की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। आम नागरिकों की गोपनीय जानकारी, बैंकिंग विवरण और व्यक्तिगत डेटा चोरी हो जाते हैं। जनहित याचिका में कहा गया कि वर्तमान कानूनी ढांचा केवल तब सक्रिय होता है जब किसी एप के जरिए पहले ही नुकसान हो चुका होता है। जनहित याचिका में मांग की गई है कि इसकी रोकथाम के लिए कड़े नियम बनाए जाएं।

आज एक दर्जन जिलों में भीषण गर्मी के साथ कई जिलों में लू का अलर्ट

सर्वाधिक पारा खजुराहो में 44.4 डिग्री रहा

## दो-तीन दिन बाद बारिश दिलाएगी गर्मी से राहत... भोपाल में भी पड़ेंगी बौछारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में दो से तीन दिन बाद मौसम फिर बदलेगा। भोपाल सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। कई जिलों में आंधी के साथ ओले भी गिर सकते हैं। इससे पहले शुक्रवार को एक दर्जन के करीब जिलों में लू का अलर्ट है।

इनमें प्रमुख रूप से बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पांढुर्णा जिले शामिल हैं। गुरुवार को सर्वाधिक पारा खजुराहो में 44.4 डिग्री रहा, जबकि छिंदवाड़ा में लू का असर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### छिंदवाड़ा में लू का असर रहा, तापमान 42.4 डिग्री दर्ज



मैदा मिल रोड

### इन जिलों में तेज गर्मी का असर

गुरुवार को कई जिलों में तेज गर्मी का असर रहा। धार, नर्मदापुरम, रतलाम, शिवपुरी, उज्जैन, दमोह, मंडला, नरसिंहपुर, नौगांव, सतना, सिवनी, टीकमगढ़ और मलाजखंड में पारा 42 से 43 डिग्री के बीच रहने से तेज गर्मी महसूस की गई। यह क्रम शुक्रवार को भी जारी रहेगा।

### इसलिए गिरेगा पारा

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक डब्ल्यूडी हिमालय के आसपास सक्रिय है। उत्तर दक्षिणी छत्तीसगढ़ से विदर्भ और तेलंगाना होते हुए कर्नाटक तक ट्रफ बनी हुई है। यह बंगाल की खाड़ी तक बनी है। इससे अगले दो से तीन दिन में प्रदेश में मौसम में बदलाव होगा। हालांकि, दो दिनों में पश्चिमी मप्र के तापमानों में कोई विशेष परिवतॄन नहीं होगा। इसके बाद पूर्वी मप्र में मौसम बदलेगा। बारिश आंधी के साथ तापमान गिरेगा। इसके बाद दो दिन यालि तीसरे से चौथे दिन तक बारिश, आंधी का दौर चलेगा।

राजधानी में नहीं थम रहा मोबाइल झपटने का सिलसिला सीसीटीवी फुटेज तक ही पुलिस सीमित, नहीं लगा सुराग

# बाइक सवार झपटमार ने फिर बागसेवनिया और हबीबगंज में दो लोगों से मोबाइल झपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बाइक सवार झपटमार फिर सक्रिय हो गए है। बाइक सवार तीन बदमाश लगातार मोबाइल झपटने की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। झपटमारों ने बागसेवनिया में नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी और हबीबगंज में एक क्रिकेटर के हाथ से मोबाइल झपट लिया। दोनों घटनाएं 17 और 18 अप्रैल की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सुनील यादव (29) नया बसेरा, कोटरा सुल्तानाबाद में रहते हैं और अपने पिता के साथ नगर निगम में अस्थाई कर्मचारी हैं। 19 अप्रैल की रात करीब डेढ़ बजे वह जोन कार्यालय से पैदल घर जाने के लिए निकले थे। साकेत नगर स्थित अनामय अस्पताल के पास पहुंचते ही एक बाइक पर आए तीन बदमाशों में से पीछे बैठे बदमाश ने सुनील के हाथ से मोबाइल झपट लिया। वह पहले घर गए फिर दूसरे दिन थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने शिकायती आवेदन की जांच के बाद प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### क्रिकेटर से मोबाइल झपटा



मोबाइल झपटने की दूसरी वारदात 18 अप्रैल को हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड कैंपियन स्कूल के पास हुई। पुलिस ने बताया कि फारुख खान शाहजहांनाबाद में रहते हैं। उनका भाई ओल्ड कैंपियन स्कूल मैदान में क्रिकेट खेलने आता है। बीती 18 अप्रैल को वह भाई को लेने के लिए आए थे। फारुख मैदान के बाहर खड़े होकर भाई के आने का इंतजार कर रहे थे, तभी उनके मोबाइल पर किसी का कॉल आया तो वह बातचीत करने लगे। इसी दौरान बाइक सवार तीन बदमाश फारुख के नजदीक पहुंचे और उनके हाथ से मोबाइल झपटकर भाग निकले। बुधवार रात पुलिस ने फारुक की शिकातय पर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों पर प्रकरण दर्ज किया।

### युवक की हत्या का प्रयास करने वाले दोषियों को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

**भोपाल।** मामूली विवाद को लेकर फरियादी युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर उसकी हत्या का प्रयास करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश जैनुल आब्दीन ने दो आरोपियों अयान सैयद और सोहेल खान को भादंसं की धारा-307 और आर्मस एक्ट की धारा-25(1 -बी) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 4 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन की ओर से प्रकरण में अपर लोक अभियोजक अजय सिंह चौहान द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार 11 नवंबर 2021 को थाना निशातपुरा अंतर्गत रात 10 बजे पुलिस चौकी के पास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद भोपाल में मित्र के जन्म दिन की पार्टी में आरोपियों और फरियादी में विवाद होने पर आरोपियों ने फरियादी पर चाकू से हमला किया था।

## बच्चे को मारा थप्पड़, शिकायत लेकर पहुंचे पिता पर तलवार से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमलानगर थाना क्षेत्र स्थित मांडवा बस्ती में बुधवार दिनदहाड़े दो दोस्तों ने एक युवक पर डंडे व तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों में से एक ने फरियादी के मासूम बेटे को थप्पड़ मार दिया था। बच्चे का पिता जब शिकायत लेकर आरोपियों के घर पहुंचा तो आरोपियों ने तलवार व डंडे से सिर पर हमला कर दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया है। दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार हैं।

पुलिस के अनुसार मांडवा बस्ती कमलानगर निवासी समीर सिंह परिहार (40) ड्राइवरी करते हैं। बुधवार दोपहर करीब दो बजे बस्ती में रहने वाले राहुल ने किसी बात पर समीर सिंह के मासूम बेटे को थप्पड़ मार दिया था। बच्चे ने घर जाकर अपने पिता को सारी बात बताई। पिता जब राहुल के घर पहुंचे तो वह भागकर अपने दोस्त सलमान के घर चला गया। समीर सिंह जब सलमान के घर पहुंचे तो राहुल व सलमान ने तलवार और डंडे से उन पर कातिलाना हमला कर दिया। समीर के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहुल व सलमान के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### खबर संक्षेप



### जनपद सदस्यों ने पटवा से भेंट कर जताया आभार

**औबेदुल्लागंज।** जनपद सदस्य सुरेखा चौहान, रामपाल चौहान, बाबूलाल, रामकिशोर चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा से सौजन्य भेंट कर आभार जताते हुए कहा कि तामोट की अस्पताल भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। वहीं अस्पताल पहुंच मार्ग भी अच्छा बनेगा। पटवा ने बताया कि तामोट की नल जल योजना का कार्य भी चल रहा है। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुरेखा चौहान ने कहा आप तामोट पधारे, हम सब चाहते हैं कि तामोट सुंदर-स्वच्छ हो।

### भोजपुर विस का अध्यक्ष बनने कवायद तेज

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस कमेटी की घोषणा के बाद विधानसभा क्षेत्र में अध्यक्ष बनाने की पहल पर भोजपुर क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं में हलचल मच गई है। भोजपुर विधानसभा का अध्यक्ष बनने के लिए पंकज नागरानी, युद्धवीर सिंह पटेल, बाड़ी सरपंच संघ अध्यक्ष राजू मेहरा, हरजीत सिंह मंगू, संजय सिंह चौहान आदि के नाम सामने आए हैं। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष पवित्र कौर ने कहा कि प्रयास करेंगे कि सर्वसम्मति से भोजपुर विस का अध्यक्ष बने।

### एसडीएम के जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

**औबेदुल्लागंज।** एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव का जन्मदिवस



औबेदुल्लागंज, गौहरगंज में उत्साहपूर्वक मनाया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा, एसडीओपी शीला सुराणा, तहसीलदार निलेश सरवटे, टीआई भारत प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, ऋषभ जैन सहित वकीलों, व्यापार संघ एवं पार्षदों गणों ने जन्मदिन की शुभकामना दी।

### मेंटेनेंस न होने से घंटों बद रहती है बिजली

**औबेदुल्लागंज।** महावीर कॉलोनी, सनोटी एवं विशन खेड़ा में हवा के कारण बिजली आती जाती रही। संजय सिंह चौहान, मनीष गोशिंदे, कांता पटेल, सीताराम मालवीय, पेंशन समिति अध्यक्ष नवल मालवीय, परसाई, जीतू नंदवंशी, सर्वेश गौर, मौनी नागर, हेमंत गोस्वामी ने बताया कि विशन खेड़ा फीडर में मेंटेनेंस नहीं होने के कारण थोड़ी सी भी हवा चलने पर बिजली बंद हो जाती है। अगर तेज़ हवा चली तो घंटों लाइट बंद रहती है। अभी तेज़ हवा और आंधी चलने का मौसम है, इसलिए बिजली विभाग शीघ्र प्रभावी मेंटेनेंस करें और महावीर कॉलोनी में खुले ट्रांसफर को बंद करं, जिससे कोई हादसा न हो सके।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 299 | 08 | 459 |
| रातः | 289 | 99 | 360 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 690 | 57 | 133 |
| रातः | 390 | 29 | 199 |

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित वाइट हाउस के पास हुआ हादसा

# सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

◆ टक्कर लगने से सिर और शरीर में आई थी गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित वाइट हाउस के पास बुधवार रात अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार दौलत राजपूत पिता पदम राजपूत (62) नजीराबाद इलाके के रहने वाले थे और ऑटो चलाते थे। इन दिनों उनका बेटा ऑटो चलाता है। दौलत राजपूत ने ईंटखेड़ी गुलफाम गार्डन के सामने गुलशन कॉलोनी में मकान बना लिया है। उक्त मकान किराए से चलता है और उसमें दौलत का परिवार भी रहता है। बुधवार रात दौलत राजपूत नजीराबाद से ईंटखेड़ी से लौटे थे। वाइट हाउस के पास वे सड़क पार कर रहे थे, तभी रात करीब 9 बजे के आसपास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उन्हें सिर और शरीर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल ले गया, वहां गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी दुर्जन सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला कि उन्हें किसी बाइक चालक ने टक्कर मारी है। पुलिस बाइक चालक की तलाश कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत



इसी थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर में बुधवार शाम एक महिला घर में बेहोश हो गई। उसकी ननद उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। महिला की मौत के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

#### मर्ग डायरी एसडीओपी को सौंपी

थाना प्रभारी दुर्जन सिंह ने बताया कि शारदा अहिरवार पति दिनेश अहिरवार (25) मूलतः गांव धमोदा, जिला विदिशा की रहने वाली थी। करीब सात साल पूर्व उसकी शादी दिनेश से हुई थी। दिनेश प्राइवेट काम करता है और बुधवार को काम पर गया था। शाम करीब साढ़े 7 बजे शारदा की ननद कांति बाई उसे बेहोश होने के कारण अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद शारदा को मृत घोषित कर दिया। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसडीओपी को सौंपी गई है।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित श्याम नगर में बुधवार रात एक महिला ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अंजू यादव पति आनंद यादव (26) श्याम नगर में रहती थी और गृहिणी थी। उसका पति कपड़े की दुकान में काम करता हैं। अंजू और आनंद का आठ साल का बेटा ओर बेटी है। दोनों बच्चे छुट्टियां मनाने के लिए नाना-नानी के घर ललितपुर गए हैं। बुधवार को पति दुकान पर काम करने गया था। घर पर अंजू अकेली थी। रात करीब 8 बजे पति काम से घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। किसी तरह दरवाजा खोला तो देखा अंजू ने पंखे पर फांसी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अज्ञात कार की टक्कर से घायल युवक की अस्पताल में मौत

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित जय प्रकाश अस्पताल के पास गत 19 अप्रैल की रात सड़क पार करते समय युवक को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। उसे जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया, वहां हालत गंभीर देखते हुए हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया में इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से कार की पहचान कर रही है। पुलिस के अनुसार कमल कुशवाह (45) भीमनगर झुग्गीबस्ती अरेरा हिल्स में रहता था और जयप्रकाश अस्पताल के पास नींबूपानी का ठेला लगाता था। 19 अप्रैल की रात करीब 8 बजे वह ठेला बंद कर घर जा रहा था। जयप्रकाश अस्पताल के बाहर मुख्य सड़क पर वह सड़क पार करने लगा, तभी न्यू मार्केट की तरफ जा रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उसे चपेट में ले लिया। इस हादसे में कमल को गंभीर चोट आई थी। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया, वहां से उसे हमीदिया के लिए रैफर कर दिया गया था। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार सुबह कमल की मौत हो गई।



### पटवा ने मुख्यमंत्री से भेंट कर भोजपुर विस को मिली सौगात के लिए जताया आभार

**औबेदुल्लागंज।** मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी एवं युवा नेता जीतू नंदवंशी ने बताया कि गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर मध्यप्रदेश के विकास को नई गति व सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने वाले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विधायक सुरेंद्र पटवा ने भेंटकर भोजपुर विस को दी गई ऐतिहासिक सौगात मिसरोद से औबेदुल्लागंज तक सिक्स लेन रोड़ जिसकी लागत लगभग 280 करोड़ की स्वीकृत प्रदान करने पर भोजपुर परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को विगत दिनों नाना बनने की भी बधाई दी।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर को पालतू कुत्ते ने काटा, मालिक पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित गुलमोहर कॉलोनी में मंगलवार शाम घर से पैदल डेयरी जा रहे सॉफ्टवेयर इंजीनियर को मोहल्ले में रहने वाले व्यापारी के कुत्ते ने हाथ में काट लिया। वे अस्पताल पहुंचे और इलाज कराने के बाद बुधवार शाम थाने पहुंचकर शिकायत की। इंजीनियर की शिकायत पर पुलिस ने कुत्ते के मालिक पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुलमोहर कॉलोनी निवासी हेमंत जैन (41) सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। मंगलवार शाम वह घर से डेयरी जा रहे थे। तभी एक काले रंग के कुत्ते ने उनको काट लिया। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि यह कुत्ता किसी समीर रायजादा का है। समीर रायजादा व्यापारी हैं और उन्होंने यहां मकान किराए पर ले रखा है। वह घर पर कम रहते हैं और उनके सर्वेंट यहां रहते हैं।

## नगर निगम के विरुद्ध दायर याचिका खारिज

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** ग्लोबल मेगा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से नगर निगम और मप्र शासन के संचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के विरुद्ध प्रस्तुत किए गए सिविल वाद को व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बृजेश कुमार चन्सोरिया ने सुनवाई के बाद सारहीन पाते हुए खारिज कर दिया। ग्लोबल मेगा वेंचर्स प्रायवेट लिमिटेड की ग्राम कटारा तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि के पास के 24 मीटर रोड को अवरुद्ध करते हुए बाउंड्रीवाल बनाई गई थी। नगर निगम द्वारा बिलडर्स को नोटिस जारी कर उपरोक्त बाउंड्रीवाल हटाने के लिए कहा गया था।

ग्लोबल मेगा वेंचर्स प्रायवेट लिमिटेड की ओर से अदालत में निवेदन किया कि नगर निगम का नोटिस अवैध है। नगर निगम को रोका जाए और उनकी बाउंड्रीवाल को न तोड़ें। नगर निगम की ओर से विधि सलाहाकार संजय गुप्ता द्वारा न्यायालय से निवेदन किया गया कि संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल सीहोर द्वारा 14 जून 2019 को नगर निगम को पत्र लिखा गया था कि ग्राम कटारा में अन्य खसरे की भूमि को जोड़ने वाला मास्टर प्लान रोड जो ग्लोबल पार्क सिटी से होकर गुजरता है, जिसका बिल्डर द्वारा बाउंड्रीवाल बनाकर बंद किया गया है, जिससे कटारा मैन रोड से उक्त भूमियों का संपर्क टूट गया है। इस कारण नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

24 घंटे तक मामले को छिपाए रही पुलिस

## मंडीदीप में 6 साल की मासूम से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में 6 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सतलापुर पुलिस 24 घंटे से इस घटना को छिपाए रही। 36 वर्षीय आरोपी को यूपी के ललितपुर से गिरफ्तार करने के बाद एसडीओपी ने बुधवार को घटना का खुलासा किया। आरोपी बच्ची का पड़ोसी है। एसडीओपी शीला सुरणा के अनुसार, घटना सोमवार शाम की है। पीड़िता की मां ने देर रात केशव दास लोधी उर्फ केशवलाल के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया।




एसडीओपी के मुताबिक, आरोपी के पास 6 अलग-अलग सिम कार्ड थे। वह दो दिन से लगातार सिम बदलकर पुलिस को गुमराह कर रहा था। आरोपी मूल रूप से टीकमगढ़ जिले के अजनूर गांव का रहने वाला है और अभी सतलापुर के वार्ड नंबर 13 में रहकर मजदूरी करता था। बताया जा रहा कि घटना के समय बच्ची आरोपी की बच्ची के साथ खेल रही थी। आरोपी ने पीड़ित बच्ची को बुलाया और उसके साथ दरिंदगी की। घटना के बाद फरार हुए आरोपी को उसकी पत्नी और मामा से पूछताछ के बाद पकड़ा गया।



### शिविर में 254 लोगों ने किया रक्तदान

**संतनगर।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से संत निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन के तहत जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा के मार्गदर्शन में डी मार्ट, जहांगीराबाद भोपाल स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन, में शासकीय हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 254 रक्तदाताओं ने रक्तदान करके पीड़ित मानवता की सेवा की। आज सुबह से ही रक्तदाताओं की लम्बी-लम्बी कतारें लगी हुई थी।

आधुनिक तकनीक से निर्मित कृत्रिम अंग होंगे सहायक

## नगर पालिका अध्यक्ष ने शिविर में 11 दिव्यांगजनों को बांटे कृत्रिम अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड द्वारा दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग वितरण किया गया। गुरूवार को अनंत स्पिनिंग मिल्स में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल सहित वर्धमान ग्रुप के डायरेक्टर टीसी गुप्ता रहे।

कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दिव्यांगजनों पर पुष्प वर्षा की गई और उन्हें मोट्रेट ट्राइसिकल, व्हील चेयर, हेयरिंग हेड, बैसाखी, कैलीपर्स, ट्राइसकिल सहित अन्य सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग प्रदान किए गए।




कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि आज यहां दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो कि दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाएंगे, उनके दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम करेंगे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को ईश्वर द्वारा विशेष क्षमताएं प्रदान की गई हैं। उनकी क्षमताओं को पहचानने की आवश्यकता है। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट आरके सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत रायसेन जिले के 7 एवं सीहोर जिले के 4, कुल 11 दिव्यांगजनों को आधुनिक तकनीक से निर्मित कृत्रिम अंग वितरित किए गए।

कांट्रेक्टर की शिकायत पर प्रकरण दर्ज, दो अधूरे डुप्लेक्स देने का भी किया अनुबंध

# रेरा से प्रतिबंधित प्लॉट को 25 लाख में बेचा आकृति ग्रुप के एमडी पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा पुलिस ने आकृति ग्रुप के एमडी पर धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने एक कांट्रेक्टर से 25 लाख रुपए में प्रोजेक्ट के एक फ्लैट का सौदा किया था। कांट्रेक्टर को बाद में पता चला कि रेरा (रियल स्टेट रैग्यूलेट्री ऑथारिटी) ने पहले ही प्रोजेक्ट के किसी भी फ्लैट और डुप्लेक्स के विक्रय अनुबंध, पजेशन और रजिस्ट्री पर रोक लगा दी है।

पुलिस के अनुसार शाहपुरा निवासी राहुल सिंह गौतम (40) कांट्रेक्टर हैं। मई 2023 में उन्होंने आकृति ईको सिटी प्रोजेक्ट में एक फ्लैट 25 लाख रुपए में बुक किया था। अग्रिम राशि के



रूप में राहुल ने 24 लाख रुपए दे दिए। 36 महीनों में उन्हें फ्लैट का पजेशन मिलना तय हुआ। निर्धारित समय पर फ्लैट तैयार नहीं होने और पजेशन नहीं मिलने पर राहुल सिंह ने रेरा (रियल स्टेट रैग्यूलेट्री ऑथारिटी) में मामला दर्ज कराया।

रेरा ने आदेश दिया कि विलंब की अवधि का 18.45 सालाना ब्याज की दर से रशि का भुगतान राहुल सिंह को किया जाए। रेरा के आदेश के बाद आकृति ग्रुप के मैनेजिंग ड्रायरेक्टर हेमंत सोनी ने अनुबंध कर उक्त फ्लैट के बदले राहुल सिंह को आकृति ईको सिटी प्रोजेक्ट के दो अधूरे डुप्लेक्स देने के लिए राजी हो गए। इसके बाद राहुल सिंह दोनों डुप्लेक्स की रजिस्ट्री कराने का प्रयास करने लगे, लेकिन हेमंत सोनी रजिस्ट्री कराने में आनाकानी करने लगे। अपने स्तर पर जांच करने पर राहुल सिंह को पता चला कि 17 मई 2022 से ही रेरा ने आकृति ईको सिटी प्रोजेक्ट पर किसी भी प्रकार का अनुबंध, पजेशन, रजिस्ट्री आदि पर प्रतिबंध लगा रखा है। इस प्रकार आरोपी हेमंत सोनी ने यह जानते हुए कि प्रोजेक्ट के तहत किसी भी फ्लैट अथवा डुप्लेक्स का अनुबंध अथवा रजिस्ट्री नहीं कराई जा सकती, फरियादी से लाखों रुपए लेकर धोखाधड़ी की। फरियादी राहुल सिंह गौतम ने शिकायती आवेदन शाहपुरा पुलिस को दिया था। जांच के बाद पुलिस ने आकृति ग्रुप के एमडी हेमंत सोनी पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### विवादित जमीन के सीमांकन के खिलाफ कलेक्टर से लगाई पीड़ितों ने गुहार

**भोपाल।** प्रभात चौराहा स्थित हरिराम का बाग की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। हरिराम का बाग करीब 7 एकड़ भूमि पर है। भूमि के मालिकाना हक को लेकर जिला न्यायालय में चार प्रकरण विचाराधीन हैं। दूसरी तरफ नायब तहसीलदार राजेश गौतम भूमि का सीमांकन कराने को आमादा हैं। फरियादी पक्ष का कहना है कि नायब तहसीलदार और आरआई ने सीमांकन करने की पूरी तैयारी कर ली थी, जिसकी जानकारी मिलने पर जमीन के पुश्तैनी मालिक कन्हैया सिंह शाक्य, राजेश शाक्य, ओमप्रकाश शाक्य गोविंदबुरा तहसील पहुंचे और आपत्ति दर्ज कराई। सीमांकन के खिलाफ अब तक आधा दर्जन से ज्यादा आपत्ति लगाई जा चुकी है। गुरुवार को फरियादी पक्ष ने एसडीएम गोविंदपुरा रवीश श्रीवास्तव और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से सीमांकन की कार्रवाई रुकवाने की गुहार लगाई।

## औबेदुल्लागंज के तीन खिलाड़ियों का रग्बी प्रतियोगिता के लिए चयन


### गुवाहाटी में 27-28 अप्रैल को आयोजित होगी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओबेदुल्लागंज

गुवाहाटी में 27-28 अप्रैल तक होने वाली सीनियर नेशनल रग्बी मेन्स सेवन साइड प्रतियोगिता के लिए माध्य प्रदेश टीम में रायसेन जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ। औबेदुल्लागंज के विविक पांडे, हेमंत कुमार तथा विशाल टीम में चयन हुआ है।







तीनों खिलाड़ियों का चयन भोपाल के एलएनसीटी कॉलेज रायसेन कैंपस, भोपाल में एलएन सिटी स्पोस्ट डायरेक्टर पंकज जैन, प्रदेश सचिव अबरार मध्य प्रदेश रग्बी टीम के कोच संदीप जादव के देखरेख में आयोजित 5 दिवसी प्री नेशनल कैंप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ। रायसन जिले सचिव महेश ने बताया कि ये उपलधि जिले के लिए गर्व की बात है जिसे अन्य खिलाड़ी भी प्रेरित होंगे।

# एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में होगा टेक निवेशकों के लिए निवेश का सुनहरा अवसर

## ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में 27 अप्रैल को होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर होगा। राज्य का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इस कॉन्क्लेव का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है।

यह आयोजन जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे ने बताया है कि कॉन्क्लेव राज्य सरकार का दृष्टिकोण समझाने के साथ ही इसके ठोस क्रियान्वयन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री के निर्देशन में 2 माह में ही कई परियोजनाओं का भूमिपूजन और आईटी इकाइयों के लिए आवंटन पत्र जारी कर दिए हैं।

**देश-दुनिया के टेक-दिग्गज जुटेंगे**



### कॉन्क्लेव में यह कंपनियां होंगी शामिल

कॉन्क्लेव में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, सीमेन्स-ईडीए, एएनएसआर, थोलोन्स, योट्टा, सीटीआरएलएस डाटा सेंटर्स, रैकबैंक, नेटलिंक, इफोबीन्स, डेटा इंजीनियस ग्लोबल, केन्स टेक्नोलॉजी, एचएलबीएस टेक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), पंचशील रियल्टी, एंबर एंटरप्राइजेस, केदारा कैपिटल, बॉस्टन इंडिया, प्राइमस पार्टनर्स, वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इंडिया और कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम) समेत अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टेक कंपनियों की भागीदारी होगी। साथ ही मध्यप्रदेश की अग्रणी आईटी एवं स्टार्ट-अप कंपनियां जैसे इंपेटस टेक्नोलॉजीज, अपोइंटी और यश टेक्नोलॉजीज भी इस आयोजन में सम्मिलित होंगी।

### यह संस्थाएं भी कॉन्क्लेव में लेंगी हिस्सा

इस कॉन्क्लेव में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्टेन्डेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) उद्योग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस आयोजन में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) एवीजी समिति, क्रेजी एनिमेसन्स स्टूडियो, पर्पल टर्टल,एबीएआई, कायरा एनिमेशन्स और सेंटर फॉर एंटरटेनमेंटआर्ट्स जैसी संस्थाएं भी इस कॉन्क्लेव में हिस्सा लेंगी।

### स्किल डेवेलपमेंट सेंटर स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर का होगा शिलान्यास

इंदौर के भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन जैसे शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता से अकादमिक-उद्योग सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में 'नीतिगत घोषणाएं, एमपीएसईडीसी' कॉफी टेबल बुक का विमोचन और ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर्स, सेमीकंडक्टर्स, कॉमिक्स और एक्टेन्डेड रियलिटी और ड्रोन्स से संबंधित नीति-निर्देश जारी किए जाएंगे। कॉन्क्लेव में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, इनक्यूबेशन हब, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर नोड्स, नए आईटी पार्क, स्किल डेवेलपमेंट सेंटर, और स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर का शिलान्यास किया जाएगा।

### राउंड टेबल मीटिंग में रणनीतिक साझेदारी पर होगा संवाद

*सुबह सेक्टोरल राउंड-टेबल्स में जीसीसी, आईटी, आईटीईस, सेमीकंडक्टर्स, ड्रोन्स और एवीजीस-एक्सआर पर चर्चा होगी। इसमें उद्योग जगत और सरकारी अधिकारी रणनीतिक साझेदारी पर संवाद करेंगे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री और प्रमुख उद्योगपतियों के बीच वन-ऑन-वन मीटिंग्स होंगी, ताकि निवेश प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति और परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।*

### एकीकृत प्रोत्साहन पोर्टल का होगा शुभारंभ

*राज्य सरकार के एकीकृत प्रोत्साहन पोर्टल का शुभारंभ भी किया जाएगा, जो सभी निवेश परियोजनाओं के लिए रियलटाइम अपडेट और सिंगल विंडो सुविधा प्रदान करेगा। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025, डिजिटल भारत की दिशा में मप्र की अग्रणी भूमिका को सुनिश्चत कर प्रदेश को वैश्विक नवाचार मानचित्र पर प्रदान करेगा।*

## 3 मई को मंदसौर में होगा एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव : मुख्यमंत्री

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि 3 मई को एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव मंदसौर में आयोजित की जा रही है। मालवांचल सहित प्रदेश में कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। उन्नत फसलों और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य सरकार किसानों को सोलर पंप प्रदान कर बिजली के बिल से बोझ से उन्हें मुक्त करने के लिए भी कार्य कर रही है। किसान खेती की नई तकनीक की जानकारी प्राप्त करें और नवाचारों से प्रेरणा लें, इस उद्देश्य से कृषि पर केन्द्रित कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश का किसान सम्पन्न होगा तो प्रदेश और देश भी समृद्ध होगा। राज्य सरकार युवा, महिला और किसान के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

## खबर संक्षेप



### भागीदारी फर्मों के लिए नए प्रावधान बताए

**भोपाल।** किसी भी भागीदारी फर्म में कम से कम दो एवं अधिक से अधिक 20 भागीदार हो सकते हैं। कोई अवयस्क भी भागीदार बन सकता है, परंतु वह केवल लाभ में भागीदार हो सकता है हानि में नहीं। यह जानकारी टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल के स्टडी सर्किल कार्यक्रम में इंदौर से आए सीए संस्था की केंद्रीय समिति के सदस्य सीए पंकज शाह ने कही। कार्यक्रम के अंत में पहलगाम में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष बच्चन आचार्य आदि मौजूद रहे।

### एमपी पुलिस की हॉक फोर्स में बढ़ेगा अमला

**भोपाल।** नक्सलियों से निपटने के लिए बनी एमपी पुलिस की हॉकफोर्स के अमले में अब इजाफा होगा। इसके लिए 325 नए पदों को मंजूरी दे गई है। इसकी एक स्पेशल कमांडो यूनिट है। इसमें अभी 1200 जवान है, जो नए पदों के भरने के बाद 1500 से अधिक हो जाएंगे। दरअसल हॉकफोर्स में प्रतिनियुक्ति पर लेकर पद भरने की प्रक्रिया है। जिला पुलिस बल, जीआरपी और एसएएफ से 5 साल की प्रतिनियुक्ति पर जवानों को लिए जाएगा। हॉकफोर्स के जवानों के लिए स्पेशल भत्ता भी निर्धारित है। पुलिस मुख्यालय की नक्सल विरोधी अभियान शाखा ने नए पदों को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। करीब 2 माह के अंदर उक्त पदों को भर लिया जाएगा।

### मुख्य आयुक्त मोहंती का किया स्वागत



**भोपाल।** टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य के नेतृत्व में पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल नवागत सीजीएसटी के मुख्य आयुक्त मानस रंजन मोहंती से मिला और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव मनोज पारख, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य नवनीत गर्ग, संदीप मुखर्जी, केके पांडे, भूपेश खुरपिया उपस्थित थे।

### पदोन्नति आदेश जारी करने आंदोलन 1 मई से

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच द्वारा कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया जारी करने के आदेश प्रसारित करने की मांग को लेकर एक मई मजदूर दिवस से मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू करेगा। मंच की प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया नौ साल बाद फिर शुरू करने की मुख्यमंत्री ने घोषणा की है, लेकिन मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद दो मंत्री परिषद की बैठक आयोजित की गई है, लेकिन पदोन्नति प्रक्रिया करने के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी गई है।

## दो माह के अंतराल से राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का होगा आयोजन

# सीएम ने कहा, हर परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराएं

*एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) उद्योगों के माध्यम से प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार अथवा स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। प्रत्येक जिले की परिस्थिति और उपलब्ध दक्षता के अनुसार गतिविधियों का विस्तार किया जाए। तेल घानी, मसाला-आटा चक्की, कोदो-कुटकी व अन्य मिलेट की प्र-संस्करण इकाई जैसे सूक्ष्म उद्योगों से युवाओं को जोड़ते हुए सम्पूर्ण प्रदेश में समान रूप से उद्यमिता का विस्तार किया जाए।

इसमें खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में विभागी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के लिए उचित वित्त-व्यवस्था और अधोसंरचना, स्वरोजगार योजनाओं और स्टार्ट-अप ईको सिस्टम को सशक्त करते हुए बेहतर विपणन, निर्यात व ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समय-सीमा निर्धारित कर गतिविधियां संचालित की जाए।

**खास बातें**

- प्रदेश के सभी अंचलों में समान रूप से उद्यमिता का हो विस्तार
- परंपरागत उत्पादन गतिविधियों का विशेषज्ञों के सहयोग से उन्नयन किया जाए
- ग्वालियर व्यापार मेला-में 3 हजार 327 करोड़ रुपए का हुआ व्यापार



### 27 जून को इंदौर में एमएसएमई पर केंद्रित भव्य कार्यक्रम आयोजित

*निवेशकों को शासन की नीतियों से अवगत करवाने के लिए जिलेवार कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में विभाग की उपलब्धि लक्ष्य से अधिक रही है। एमएसएमई डे के अवसर पर 27 जून को इंदौर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम पर केन्द्रित भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार सितम्बर माह में भोपाल में स्टार्ट-अप पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित करने की भी योजना है।*

### 55 हजार करोड़ के निवेश से 17 लाख 55 हजार एमएसएमई इकाइयां संचालित

बैठक में जानकारी दी गई कि 55 हजार करोड़ रुपए के निवेश से प्रदेश में 17 लाख 55 हजार पंजीकृत एमएसएमई इकाईयां संचालित हैं। इससे 92 लाख से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में 5 हजार 300 स्टार्ट-अप संचालित हैं, जिसमें से 2500 से अधिक महिलाओं की ओर से संचालित किए जा रहे हैं। अनुपूरक बजट के माध्यम से प्राप्त 1475 करोड़ रुपए की राशि से एमएसएमई इकाईयों के मार्च 2025 तक के लंबित अनुदानों का निराकरण किया जा चुका है। ग्वालियर व्यापार मेला-2025 में 3 हजार 327 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। निवेशकों को लैण्ड बैंक से अवगत कराने के लिए विभागीय वेबसाइट के माध्यम से जानकारी दी जा रही है, लगभग 1100 से अधिक प्लॉट एक मई से आवंटन के लिए उपलब्ध होंगे।

### कृषि उपज मंडियों में दूध, सब्जी आदि को सुरक्षित रखने की होगी सुविधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि उपज मंडियों को भी आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसमें दूध, सब्जी आदि को सुरक्षित रखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, इसकी शुरूआत रतलाम से होगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित मप्र की संकल्पना को साकार करने में एमएसएमई उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से सूक्ष्म स्तर पर उद्यमिता को प्रोत्साहित करना जरूरी है। इस क्षेत्र में मप्र वर्तमान में देश में 7 वें स्थान पर है, अगले वर्ष तक हमें प्रदेश को देश के श्रेष्ठतम राज्यों में स्थान दिलाना है।

### अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दो माह के अंतराल में राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए। पॉवरलूम सहित अन्य परम्परागत उत्पादन गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करना आवश्यक है। इसी लिये विशेषज्ञों का सहयोग लेकर कौशल उन्नयन तथा तकनीकी दक्षता में सुधार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कैम्प आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। अपनी पहल और नवाचार से सफलतापूर्वक गतिविधियां संचालित करने वाले उद्यमियों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाए। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।*

## नई सोच के साथ जन सहभागिता के लिए हो प्रयास



लोगों में पर्यावरण संतुलन के प्रति उत्तरदायित्व की भावना समय की जरूरत

# पर्यावरण संतुलन की चिंता के प्रति हर नागरिक संवेदनशील हो: पटेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जन सहभागिता के लिए नवाचार और नई सोच के साथ प्रयास किए जाने चाहिए। पर्यावरण संतुलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समय से काफी चिंतन हो रहा है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग अभी भी चुनौती बनी हुई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हर व्यक्ति को पर्यावरण संतुलन के प्रति उत्तरदायी बनाने के समन्वित प्रयास किए जाए। पर्यावरण संतुलन की चिंता के प्रति समाज संवेदनशील हो।

राज्यपाल पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को की 13 वीं साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता भी मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि सामाजिक वातावरण हर व्यक्ति, समुदाय को पर्यावरण संतुलन के लिए सजग और सक्रिय बनाने वाला हो।

### जन चेतना के जुड़ जाने की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण इंदौर

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि सरकार के कार्यक्रमों में जन चेतना के जुड़ जाने की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण इंदौर शहर है। लगातार 7 बार से देश का सबसे स्वच्छतम नगर की उपलब्धि नगर निगम के एकल प्रयासों का परिणाम नहीं है। यह नगर निगम और इंदौर के नागरिकों के सहभागी प्रयासों का प्रतिफल है। नागरिकों का स्वच्छता आग्रह और स्वच्छता के प्रति जन चेतना की सक्रियता का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने गुजरात के कच्छ इलाके के ग्रामीण विद्यालय के शिक्षक दम्पती की छोटी सी पहल से होने वाले बड़े बदलाव का उल्लेख किया।*

### समाज में बच्चों की वित्तीय सुरक्षा के लिए बैंकों में धन राशि जमा करते हैं

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि समाज में बच्चों की वित्तीय सुरक्षा के लिए बैंकों में धन राशि जमा करते हैं। यह नहीं समझते कि यदि पर्यावरण नहीं रहेगा तो जीवन ही नहीं रहेगा। इसलिए ज्यादा जरूरी पर्यावरण संतुलन की चिंता है।*

## दिल्ली से आए प्रतिनिधि शर्मा ने रातीबड़ केंद्र का किया दौरा

# स्वास्थ्य संस्थाओं में परख रहे मानव अधिकारों की सेवाएं, लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली के विशेष प्रतिनिधि उमेश कुमार शर्मा ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएससी) रातीबड़ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्था में नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग दिल्ली द्वारा मानव अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर जांच, निगरानी, सलाह और रिपोर्ट देने के संबंध में स्वास्थ्य संस्थाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। मूल्यांकन में जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल डिस्पेंसरी, संजीवनी क्लिनिक का दौरा कर सेवाओं का फीडबैक लिया जा रहा है।

**सेवाओं का मूल्यांकन**



*शर्मा ने मूल्यांकन के दौरान मरीजों के अधिकार, भोजन, पेयजल, कूलर, पंखे, बिस्तर, साफ सफाई, हितग्राहियों के लिए जागरूकता सत्रों का आयोजन, अनुसार निर्धारित समय पर सेवाएं, महिलाओं और बुजुर्गों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा मरीजों को सेवाओं का मूल्यांकन करवाया जा रहा है।*

# राजपत्रित अधिकारियों के सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन 27 अप्रैल को नार्मदीय भवन तुलसी नगर आयोजित किया जाएगा। संघ के प्रांताध्यक्ष डीके यादव ने बताया कि प्रांतीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए गुरुवार को संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर सम्मेलन में आने का निमंत्रण पत्र दिया। संघ के प्रतिनिधियों से कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराकर निराकरण की गुहार लगाई।

मुख्यमंत्री ने संघ के प्रतिनिधियों को आश्वत किया कि वह सम्मेलन में शामिल होने का हर संभव प्रयास करेंगे। डीके यादव ने बताया कि सम्मेलन में राजपत्रित अधिकारी संघ की मांगों पर विचार-विमर्श कर उनके निकाकरण की रणनीति बनाई जाएगी। मांगों में प्रमुख रूप से राजस्व विभाग अनुसार समस्त राजपत्रित अधिकारियों को वेतनमान एवं पदनाम, सामाजिक सुरक्षा-दायित्व को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना आदि के साथ विकासखंड के सभी कार्यालय प्रमुखों को राजपत्रित अधिकारी घोषित किया जाए। सम्मेलन में मंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी आदि शामिल होंगे।



## जबलपुर संभागीय कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को किया संबोधित

# बाबा साहेब के बनाए गए संविधान का कांग्रेस ने गला घोंटा : डॉ. महेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में जबलपुर संभागीय कार्यालय में पार्टी द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपने को पूरा किया है।

कांग्रेस ने बाबा साहेब ने श्रेष्ठ भारत निर्माण की संकल्पना के साथ बनाए गए संविधान का गला घोंटा है। बाबा साहेब के सामाजिक समरसता के कार्यों को रोकने और उन्हें राजनीति में आगे नहीं आने देने के लिए चुनाव हराने का कार्य कांग्रेस ने किया। कांग्रेस ने बाबा साहेब द्वारा अनुसूचित जाति और अनसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण व आर्थिक उत्थान के लिए दिए गए आरक्षण को रोकने का भी प्रयास किया था। कांग्रेस और जवाहरलाल नेहरू ने बाबा साहेब को हमेशा अपमानित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने बाबा साहेब को हमेशा सम्मान दिया। प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब की जन्म स्थली सहित पांच स्थानों को पंचतीर्थ बनाने का कार्य किया।




### बाबा साहेब कभी नहीं चाहते थे जम्मू-कश्मीर में धारा 370

*डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर कभी नहीं चाहते थे कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लागू हो पर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने संविधान में संशोधन करते हुए 370 और अनुच्छेद 35ए लागू कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एनडीए की सरकार बनने के बाद धारा 370 हटाई गई।*

## गर्मी के दौरान गांवों में पेयजल संकट को लेकर किया प्रदर्शन

# छह घंटे में खत्म हुई भाजपा के जिपं उपाध्यक्ष-सदस्यों की भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी के गांवों में गर्मी के दौरान पेयजल संकट को लेकर पिछले पंद्रह दिनों से जानकारी मांगने और पानी की किल्लत के विरोध में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मोहन जाट सहित चार सदस्यों ने गुरुवार को जिला पंचायत परिसर में ही भूख हड़ताल शुरु कर दी। भाजपा समर्थित सदस्यों के भूख हड़ताल पर जाने से पहले जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने समझाने की कोशिश की, लेकिन उपाध्यक्ष और सदस्य नहीं मानें।

जिसके बाद उन्होंने गुरुवार को जिला पंचायत के मुख्य गेट के अंदर ही टेंट लगाकर भूख हड़ताल शुरु कर दी।



**कलेक्टर ने खत्म कराई हड़ताल**

शाम को पांच बजे कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मौके पर पहुंचकर सदस्यों की हड़ताल खत्म कराई। उपाध्यक्ष ने बताया कि पंद्रह दिन पहले जिला पंचायत में साधारण सभा की बैठक में ही जिले की पेयजल योजनाओं के बारे में जानकारी मांगी गई थी, लेकिन अफसरों ने जानकारी मुहैया नहीं कराई। जिले के तीन सौ से अधिक गांवों में पानी की किल्लत है।

### अफसर और ठेकेदारों ने हड़पी योजना की राशि

उपाध्यक्ष ने बताया कि पीएचई के अधिकारी और ठेकेदारों ने मिलकर योजना का करोड़ों रुपए हड़प लिया है। हकीकत में पंचायतों में 75 प्रतिशत योजनाएं ठप पड़ी हुई हैं। हमारी मांग पर कलेक्टर ने जांच कमेटी बनाई थी, जब सर्वे किया गया तो हकीकत पता चला कि पीएचई विभाग सरकार को भ्रमित कर कागजों में योजनाओं का काम पूरा होना बता रहा है। उन्होंने मांग की है कि हम भाजपा समर्थित सदस्य हैं हमारी सरकार की मंशा पर पानी नहीं फिरने देंगे और ऐसे लापरवाह अधिकारी, ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### मैं भाजपा का समर्थित कार्यकर्ता

मैं भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता हूं और जनता ने मुझे चुना है दोनों के लिए निस्वार्थ भाव से काम करता हूं। पिछले एक साल से चीख-चीख कर गांव के जलसंकट दूर करने की गुहार अधिकारियों से लगा रहा हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अब जब संकट बढ़ गया है तो सरकार से उचित कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

**मोहन सिंह जाट**
उपाध्यक्ष जिला पंचायत

## एमएसपी पर फसल उपार्जन भी नहीं करेंगे : सीएम

# नरवाई जलाई तो नहीं मिलेगा सीएम किसान कल्याण योजना का लाभ

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है। फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने के मामलों में वृद्धि होने से वायु प्रदूषण सहित कई प्रकार से पर्यावरण को बेहद नुकसान हो रहा है। खेत में आग लगाने से जमीन में उपलब्ध पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और भूमि की उर्वरक क्षमता में भी गिरावट आती है। इसके निदान के लिये राज्य सरकार पहले ही नरवाई जलाने को प्रतिबंधित कर चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसके बाद भी यदि कोई किसान अपने खेत में नरवाई जलाता है तो उसे मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा नरवाई जलाने पर संबंधित किसान से अगले साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल उपार्जन भी नहीं किया जाएगा। सीएम समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में राजस्व विभाग की समीक्षा में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, मृदा संरक्षण की उत्पादकता बनाए रखने के मद्देनजर राज्य सरकार का यह निर्णय एक मई से लागू होगा।

# 'कीट डीम्ड विवि' एशिया में 184वें और भारत में 8वें स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

हर साल की तरह, टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग की घोषणा की गई है और भुवनेश्वर स्थित कीट डीम्ड विश्वविद्यालय भुवनेश्वर को एक बार फिर उल्लेखनीय स्थान हासिल हुआ है। 2025 के घोषित नतीजे में कीट ने एशिया में 184वीं रैंक हासिल किया है, जो पिछले साल के 196वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार है। यह विकास कीट की निरंतर प्रगति और वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में इसकी बढ़ती मान्यता की पुष्टि करती है।

इस लेटेस्ट रैंकिंग के साथ कीट को भारत में सरकारी और निजी दोनों संस्थानों में 8वां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता मिली है। इसने कई प्रतिष्ठित भारतीय संस्थानों के बीच यह स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय ने पूर्वी और उत्तरी भारत में टॉप रैंक वाले डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में अपना गौरव भी बरकरार रखा है। इसके अलावा, खेल विज्ञान विषय में कीट भारत में दूसरे स्थान पर है।

एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 प्रकाशित



**कीट को डीम्ड टू-बी-यूनिवर्सिटी का दर्जा 21 साल पहले ही मिला**

गौरतलब है कि कीट लगातार प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग में शामिल रहा है, जिसमें द वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स और क्यूएस रैंकिंग्स शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने आईईटी, एबीईटी एवं अन्य जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मान्यताएँ भी अर्जित की हैं, जिससे उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के वैश्विक केंद्र के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है। उल्लेखनीय है कि सिर्फ 27 साल पुराना होने के बावजूद, कीट ने लिस्ट में मौजूद कई सुप्रतिष्ठित संस्थानों से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिनमें से कई 50 साल से ज्यादा समय से मौजूद हैं। इसके अलावा, गौर करें कि कीट को डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी का दर्जा सिर्फ 21 साल पहले ही मिला था।

## दुनिया भर के छात्र, शिक्षाविद, नीति निर्माता और उद्योग जगत के नेता करते हैं भरोसा

*इस वर्ष की रैंकिंग में 35 देशों/क्षेत्रों के 853 विश्वविद्यालय शामिल हैं। यह उनके शोध, शिक्षण, ज्ञान आदान - प्रदान और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण का आकलन करता है। 18 प्रदर्शन संकेतकों (मानदंडों) पर आधारित रैंकिंग पर दुनिया भर के छात्र, शिक्षाविद, नीति निर्माता और उद्योग जगत के नेता भरोसा करते हैं। कीट -कीस और कीम्स, के संस्थापक प्रो.अच्युत सामंत ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समर्पित फैकल्टीज, कर्मचारियों, छात्रों, पूर्व छात्रों और शुभचिंतकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह मान्यता सामूहिक प्रयासों और मिशन-संचालित भावना को दर्शाती है, जो कीट को परिभाषित करती है। हम इस सफलता को हर उस व्यक्ति के साथ साझा करते हैं जो हमारे मूल्यों में विश्वास करता है।*

## खबर संक्षेप

### ऑप्टिमस ने 4 नए ड्रोन लांच किए

**नई दिल्ली।** ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी ऑप्टिमस अनमैन्ड



सिस्टम्स ने चार उन्नत ड्रोन लांच करने की घोषणा की। ऑप्टिकल फाइबर केबल आधारित निगरानी क्षमता के साथ ये ड्रोन- मारक वीटी100, वज्र क्यूसी55, कैनिस्टर लांच लॉइटरिंग म्यूनिशन और फर्स्ट पर्सन व्यू रक्षा के लिए समाधान प्रस्तुत कर मानवरहित एरियल टेक्नोलॉजी में नवीनतम हैं।

### रिफेक्स इंडस्ट्रीज के शुद्ध लाभ में वृद्धि

**चेन्नई।** रिफेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के चौथी तिमाही के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है जो इसके एक सतत और टिकाऊ भविष्य की ओर एक और महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025 के चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय 629.07 करोड़ रुपए रही। जो साल दर साल 81.97 फीदी की जबरदस्त बढ़त दर्ज की। एबिटडा 63.21 करोड़ रुपए रही और 45.30 फीसदी की सुदृढ़ वार्षिक वृद्धि हुई। कंपनी की शुद्ध लाभ 57.09 करोड़ रुपए यानी 59.68 फीसदी की शानदार बढ़त दर्ज हुई।

### एयू स्मॉल बैंक ने की वित्तीय परिणामों की घोषणा

**मुंबई।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आयोजित अपनी बैठक में, 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। एयू एसएफबी ने वित्तीय वर्ष 25 में एक चुनौतीपूर्ण मैक्रोइकोनॉमिक वातावरण की पृष्ठभूमि में मजबूत प्रदर्शन की घोषणा की। अपेक्षा से कम जीडीपी वृद्धि, चुनौतीपूर्ण ऋण वातावरण, कड़ी तरलता, लगातार मुद्रास्फीति और उच्च ब्याज दरें। बैंक ने 1.5 फीसदी के आरओए के साथ एक संतुलित प्रदर्शन दिया है।

### गोदरेज करेगा क्विक कॉमर्स बूम को सपोर्ट

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का स्टोरेज सॉल्यूशंस बिजनेस भारत के तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स सेक्टर की मांग को पूरा करने के साथ ही इस सेक्टर को सपोर्ट करने के लिए अपनी क्षमताओं को और भी मजबूत कर रहा है। साथ ही यह ई-कॉमर्स, रिटेल और थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स में भी अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है। जैसे-जैसे भारत का वेयरहाउसिंग क्षेत्र बदल रहा है, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप व्यवसायों को स्मार्ट, तकनीक-संचालित समाधानों के साथ सशक्त कर रहा है।

### गोपाल स्नैक्स ने किराना उत्पाद क्षेत्र में विस्तार किया

**राजकोट।** गोपाल स्नैक्स लिमिटेड ने रोजमर्रा की भारतीय रसोई का हिस्सा बनने के लक्ष्य के साथ किराना क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। यह ब्रांड हाल में 320 अद्वितीय प्रकारों में 85 से अधिक उत्पाद पेश करता है। इसकी विशाल उत्पाद श्रृंखला में पारंपरिक नमकीन, स्नैक पेलेट, पैकेज्ड मिठाइयां, मसाले, पश्चिमी प्रेरित स्वादिष्ट नमकीन व्यंजन तथा साथ ही व्यक्तिगत और घरेलू देखभाल उत्पाद शामिल हैं। यह तमाम उत्पाद आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए, संरक्षित करते हुए बनाए जाते हैं।

### एचपी ने पेश किए नेक्स्ट जेनरेशन एआई पीसी

**नई दिल्ली।** एचपी ने भारत में नेक्स्ट-जेन एआई पीसी की का अनावरण किया। नई एचपी इलाइटबुक, एचपी प्रोबुक और एचपी ओमनीबुक सीरीज को बड़ी कंपनियों, स्टार्टअप्स एवं रिटेल यूजर्स की कंप्यूटिंग क्षमता को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इंटेल कोर अल्ट्रा 200 वी सीरीज, एएमडी राइजेन एआई 300 सीरीज और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन एक्स, एक्स इलाइट, एक्स प्लस समेत नवीनतम प्रोसेसर्स से लैस इस पोर्टफोलियो में डेडिकेटेड न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट (एनपीयू) दी गई है।

## उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ और सीबीआरई ने जारी की एक संयुक्त रिपोर्ट

# रियल एस्टेट क्षेत्र को 2022-24 में 26.7 अरब डॉलर का इक्विटी निवेश मिला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र ने पिछले तीन कैलेंडर साल के दौरान 26.7 अरब डॉलर का इक्विटी निवेश आकर्षित किया है। सीआईआई-सीबीआरई की रिपोर्ट के अनुसार इसमें कुल निवेश का एक-चौथाई से अधिक सिर्फ मुंबई शहर को प्राप्त हुआ। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी सीबीआरई और उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने एक संयुक्त रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में रियल एस्टेट परिदृश्य और प्रचलित वित्तपोषण रणनीतियों का एक खाका पेश किया गया है, जिनमें इक्विटी और ऋण निवेश और एआईएफ से संबंधित रणनीतियां, तथा अन्य रणनीतिक जानकारियां शामिल हैं।

परामर्श कंपनी ने कहाकि साल 2022-24 के दौरान भारत में कुल रियल एस्टेट इक्विटी निवेश 26.7 अरब डॉलर रहा। मुंबई 6.9 अरब डॉलर के उच्चतम प्रवाह के साथ रियल एस्टेट इक्विटी निवेश में शीर्ष पर रहा। निवेश में उसकी हिस्सेदारी 26 प्रतिशत रही। इस अवधि के दौरान मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु ने कुल मिलाकर लगभग 16.5 अरब डॉलर आकर्षित किए, जो कुल मिलाकर 62 प्रतिशत हिस्सा है। रिपोर्ट 'ब्रिक्स एंड बिलियन्स - मैपिंग द फाइनेंसिंग लैंडस्केप ऑफ रियल एस्टेट में कहा गया, प्रवेश द्वार वाले शहरों का यह निरंतर प्रभुत्व निवेश-ग्रेड परियोजनाओं, मजबूत शहरी बुनियादी ढांचे,कुशल प्रतिभा पूल, परिसंपत्ति वर्गों में मजबूत मांग और लगातार संगठित हो रहे रियल एस्टेट पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा प्रेरित था। भूमि/विकास स्थलों ने इक्विटी निवेश का सबसे बड़ा हिस्सा आकर्षित किया, जो कैलेंडर वर्ष 2022-24 के बीच कुल प्रवाह का 44 प्रतिशत था। इसके बाद निर्मित कार्यालय परिसंपत्तियों का स्थान था, जिनकी हिस्सेदारी 32 प्रतिशत थी। कैलेंडर वर्ष 2022 और 2024 के बीच, दूसरी श्रेणी के शहरों में कुल रियल एस्टेट इक्विटी निवेश का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा आया, जो लगभग तीन अरब डॉलर था।



### मजबूत निवेशक भावना : अंशुमान

सीबीआरई के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका के चेयरमैन और सीईओ अंशुमान मैगजीन ने कहाकि भारत का रियल एस्टेट सेक्टर विकास के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जो मजबूत पूंजी प्रवाह और निवेश के लिए तैयार सूखे पाउडर के एक महत्वपूर्ण पूल द्वारा संचालित है। मजबूत निवेशक भावना, विशेष रूप से आवासीय और कार्यालय परिसंपत्तियों में, मजबूत बुनियादी बातों और स्थिर अंतिम उपयोगकर्ता मांग द्वारा समर्थित है। चूंकि विक्रेता-खरीदार की अपेक्षाएं बाजार सुधारों के बाद भी संरेखित होती रहती हैं, इसलिए हम 2025 में कोर और मूल्य-वर्धित रणनीतियों दोनों में उच्च-गुणवत्ता वाले निवेश के लिए अनुकूल वातावरण की उम्मीद करते हैं। हमारा मानना है कि यह गति बनी रहेगी क्योंकि भारत के संरचनात्मक सुधार और कॉर्पोरेट विकास दीर्घकालिक पूंजी को आकर्षित करना जारी रखेंगे।

### शहरी जीवन शैली में बदलाव : रामी कौशल

सीबीआरई के भारत, मध्य पूर्व, अफ्रीका में परामर्श एवं मूल्यांकन सेवाओं के प्रबंध निदेशक रामी कौशल ने कहा, भारत में रियल एस्टेट निवेश की अगली लहर वैकल्पिक क्षेत्रों- डेटा सेंटर, सह-रहने की जगह और मिश्रित उपयोग विकास के विकास से परिभाषित होगी। ये क्षेत्र डिजिटल त्वरण, शहरी जीवन शैली में बदलाव और अनुकूल सरकारी नीतियों से लाभान्वित हो रहे हैं। भूमि अधिग्रहण और प्लेटफॉर्म-स्तरीय निवेश पहले से ही गति पकड़ रहे हैं।

### अधिक पारदर्शी जोखिम-कम करने वाला वातावरण तैयार हो रहा : ऋषि कुमार

*सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष और बीजी इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ऋषि कुमार बागला ने कहाकि भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र तेजी से संस्थागत हो रहा है, जिससे वैश्विक निवेशकों की अपेक्षाओं के अनुरूप अधिक पारदर्शी, जोखिम-कम करने वाला वातावरण तैयार हो रहा है। बेहतर परिश्रम ढांचे, सतत विकास जनादेश और मजबूत अनुपालन प्रोटोकॉल आदर्श बन रहे हैं। 5 में से 1 निवेशक ग्रीन बिल्डिंग को प्राथमिकता दे रहा है, इसलिए ईएसजी-नेतृत्व वाली निवेश रणनीतियां अब वैकल्पिक नहीं हैं - वे दीर्घकालिक मूल्य सृजन के लिए केंद्रीय हैं। जैसे-जैसे यह क्षेत्र अधिक संरचित और विनियमित होता जाता है, हम वैश्विक फंडों से अधिक भागीदारी की उम्मीद करते हैं, खासकर वे जो स्थिरता और लचीलेपन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।*

## मुकेश अंबानी ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंधक निदेशक मुकेश



डी अंबानी ने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की मौत पर रिलायंस परिवार की ओर से शोक व्यक्त किया।

### आतंकवाद मानवता का दुश्मनः मुकेश अंबानी

*मुकेश अंबानी ने कहाकि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। इसका किसी भी तरह से, और किसी भी व्यक्ति द्वारा समर्थन नहीं किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि आतंकवाद के खतरे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में हम प्रधानमंत्री, भारत सरकार और पूरे देश के साथ खड़े हैं।*

### रिलायंस का अस्पताल घायलों का करेगा मुफ्त इलाज

रिलायंस के मुखिया ने अपने बयान में कहाकि पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले में निर्दोष भारतीयों की मौत पर रिलायंस परिवार शोक व्यक्त करता है। पीड़ित परिवारों के प्रति हम हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हम हमले में घायल हुए सभी लोगों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। मुंबई स्थित हमारा रिलायंस फाउंडेशन सर एच एन अस्पताल सभी घायलों का मुफ्त इलाज करेगा।

## 'वीआईटी' ने दिया म्यांमार भूकंप राहत कार्यों के लिए 10 लाख रु.का सहयोग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट, सुश्री काधम्बरी एस, विश्वनाथन ने हाल ही में म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए 2,45,92,500 म्यांमार क्याट (भारतीय रू. में 10 लाख के समतुल्य) की सहयोग राशि दान की है। यह योगदान वीआईटी भोपाल की ओर से दिया गया और इसे म्यांमार गणराज्य के राजदूत,ज़ॉ ओ को 24 अप्रैल 2025 गुरुवार के दिन नई दिल्ली स्थित म्यांमार दूतावास में औपचारिक रूप से सौंपा गया। यह सहयोग वैश्विक मानवीय संवेदनाओं के प्रति वी आईटी भोपाल की सतत प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है तथा संस्थान के सहानुभूति आधारित वैश्विक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है।

## बिजनेस न्यूज

### ऑल इंडिया पीएनबी वर्कर्स ने किया मंडल प्रमुख धीरेंद्र कुमार का स्वागत



**भोपाल।** ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक वर्कर्स आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में वीरेंद्र भारद्वाज, रितेश शर्मा, विवेक धार्मिक,ललित प्रजापति, विनोद भावसार, राहुल मालवी, जय कुमार,राजकुमार जाटव,जगदीश राठौर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भोपाल मंडल के मंडल प्रमुख धीरेंद्र कुमार झा का भोपाल आगमन पर स्वागत किया और मंडल प्रमुख से कहाकि संगठन अपनी नीति और रीति के अनुसार बैंक को आगे बढ़ाने में संपूर्ण योगदान देगा। मंडल प्रमुख धीरेंद्र कुमार झा ने संगठन को बैंक के कार्यक्रमों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। संगठन को कहा है कि जो भी कार्य हमारे तक आएंगे, हम उसे पूर्ण करने का प्रयत्न करेंगे।

### नई सर्जरी तकनीकों से हॉर्निया का इलाज पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित : डॉ. चिराग

**भोपाल।** एमएस जनरल एंड लेप्रोस्कोपिक सर्जन और कोलोरेक्टल सर्जन गायत्री स्वरूप हॉस्पिटल, भोपाल डॉ. चिराग शांति दौसाजे का कहना है कि हर्निया जिससे दुनियाभर में लाखों लोग प्रभावित हैं, अगर समय रहते इलाज न हो तो ये गंभीर दर्द और जटिल समस्याओं का कारण बन सकते हैं। डॉ. चिराग शांति दौसाजे का कहना है हर्निया शरीर के विभिन्न हिस्सों में विकसित हो सकता है। इसके कुछ सामान्य प्रकार हैं इंगुइनल हर्निया, यह पुरुषों में अधिक आम होता है और निचले पेट में उभरी हुई सूजन के रूप में दिखाई देता है। यह शिशुओं और उन बुजुर्गों में अधिक देखा जाता है जिनकी पेट की मांसपेशियाँ कमजोर होती हैं। उन्होंने कहाकि हर्निया सामान्य बीमारियों की तरह खुद-ब-खुद ठीक नहीं होता। हर्निया का इलाज मांसपेशियों को आपस में सिलकर किया जाता था, जिससे हर्निया दोबारा होने की संभावना बनी रहती थी। डॉ. चिराग शांति दौसाजे का कहना है कि मिनिमली इनवेसिव तकनीकों और मेश रीइन्फोर्समेंट की बदौल हर्निया सर्जरी पहले से कहीं अधिक सफल हो गई है। आज ज्यादातर हर्निया सर्जरीज़ में मरीज उसी दिन या 24 घंटे के भीतर घर लौट सकते हैं। आजकल की नई सर्जरी तकनीकों से हर्निया का इलाज पहले से कहीं ज़्यादा सुरक्षित, जल्दी और अच्छा हो गया है।

### फेडरेशन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की और मृतकों को श्रंद्धाजलि अर्पित की

**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ एमपी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की प्रबंध समिति ने पहलगाम में हुए नरसंहार पर शोक प्रकट किया तथा सभी ने कहा कि इस समय पूरा उद्योग जगत शोक संतप्त परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त करता है और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हैं। प्रबंध समिति सदस्यों ने पहलगाम में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनिट का मौन धारण कर प्रार्थना की। फेडरेशन की प्रबंध समिति ने कहा कि वह कायराना हरकत की निंदा करते है और भारत सरकार द्वारा लिए गए कूटनीतिक निर्णयों का स्वागत करते है। फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि पूरा उद्योग जगत भारत के विकास और प्रगति के प्रति संकल्पित है तथा सीमा पार से की गई इस आतंकी घटना का प्रत्युत्तर देने में भारत सरकार से कठोरतम कार्यवाही की अपेक्षा रखता है।

### आत्मनिर्भरता को लेकर राजपूत बिजनेस ने दी नई दिशा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में पं. खुशीलाल आयुर्वेदिक संस्थान के ऑडिटोरियम में राजपूत बिजनेस फोरम द्वारा राजपूत बिजनेस कांफ्रेंस आयोजित हुआ। जिसमें समाज में व्यापारिक चेतना और आत्मनिर्भरता को लेकर एक नई दिशा दी। यह पहला ऐसा अवसर था जब राजपूत समाज के प्रतिष्ठित उद्यमी, शिक्षाविद और प्रोफेशनल्स एक मंच पर एकत्रित हुए और युवा पीढ़ी को व्यापार की ओर प्रेरित किया। कॉफ्रेंस के संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल एक आयोजन करना नहीं था, बल्कि समाज में व्यवसायिक जागरूकता पैदा कर, युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

## आयकर विभाग ने जारी की अधिसूचना

# 10 लाख रुपए से अधिक की लग्जरी चीजों पर अब चुकाना होगा 1 प्रतिशत टीसीएस

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कलाई घड़ी, जूते , हैंडबैग, र खेलकूद के कपड़े जैसे 10 लाख रुपए से अधिक कीमत वाले लग्जरी सामानों पर अब एक प्रतिशत स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) लगेगा। आयकर विभाग ने 22 अप्रैल 2025 से विलासितापूर्ण वस्तुओं की बिक्री पर 1 प्रतिशत की दर से टीसीएस लगाने से जुड़ी अधिसूचना जारी की है। यह उन चीजों पर लागू होगा जहां बिक्री का मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक होगा।

विलासिता से जुड़ी वस्तुओं पर वित्त अधिनियम, 2024 के तहत टीसीएस लगाने का एलान जुलाई 2024 के बजट में किया गया था। टीसीएस का भुगतान करने की जिम्मेदारी विक्रेता पर होती है, जिसे वह ग्राहकों से ही वसूलते हैं। यह टैक्स अधिसूचित वस्तुओं जैसे कलाई घड़ी, कला वस्तुएं जैसे पेंटिंग, मूर्तियां और प्राचीन चीजें, संग्रहणीय चीजें जैसे सिक्के और टिकट, नौका, हेलीकॉप्टर, लग्जरी हैंडबैग, धूप के चश्मे, जूते, उच्च श्रेणी के खेल परिधान व उपकरण, होम थिएटर सिस्टम और रेसिंग या पोलो के घोड़े आदि पर लागू होगा।

### अधिसूचना सरकार की मंशा के तहत जारी की गई

*वरिष्ठ कर सलाहकार राजेश जैन के अनुसार यह अधिसूचना उच्च मूल्य वाली चीजों की निगरानी*



*बढ़ाने और लग्जरी सामानों से जुड़े खंड में ऑडिट ट्रेल को मजबूत करने की सरकार की मंशा के तहत जारी की गई है। यह कर आधार का विस्तार करने और अधिक वित्तीय पारदर्शिता को बढ़ावा देने के व्यापक नीतिगत उद्देश्य का परिचायक है। उन्होंने बताया कि विक्रेताओं को अब टीसीएस प्रावधानों का समय पर अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। वहीं, अधिसूचित लग्जरी वस्तुओं के खरीदारों को ऐसी चीजें खरीदते समय और अधिक केवाईसी आवश्यकताओं और दस्तावेजीकरण का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहाकि हालांकि इस फैसले से लग्जरी सामानों से जुड़े क्षेत्र को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन इस फैसले से बेहतर नियामकीय निगरानी को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।*

## स्टारबिग ब्लॉक को मिली मध्यप्रदेश में एएसी ब्लॉक प्लांट की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एरेटेड ऑटोक्लेव्ड कंक्रीट (एएसी) ब्लॉक, ईंटों और एएलसी पैनलों के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड की पूर्ण मालिकी वाली सहायक कंपनी स्टार बिग ब्लॉक बिल्डिंग मटेरियल लिमिटेड को मध्य प्रदेश के इंदौर में आगामी परियोजना के लिए सभी आवश्यक अप्रूवल्स मिल चूके है इसमें नगर नियोजन भी शामिल है।



अधिग्रहित भूमि के लिए मंजूरी, भूमि पंजीकरण, ग्राम पंचायत अप्रूवल और नोन-एग्रिकल्चरल (एनए) आदेश भी प्राप्त कर लिया गया हैं। फरवरी 2025 की शुरुआत में कंपनी ने मध्य भारत में एएसी ब्लॉक्स व्यवसाय विस्तार के उद्देश्य से खसरा नंबर 382, 387, 389/2, ग्राम निमरानी, तहसील कासरवाड़, जिला - खरगोन, मध्य प्रदेश में लगभग 57,500 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया था। बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी, मोहित साबू ने स्टारबिगब्लॉक बिल्डिंग मैटेरियल्स लिमिटेड वर्तमान में अहमदाबाद के पास खेड़ा में एक विनिर्माण सुविधा संचालित करती है, जिसकी स्थापित क्षमता 2,50,000 घन मीटर प्रति वर्ष है। यह संयंत्र गुजरात के प्रमुख भागों को कवर करते हुए एक व्यापक बाजार की प्रभावी रूप से पूर्ति करता है तथा इसकी पहुंच राजस्थान के उदयपुर और मध्य प्रदेश के इंदौर तक है।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**आम-सूचना**

क्रमांक 594/ राजस्व / भोविप्रा/25, भोपाल दिनांक 24/04/25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-235, श्री मोहम्मद यूनुस खान आ. श्री यूसुफ खान साहब, श्रीमती जहांआरा बैगम पत्नी श्री मोहम्मद यूनुस खान एवं मो. मुजतुबा अली खान आ. श्री यूनुस खान साहब के संयुक्त नाम पर आवंटित है। आवंटी के मुख्तारआम श्रीमती संगीता बजाज पत्नी श्री के.के.बजाज द्वारा उक्त भूखण्ड पर निर्मित प्रकोष्ठ क्रमांक-2, द्वितीय-तल जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 11/08/1997, श्री कालूराम ठाकुर आ. स्व. श्री मूलचंद ठाकुर को कर विक्रय पत्र पंजीकृत किया गया । श्री कालूराम ठाकुर आ. स्व. श्री मूलचंद ठाकुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर प्रकोष्ठ क्रमांक-2, द्वितीय-तल जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफुट का नामान्तरण/नाम सम्मिलित अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से सात दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा ।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**OFFICE OF THE COMMISSIONER, MUNICIPAL CORPORATION, GWALIOR (M.P.)**

Narayankrishan Shejwalkar Bhawan, Near Taran Pushkar, City Centre, Gwalior
Tel No. : 0751-2438300, 4080352, Fax No. : 0751-2434249

NIT No. 2025-UAD-417974-1/MPGMC/114/24X9/1/PHE/2025 Gwalior, Date : 21.04.2025

जनसम्पर्क RO क्रमांक : 283 **Notice Inviting Tender** दिनांक : 23-04-2025

On behalf of Gwalior Municipal Corporation, M.P. online percentage rate bids for the following work are invited on portal http://www.mptenders.gov.in from registered Contractors and competent firms.

| Description of works | Probable Amount (In Rs.) | Completion Period (In Days) |
|---|---|---|
| Drilling of 175 MM DIA & 150 Meter Deep Tubewell with installation of sumbersible motor pump set including electrification work/Installation complete & Tee connection new pipe line to old distribution network at site in Gwalior Vidhansabha Ward 01 to 17 & 31,32,33 & 36 | 1,32,11,514.93 | 06 months Excluding rainy season |

Interested bidders can view the NIT of portal http://mptenders.gov.in. The bid document can be purchased only on online from dated **21.04.2025** to **21.05.2025** and can be submitted **21.05.2025** up to **5.30 PM.**


**Executive Engineer,**
Water Supply, Gwalior Municipal Corporation, Gwalior

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना तलैया जिला भोपाल (म.प्र.)**

क्र./ था.प्रतले. / भो / डी मर्ग क्र.07/25 दिनांक 23/04/25
मर्ग क्र.07/25 धारा 194 बीएनएसएस

**जाहिर सूचना**

कैफियत्त मामला इस प्रकार है दिनाक 11/03/25 सूचक सलीम पिता सुल्तान खाँ उम्र 32 साल निवासी म.नं. 02 गली नं. 09 कोलीपुरा इतवारा थाना तलैया भोपाल ने थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि आज दिनांक 11/03/25 को शाम करीब 05.00 बजे में पतंग उडाने सेंट्रल लायब्रेरी ग्राउन्ड गया था कि सेंट्रल लायब्रेरी ग्राउन्ड पेडो के पास एक



अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 40-45 साल का, बेसुध अवस्था में पड़ा था जो कोई हलचल नहीं कर रहा था जिसे पास जाकर हिला डुलाकर देखा शरीर मे कोई हलचल नही थी सांसे भी नहीं चल रही थी जो मृत अवस्था में पडा है जिसका हुलिया कद करीब 5 फिट 4 इंच, रंग साँवला, चेहरा चौकोर सा है दाढी बढी हुई है जो हरी रंग की हाफ टी शर्ट व कत्थई कलर की लोवर पैरो मे चप्पल है अज्ञात मृतक व्यक्ति के बारिसानो की तलाश आसपास किया जो कोई नही मिले बाद थाना आया हूँ सूचना देता हूँ कार्यवाही की जाये। सूचक की सूचना पर मर्ग क्र. 07/25 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जांच मे लिया गया अज्ञात मृतक पुरुष का हुलिया कद करीब 5 फिट 4 इंच, रंग साँवला, चेहरा चौकोर सा है दाढी बढी हुई है जो हरी रंग की हाफ टी शर्ट व कत्थई कलर की लोवर पैरो मे चप्पल पहने थाना प्रभारी तलैया के मो, 9479990560 0755-5443230 एवं जाचँ कर्ता 8839164117

**थाना प्रभारी**
**थाना तलैया भोपाल**

जी - 11931/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ कठोर से कठोरतम एक्शन जरूरी

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से देश आक्रोशित है और देशवासी हमले के गुनहगारों को जल्द से जल्द सख्त सजा चाहते हैं। सरकार हमले के तुरंत बाद से कह रही है कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशावासियों को भरोसा दिलाया है कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। दरअसल, पहलगाम में आतंकवादी हमला केवल निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, बल्कि यह देश की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस है। इसलिए, इसका कठोर सबक सिखाया जाना चाहिए। यूं तो, यह पहली बार नहीं है जब इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है, अतीत में दर्जनों ऐसे बड़े आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें बेकसूर नागरिकों की जान गई है। सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया है, लेकिन जवाब काफी साबित नहीं हो रहा है। वक्त कुछ ठोस और बड़ा करने का है। आतंकवाद, आतंकी गुट और आतंकियों के खिलाफ उसके खात्मे तक सतत एक्शन चलते रहना चाहिए। आतंकवाद प्रभावित जम्मू-कश्मीर क्षेत्र की सीमाओं को हर हाल में फुलप्रूफ और सुरक्षित बनाना होगा, जिसमें परिंदा भी पर न मार सके। इजराइल की तरह हमें अपने एलओसी व अंतरराष्ट्रीय सीमा की लेजर व रडार बाड़बंदी करनी चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश के अंदर इतना गुस्सा है कि लोग बात कम और एक्शन अधिक चाहते हैं। हमारी सेना हर स्तर पर माकूल जवाब देने में सक्षम है, नेतृत्व को आगे बढ़ने की जरूरत है। पहलगाम में हमलावर आतंकी के साथ-साथ इसकी साजिश रचने वालों को बेनकाब कर करारा जवाब दिए जाने की त्वरित आवश्यकता है। सर्वदलीय बैठक के बाद सभी विपक्षी दल सरकार के साथ हैं। अभी फौरी तौर पर बेशक सरकार ने अटारी बोर्डर बंद करने, सिंधु जल समझौते को निलंबित करने, पाक के नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने के निर्देश देने, मेडिकल वीजा पर भी रोक जैसे अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन बड़ा सवाल है कि हमलावर आतंकियों को अभी तक पकड़ा नहीं गया है। विश्व के लगभग सभी प्रमुख देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है और भारत के साथ खड़े होने की बात कही है, लेकिन बड़ी बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत को विश्व जनमत के साथ अपने स्तर पर ही कठोरता से लड़ना होगा। आतंकी गुट हमास के हमले का इजराइल ने कैसे कड़ाई से जवाब दिया है, वो उदाहरण दुनिया के सामने है। आज आतंकवाद वैश्विक समस्या है, इसके खिलाफ विश्व को एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है। भारत ने हमेशा विश्व को समझाया है कि आतंकवाद ग्लोबल मुद्दा है और आतंकवाद को शह देने वालों को बेनकाब व अलग-थलग करने की जरूरत है। इस दिशा में भारत ने आतंकवाद को पालने पोसने वाले पाकिस्तान को अलग-थलग करने का पूरा प्रयास किया है। पहलगाम हमले के गुनहगारों को ढूंढकर अंजाम तक पहुंचाना होगा। सरकार ने जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद पर लगाम लगाने में बहुत हद तक सफलता पाई है, लेकिन इसे पूर्ण रूप से खत्म करने की जरूरत है। पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के पूर्ण खात्मे का संकल्प व उस दिशा में हर स्तर पर एक्शन जरूरी है। सिंधु जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की कृषि अर्थव्यवस्था पर तगड़ी मार पड़ेगी, पर और भी कठोर कदम उठाया जाना चाहिए।

# हिंदुओं पर बढ़ रही सामुदायिक हिंसा



**असुरक्षा**
प्रभुनाथ शुक्ल

> आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं।

भारत में हिंदुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। अपने ही देश में बहुसंख्य हिंदू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है, लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हमले बढ़ गए। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया, वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल कियानी की तरफ से भारत और हिंदुओं के खिलाफ दिया गया वह उकसाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है जिसमें उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था। कियानी के बयान के ठीक कुछ दिन बाद पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है जिसमें पर्यटकों का धर्म पूछ कर नरसंहार किया गया।

यह पाकिस्तान की सोची समझी रणनीति है, क्योंकि वह भारत से सीधी जंग में कभी नहीं जीत सकता है। ऐसी स्थिति में वह हिंदुओं को निशाना बनाकर भारतीय मुसलमानों का मसीहा बनना चाहता है और कश्मीर में अलगाववाद की नींव और मजबूत करना चाहता है। खैबरपखतून में बलोच आर्मी की तरफ से किए ट्रेन हाईजैक के पीछे वह भारत का हाथ मानता है जिसकी वजह से वह बौखलाया था और बदले के लिए बेताब था। लेकिन वह जो कर रहा है उसकी भरपाई उसे करनी होगी। कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर आहिस्ता-आहिस्ता विकास की मुख्यधारा में लौट रहा है। आतंकी घटनाएं कम हुई हैं। पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। सेबों की खेती लहलहाने लगी है। यह सब देख पाकिस्तानी फ़ौज में बौखलाहट है जिसकी वजह से वह इस तरह की सामुदायिक हिंसा की साजिश रच रहा है। कश्मीर में सामुदायिक हिंसा की यह पहली घटना नहीं है। आतंकवादियों ने पुलवामा जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। कश्मीर में साल 2019 के बाद धारा 370 लागू होने के बाद यह पहली सबसे बड़ी आतंकी नरसंहार की घटना है। दूसरा अहम कारण, कश्मीर के राजनीतिक और अलगाववादी कभी शान्ति और विकास नहीं चाहते क्योंकि धारा 370 खत्म होने के बाद उनकी तमाम स्वतंत्रता जहां बाधित हुईं वहीं आर्थिक नुकसान



हुआ है। वहां के राजनेताओं और अलगाववादियों का पाकिस्तान प्रेम दुनिया में जगजाहिर है। इसके बावजूद धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक कानून और वक्फ संशोधन जैसे राजनीतिक फैसलों ने इस आग में घी का काम किया है। हालांकि यह सिर्फ अलगाववादियों की सोच है। पहलगाम में हिंदुओं के साथ विदेशी नागरिक और सेना में कार्यरत जवान की भी मौत हुईं है। शादी के बाद हनीमून मनाने गया युगल भी निर्मम आतंकी साजिश का शिकार हुआ है। नरसंहार के बाद भारतीय सेना के लोगों के पहुंचने के बाद भी लोग इतने दहशत में थे कि उन्हें भी आतंकी समझ लिया।

इस घटना में केंद्र और राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। जब वहां काफी तादाद में पर्यटकों की आमद हो रही थी तो पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सेना और राज्य पुलिस के जवानों की तैनाती क्यों नहीं की गईं। कियानी के विभाजनकारी संदेश को हमारी सरकार, ख़ुफिया एजेंसियां और सुरक्षा एजेंसिया नहीं समझ पाईं। ऐसे संवेदनशील पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम होने चाहिए थे। क्योंकि यह इलाका काफी ऊंचाई पर है जहां का प्राकृतिक लुत्फ़ उठाने के लिए भारी तादाद में देशी- विदेशी पर्यटक आ रहे थे। यह इलाका एलओसी से सटा है और प्राकृतिक जाटिलताओं से भरा है। ऊंचे पहाड़, नदियां, घने -जंगल, देवदार और चीड़ के पेड़ यहां की प्राकृतिक सुंदरता को और बढ़ाते हैं। यहां की संवेदनशीलता को देखते हुए अगर हमारी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क होती तो निश्चित रूप से इस नरसंहार से बचा जा सकता था। राज्य में इस तरह की घटनाएं पर्यटन उद्योग और उसकी संभावनाओं पर पानी फेरती हैं। हम अपनी चूक और नाकामियों से नहीं बच सकते। यह गंभीर मंथन का विषय है। कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर हमें सुरक्षा व्यवस्था को सख्त रखना होगा।

भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे। यह हमला भारत की आत्मा पर है। सारा देश गुस्से में है। रणनीति बनाकर पाकिस्तान और आतंकवाद को सबक सिखाने की जरूरत है। कश्मीर के पूर्व बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में हिंदुओं को जिस तरह निशाना बनाया गया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके अलावा रामनवमी जुलूस पर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में भी सुनियोजित तरीके से हिंदुओं पर हमले हुए। उत्तर प्रदेश में संभल किसी से छुपा नहीं है। वहां किस तरह हिंदुओं का उत्पीड़न हुआ, उसे कौन नहीं जानता। हिंसक हमलों में उनकी संपत्तियों और मंदिरों को नष्ट किया गया। हालांकि मुस्लिम इलाकों में भी हिंदू अतिवाद का स्वरूप देखने को मिला जहां मस्जिदों को निशाना बनाया गया। पश्चिम बंगाल राज्य में हिंदुओं को पलायित होना पड़ा। पीड़ित हिंदू बंगाल पुलिस की मदद के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई सुरक्षा नहीं मिली। हालांकि, भारत में भी मुसलमानों के खिलाफ राजनीतिक अतिवाद में लिंचिंग की घटनाएं हुईं हैं, लेकिन जैसा हिन्दुस्तान में हिंदुओं के साथ हो रहा है, वैसा नहीं। अमेरिका में भी हिंदुओं और सिखों के खिलाफ नस्लीय हिंसा हुईं हैं। हिंदुओं के मंदिरों को भी निशाना बनाया गया है। नस्लीय टिप्पणीयां हुईं हैं, लेकिन पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी नहीं।

साम्प्रदायिक हिंसा को किसी भी तरीके का राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। नफ़रती बयानबाजी और सोशल मीडिया पर फ़ैलते भड़काऊ वीडियो और संदेश पर कड़ाई से प्रतिबन्ध लागू होना चाहिए। देश और संसद और उसकी संवैधानिक संस्थाएं जाति, धर्म और समुदाय से सर्वोपरि हैं। हमें उनका सम्मान करना होगा। हमें किसी कानून या बिल से असहमति है तो देश में अदालत और कानून भी है। हिंसा और अपनी अतिवादी ताकत दिखाने के बजाय हमें ऐसी संस्थाओं का सम्मान करना होगा। हमारे लिए देश सर्वोपरि है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**आतंकी हमला**
मनोज कुमार अग्रवाल



# नहीं बदली जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथियों की बर्बर मानसिकता

एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के सरकारी दावों को पलीता लगाते हुए पाकिस्तान समर्थित चरमपंथी आतंकियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या को अंजाम देकर समूचे देश को झकझोर दिया है। लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 28 से ज्यादा पर्यटकों की मौत की आशंका है। इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया है जिनके तार टीआरपीएफ से जुड़े हुए हैं, इस संगठन को लश्कर का ही प्रॉक्सी बताया जाता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने 50 राउंड फायरिंग की थी, कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक दावा हुआ है कि लोगों से उनका मजहब पूछकर मारा गया। जाहिर है सदियां बदली, तारीखें बदलीं लेकिन इक्कीसवीं सदी में भी कुछ जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथी की बर्बर मानसिकता नहीं बदली जो कभी हमास, कभी तालिबान तो कभी लश्कर तैयबा का मुखौटा लगा कर बेगुनाहों का मजहब पूछकर खून की होली खेलते हैं। जरूरत इस बर्बर मानसिकता के इलाज की है। बता दें कि आतंकियों ने पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही हमले के लिए क्यों चुना? इसके पीछे एक बड़ी वजह आने वाले दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं में दहशत फैला कर यात्रा में बाधा उत्पन्न करना है। दूसरी वजह अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान इस तरह की खूनी वारदात कर कश्मीर के मुद्दे को विश्वमंच पर जिंदा रखने की पाकिस्तान की साजिश है। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है, यह काफी ऊंचाई पर स्थित है। अब वैसे तो पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती दिखती है, लेकिन पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। पहलगाम आए पर्यटक खुद बता रहे हैं कि जब हमला हुआ, कोई फोर्स उस समय वहां नहीं थी, लोग ही एक-दूसरे की भागने में मदद कर रहे थे। जाहिर है कि सरकार कुछ भी दावा करे लेकिन सुरक्षा में भारी कोताही और सजगता में चूक ही इस आतंकी हमले के पीछे एक बड़ी वजह बनी है। दरअसल लंबे समय से आतंकवाद पर नियंत्रण के बाद कहीं न कहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में थोड़ा ढील बनी और आतंकी इसी का फायदा उठाकर हिन्दू पर्यटकों के साथ खून की होली खेलने में कामयाब हो गए। बताया गया कि इस आतंकी हमले के एक घंटे बाद सुरक्षाबल वहां आने शुरू हुए, इलाके को कंट्रोल में लिया गया। लेकिन आतंकियों को इस पूरे इलाके की भनक थी, उन्हें भी पता था कि यहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में सुरक्षा कम है। पहलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं, पर्यटक खच्चर के जरिए ही वहां तक पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है। ये सारी जानकारी भी इन दहशतगर्दों को पहले से थी।

माना जा रहा है कि इसी वजह से टूरिस्ट सीजन में पहलगाम को निशाना बनाया गया। वहीं यह इलाका जंगलों से घिरा होने से आतंकी वहां से आए और वहीं से भाग भी गए। पहलगाम को निशाना बनाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अमरनाथ यात्रा के रूट में यह क्षेत्र पड़ता है। ऐसे में आतंकी हमला कर ना सिर्फ पर्यटकों के मन में डर पैदा करने की कोशिश हुई है बल्कि सरकार को भी सीधी चुनौती दे दी गई है। समझने वाली बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर की सबसे ज्यादा आय पर्यटन के जरिए आती है, जितना टूरिस्ट घाटी में आता है, उतना ही जम्मू-कश्मीर का विकास भी होता है। लेकिन कश्मीरियों और कश्मीर का विकास इन आतंकियों की सबसे बड़ी हार है। ऐसे में उसे खत्म करने के लिए ऐसे कायराना हमले पहले भी किए जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले भी घाटी में टूरिस्ट्स को निशाना बना भय का माहौल बनाने की कोशिश हुई है। बहरहाल, इस बेहद बर्बरता व कायरता भरे आतंकी हमले में जिस तरह आंतकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा मजहबी आयत बोलने के लिए कहा और नहीं बोलने पर गोलियों से भून दिया, यह समूचे विश्व में कथित शांति का पैगाम देने वाले मजहब पर भी गहरा बदनुमा दाग लगाता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे बर्बर क्रूर शैतानों को जल्द से जल्द उनके कृत्य का अंजाम दिया जाए और सरकार ऐसा सबक सिखाए कि आतंकियों की सात पुश्तें भी भविष्य में ऐसी घिनौनी अमानवीय हरकत को दोहराने की हिम्मत न कर सके। जरूरत इस बात की भी है कि दुनिया भर का इस्लामी नेतृत्व आतंकियों की इस बेहद शर्मनाक बर्बर और अमानवीयता भरी क्रूरता की खुले मंच पर निंदा करे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
**दर्शन**

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## सन्नाटा



डोडा। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद डोडा जिले का भद्रवाह के गुलडांडा में सन्नाटा पसरा हुआ हैं यहां कभी पर्यटकों का भारी जमावड़ा रहता था।

## आज की पाती

### सुरक्षा में लापरवाही

पहलगाम में पर्यटकों पर जो आतंकी हमला हुआ और इस हमले में जो हंसते-खेलते परिवार उजड़े, इस खबर को सुनकर हर कोई दुखी हुआ। कोई किसी धर्म का पत्थर दिल का ही व्यक्ति होगा जो इस हमले की खबर सुनकर भावुक न हुआ हो। जिसने भी यह दिल दहलाने वाली खबर सुनी, वो यह सोचने पर मजबूर हो गया कि नापाक आतंकवाद का घिनौना खेल आखिर कब रुकेगा? इस पर क्या लिखा जाए, कुछ समझ नहीं आ रहा। 22 अप्रैल का दिन हमेशा अब काले दिवस के रूप में याद किया जाएगा क्योंकि इस दिन निहत्थे और बेकसूर लोग आतंकवाद का शिकार हुए। इस हमले ने पुलवामा में वर्ष 2019 के उन जख्मों को हरा कर दिया जब आतंकी हमले में लगभग 40 जवान शहीद हो गए थे। पहलगाम के आतंकी हमले से यह सीख मिली है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था में अभी खामियां हैं। *-राजेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### बुद्ध के दंत दर्शन के लिए यात्रा करने से बचें श्रद्धालु

पुलिस ने बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मध्य श्रीलंका में बुद्ध के दंत अवशेष के दुर्लभ दर्शन के लिए तीर्थस्थल की यात्रा करने से बचें। पुलिस की यह अपील ऐसे समय में आई है जब कई दिनों से कतार में खड़े एक व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और बुधवार को हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। बुद्ध के दंत अवशेष के दर्शन के लिए कोलंबो से लगभग 120 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में कैंडी में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुदथ मसिंघा ने कहा, 'हम आपसे अपील करते हैं कि कृपया आज और कल दर्शन के लिए यात्रा न करें।' कैंडी के मंदिर में बुद्ध के दंत अवशेष को दर्शन के लिए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के अनुरोध पर 16 साल बाद रखा गया है। हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु इस अवशेष की पूजा करने के लिए आ रहे हैं और कतारें कई मील तक फैली हुई हैं। एक सप्ताह पूर्व बुद्ध के दंत अवशेष को श्रीलंका लाया गया था। इसके पश्चात दंत अवशेष को दर्शनार्थियों के लिए रखा गया।



## ऑफ बीट

### महिला अनुसंधानकर्ताओं की दशकों से हो रही अनदेखी



फ्लोरेंस बेल ने करीब 80 साल पहले डीएनए की संरचना की खोज का आधार तैयार करके 20वीं सदी के विज्ञान में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया था। हालांकि, जब 23 नवंबर, 2000 को उनकी मृत्यु हुई तो उनके मृत्यु प्रमाणपत्र पर व्यवसाय के सामने 'गृहिणी' लिखा था। यह महिला अनुसंधानकर्ताओं के साथ असमानता का इकलौता उदाहरण नहीं है। दशकों बाद भी महिला शोधकर्ताओं की अनदेखी की जाती है। अध्ययन बताते हैं कि व्यवस्था में गहरी पैठ बनाए हुए समस्याओं की वजह से महिलाएं या तो विज्ञान के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पातीं या इससे बाहर हो जाती हैं। लेकिन यह स्थिति अपरिहार्य नहीं है। इसका मतलब यह है कि शिक्षाविदों पर हरसंभव अधिक से अधिक शोधकार्य प्रकाशित करने का दबाव है, भले ही गुणवत्ता प्रभावित हो। शैक्षणिक क्षेत्र में महिलाएं यथासंभव अंशकालिक रूप से काम करती हैं, शिक्षण कार्य करती हैं और अतिरिक्त प्रशासनिक कामकाज करती हैं। इसका मतलब हुआ कि महिला अनुसंधानकर्ताओं को अपने अनुसंधान पर ध्यान देने के लिए, अन्वेषण करने के लिए और उनके बारे में प्रकाशन के लिए कम समय मिलता है।

## ट्रेंड

### भारत का पलटवार



भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने का निर्णय आक्रामक कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इस संधि को निलंबित करना भारत का "पलटवार" है क्योंकि जल सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है।
-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### आतंकवादी हमले की निंदा



मैं जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। यह हिंसा का एक मूर्खतापूर्ण और खौफनाक कृत्य है, जिसमें निर्दोष नागरिक और पर्यटक मारे गए व घायल हुए हैं। कनाडा इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।
-मार्क कार्नी, पीएम, कनाडा

### पंचायती राज दिवस



देश के सभी मुखियाओं, पंचों और स्थानीय निकायों के सदस्यों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को राजीव गांधी जी ने सशक्त पंचायती राज के ज़रिए साकार किया।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### अमानवीय कृत्य



यह एक अमानवीय कृत्य है। बेगुनाह पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारना। हमारी संवेदनाएं उनके प्रियजनों के साथ हैं। हम आतंकवादियों को भी उतनी ही बेरहमी से जवाब देने की मांग करते हैं। -शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।


# वरुथिनी एकादशी पर राजधानी के मंदिरों में भगवान विष्णु और बाबा खाटू श्याम का किया विशेष श्रृंगार, लगाए 56 भोग

## वरुथिनी एकादशी का व्रत रखकर पूजा करने से हमारे भीतर की नकारात्मकता दूर होती है और नई ऊर्जा का होता है संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मंदिरों में कामदा एकादशी के अवसर पर भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण, भगवान खाटू श्याम की विशेष पूजा-पाठ की गई। लोगों ने व्रत रखा वरुथिनी एकादशी की कथा सुनी। तो वहीं श्रीकृष्ण व खाटू श्याम मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए गए। वरुथिनी एकादशी के व्रत से नकारात्मकता से मुक्ति मिलती है। तो वहीं दान-पुण्य के लिए खासःभगवान विष्णु की आराधना से नई ऊर्जा का संचार होता है।

राजधानी के सिंधी कॉलोनी टीटी नगर वैष्णो धाम सहित अन्य मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजन-अर्चना कर विशेष भोग लगाया गया। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि वरुथिनी शब्द संस्कृत के वरुथिनी से बना है, जिसका अर्थ कवच होता है। इसे रक्षा संरक्षित करने वाला भी कह सकते हैं। यह भगवान विष्णु को सर्वाधिक प्रिय है। विभिन्न समाजों और संप्रदायों में इस दिन भगवान के अलग-अलग रूपों की पूजा की गई। व्रत रखकर पूजा करने से हमारे भीतर की नकारात्मकता दूर होकर नई ऊर्जा का संचार होता है। लोगों ने चढ़ाए पीले फूल-फल वरुथिनी एकादशी पर भक्तों ने पूजा-पूठा कर पीले पुष्प चढ़ाए। पीले रंग की मिठाई भोग लगाया गया।



### पहलगाम में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

*मां वैष्णो धाम आदर्श नो दुर्गा मंदिर बाबा खाटू श्याम मंदिर प्लेटिनम प्लाजा पर वरुथिनी एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का फूलों से श्रृंगार किया गया । 56 भोग अर्पित किए गए बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर आरती की। इसके बाद पहलगाम आतंकवादी घटना में मारे गए लोगों को शांति पाठ के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई।*

### शीतलता के लिए बेल के रस से होगा श्री बटेश्वर का रुद्राभिषेक

*श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा शुक्र प्रदोष के अवसर पर भगवान श्री बटेश्वर का बेल के रस से अभिषेक कर महाआरती की जाएगी। शत्रुओं पर विजय प्राप्ति के लिए वसुधारा से जल अर्पित होगा। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया शिव के गले में हलाहल विष का वास होने के कारण भीषण गर्मी में शीतलता प्रदान करने ठंडे जल से वसुधारा अर्पित की जाएगी। वहीं शत्रुओं पर विजय प्राप्ति के लिए बेल का रस, गन्ने का रस चारों मगज से बनी विजया एवं ठंडे दूध से महा रुद्राभिषेक कर शाम को मोगरा, पुदीना गुलाब एवं अन्य फूलों से आकर्षक श्रृंगार कर रात 10 बजे महाआरती की जाएगी। वहीं मठा, लस्सी, आम का रस, केरी का पना जैसे शीतल पेय पदार्थों का भोग अर्पित होगा।*

### श्रीजी मंदिर में वल्लभाचार्य प्राकट्य उत्सव मनाया

## प्रभातफेरी में पर्यावरण की रक्षा एवं पेड़-पौधे के संरक्षण का दिया संदेश

**भोपाल।** लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु का 548वां प्राकट्य उत्सव मनाया गया। सुबह मंदिर से प्रभातफेरी निकाली गई, जो सराफा चौक, लोहा बाजार, जुमेराती, जनकपुरी, सिंधी मार्केट, भवानी चौक, सोमवारा होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस दौरान पर्यावरण की रक्षा एवं पेड़ पौधे का संरक्षण की जागृति रैली निकाल कर संदेश दिया। दोपहर में यहां जगतगुरु का तिलकोत्सव मनाया गया, तो नींबू के रस व जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया।

मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु वरुथिनी एकादशी पर प्रकट हुए थे। इस अवसर पर सुबह 6 बजे श्रीजी मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें शामिल हुए वैष्णव जनों ने भजन किए। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीनाथजी का केसरिया वस्त्र के साथ सिर पर चंद्रिका, सोने और मोती के आभूषणों से श्रृंगार किया गया। तो वहीं शुक्रवार को प्रभु फूल बंगले में विराजमान हो के दर्शन देंगे और सर्वोत्तम स्त्रोत के पाठ के



होंगे। तो वहीं 27 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जो कि सुबह से शुरू होगा। जिसमें भोपाल के हजेला हॉस्पिटल के जॉइंट रिप्लेसमेंट स्पेशलिस्ट डॉक्टर तन्मय शाह एवं दांत स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

### खबर संक्षेप



### कोलार क्षेत्र के लोगों के लिए ठंडे पानी की प्याऊ की शुरुआत

**भोपाल।** सेंट्रल ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए, सेंट्रल ग्रुप की सीएसआर एक्टिविटीज के अंतर्गत मंदाकिनी सोसाइटी, 80 फीट रोड पर आम लोगों को पीने के लिए शीतल जल मिल सके। इसके लिए एक अनोखी पहल शीतल जल प्याऊ के साथ-साथ एक्वागार्ड मिनरल वाटर प्लांट की सुविधा शुरू की है। इससे हॉस्पिटल्स के मरीजों के साथ कोलार क्षेत्र के लोग पीने के लिए ठंडा पानी मिल सकेगा।

### अधिवक्ता परिषद जिला इकाई भोपाल ने किया आयोजन

**भोपाल।** अधिवक्ता परिषद जिला इकाई भोपाल के तत्वावधान में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में ई दाखिल और ई जागृति पोर्टल की कार्रवाई पर (स्टडी सर्कल) आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर राज्य उपभोक्ता आयोग भोपाल आशीष गुर्जर एवं आकाश तिवारी टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत के महामंत्री प्रसांत हरने, भोपाल बार के अध्यक्ष दीपक खरे, सचिव मनोज श्रीवास्तव, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष मनोज रघुवंशी, स्टडी सर्कल प्रमुख निलेश खरे, मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, महामंत्री राकेश गिरी, कोषाध्यक्ष मनीष नेमा एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी संजीव शर्मा एवं भूपेश उपाध्याय वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम से बाद पहलगाम आतंकवादी हमले में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया।

## सेफ्टी ऑडिट में सुरक्षा कार्यप्रणाली में ताकत और कमजोरियों की होती है पहचान

# 70 फीसदी फैक्ट्रियों में नहीं हुआ अभी तक सेफ्टी ऑडिट

हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप/भोपाल

गर्मी की शुरुआत होते ही आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगती हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में आग लगने की घटनाओं में हर साल श्रमिकों की मौत होती है। अधिकतर हादसों में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जाता है, लेकिन बचाव के इंतजाम न होने के कारण जान और माल का नुकसान होता है। ऐसी 'आग की फैक्ट्रियों' की पहचान जरूरी है। जिस पर कई बार औद्योगिक क्षेत्रों और फैक्ट्रियों में आग से बचाव को लेकर उपाय नहीं होने का मुद्दा उठा, लेकिन हर साल हादसे होते रहे और हर बार यही कमी निकलकर सामने आई कि आग से बचाव के इंतजाम नहीं थे। इंतजाम नहीं होने से कई बार छोटी घटनाओं ने बड़ा स्वरूप ले लिया।

यह समस्या अनियोजित औद्योगिक क्षेत्रों के साथ नियोजित क्षेत्रों में भी है। दरअसल, नियोजित औद्योगिक क्षेत्रों में पहले बड़े-बड़े प्लॉट आवंटित किए गए थे। बाद में इनके मालिकों में बंटवारा हो गया और प्लॉट छोटे होते गए। अब एक ही आवंटित प्लॉट पर तीन से चार फैक्ट्रियां बन चुकी हैं। इन फैक्ट्रियां में प्रवेश और निकासी के लिए एक ही रास्ता रह गया, जबकि नगर में हादसों से बचने के लिए नए नियम लागू हो चुके है, लेकिन नगरीय निकाय में तकनीकी दिक्कतों के चलते इनका पालन नहीं हो रहा है। नगर में बड़े-बड़े उद्योग स्थापित होने के बाद भी सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतर पा रहा है। फायर सेफ्टी ऑडिट के लिए कभी करवाई ही नहीं गई। यही कारण है कि अचानक कोई घटना होने पर भगदड़ के हालात बन जाते हैं। मंडीदीप में बुधवार को गेल इंडिया फैक्ट्री में गंभीर गैस सीएनजी गैस रिसाव से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद रिसाव बंद किया।



गेल इंडिया फैक्ट्री में गैस रिसाव का दृश्य।

### क्या है नियम

नियमानुसार जो व्यवसायिक, औद्योगिक गोदाम व फैक्ट्री जिनका फ्लोर एरिया 500 मीटर और ऊंचाई नौ मीटर से अधिक है। ऐसे भवनों के लिए भी फायर एनओसी लेना अनिवार्य है। इनमें वे भवन भी शामिल हैं, जिनमें दो या अधिक बेसमेंट हैं या एक बेसमेंट का क्षेत्रफल 500 वर्गमीटर से अधिक है, लेकिन फायर ऑडिट और एनओसी के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

### नियमित रूप से सेफ्टी ऑडिट होने चाहिए

कारखानों में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नियमित रूप से सेफ्टी ऑडिट होने चाहिए। साथ ही खतरनाक रसायनों का उचित संधारण, कारखाना आपदा प्रबंधन योजना का निर्माण एवं मूल्यांकन, सुरक्षा मानकों की पालना और अग्नि सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन कर खतरों से बचने की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए।

**विकास मुंद्रा**, उद्योगपति, मंडीदीप

### आधुनिकीकरण की आवश्यकता

औद्योगिक इकाइयों में नवीन तकनीक के इस्तेमाल से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। इसके लिए औद्योगिक क्षेत्र में आधुनिकीकरण की आवश्यकता है। साथ ही निर्धारित स्थान पर उस विषय से संबंधित जानकारी रखने वाले विशेषज्ञ को ही लगाया जाए और इन्हें पूर्व में इसके लिए जागरुक भी किया जाए।

**संजय खंडेलवाल**, पूर्व अध्यक्ष इंडस्ट्रीज ऑफ एसोसियन, मंडीदीप

### भर्ती के पहले दिन से दिया जाए प्रशिक्षण

प्रत्येक उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया और संबंधित सुरक्षा उपाय अलग-अलग होते हैं, जिनका प्रशिक्षण श्रमिकों को भर्ती के पहले दिन से ही दिया जाए और प्रशिक्षण पूर्ण होने पर ही उन्हें काम पर लगाया जाए। उद्योग इकाइयां सुरक्षा जागरुकता को महत्वपूर्ण दायित्व समझें। श्रमिकों को धन प्रलोभन देकर जोखिमों से भरे काम न सौंपे जाएं। श्रमिकों का ग्रुप सुरक्षा बीमा अनिवार्य रूप से कराया जाए, ताकि दुर्घटना होने पर उसके परिवार को आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके।

**विनोद जैन**, आरएनजी, कन्स्ट्रक्शन, मंडीदीप

### औद्योगिक इकाइयों में सजगता जरूरी

औद्योगिक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए औद्योगिक इकाइयों में सजगता लाना बहुत जरूरी है। औद्योगिक इकाई संचालकों उनके कर्मचारियों को सरकार की ओर से समुचित प्रशिक्षण मिले, जिससे वे अपने यहां होने वाली औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी ला सकें। इसके साथ-साथ औद्योगिक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जो सरकारी इकाइयां जिम्मेदार हैं वे पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करेंगी तो निश्चित रूप से औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

**राजीव अग्रवाल**, अध्यक्ष, इंडस्ट्रीज ऑफ एसोसिएशन, मंडीदीप

### जानकारों ने बताया दुर्घटनाओं को कैसे रोका जाए

## विस्फोटक सामग्री का निर्माण करने वाले और रबर, प्लास्टिक के कबाड़ इकट्ठे होने से उत्पन्न होती है फायर की समस्या

आज के इस कालखंड में ऐसी बहुत कम फैक्ट्री होंगी, जो सेफ्टी को इग्नोर करेंगी, क्योंकि उनके एम्पलाइज के जीवन का प्रश्न जुड़ा रहता है और कड़े प्रॉवीजन है इसमें मालिक की जिम्मेदारी प्रमुख होती है। जहां तक सेफ्टी का प्रश्न है तो कोताही कोई इंडस्ट्री बरतती नहीं हैं। हां कुछ ऐसे अवैध काम करने वाले लोग जरूर हैं, जो विस्फोटक सामग्री का निर्माण करते हैं, जैसे अभी गुजरात में हुआ और कुछ समय पहले खंडवा में हुआ था। वह तो अवैध काम करने वाली फैक्ट्री ही है। उनकी सघन जांच करने काम प्रशासन को करते रहना चाहिए। इसके अलावा कुछ अवैध काम भी इंडस्ट्रीज एरिया में हो रहे है



जैसे कबाड़खाना, कबाड़ का सामान रखना, प्लास्टिक को वेस्ट रखना और उसका सेगरीग्रेशन करके उसको बेचना। कई बार जिला उद्योग केंद्रों को कहा गया है कि इंडस्ट्री एरिया में रबर के, प्लास्टिक के कबाड़ इकट्ठे जो करते हैं उससे जरूर फायर की समस्या उत्पन्न होने का खतरा है। अतः फायर की गतिविधियों को उत्पन्न करने वाली कार्यप्रणाली को इंडस्ट्री एरिया में बंद कराया जाए। शासन प्रशासन को नियमित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करनी चाहिए।

**दीपक शर्मा**, अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री

### सुरक्षा ऑडिट केवल खतरों की पहचान नहीं, बल्कि कमियों को सुधारने की है प्रक्रिया

सुरक्षा कोई एक बार का काम नहीं है, बल्कि यह हर दिन और हर समय पर अभ्यास किया जाना चाहिए। उद्योगों में सुरक्षा के संबंध में, यह कारखाने के मालिक की कानूनी जिम्मेदारी है कि वह कार्यस्थल पर प्रत्येक श्रमिक की सुरक्षा सुनिश्चित करें। फैक्ट्री अधिनियम 1948 कारखानों में श्रमिकों के कल्याण, स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अधिनियमित किया गया है। खतरनाक उद्योगों के लिए ऑन-साइट आपातकालीन और आपदा नियंत्रण उपायों को तैयार करना और साल में एक बार सुरक्षा ऑडिट करना अनिवार्य है। अब सवाल उठता है कि सुरक्षा ऑडिट कौन करेगा और सुरक्षा ऑडिट को ठीक से करने के लिए क्या मापदंड होने चाहिए? यह राज्य का औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा निदेशालय है, जो हर खतरनाक कारखाने में सुरक्षा प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। प्रत्येक राज्य के मुख्य फैक्ट्री निरीक्षक को सक्षम संस्थानों द्वारा सुरक्षा ऑडिट करने के लिए उचित और परिणामोन्मुखी मापदंड विकसित करने चाहिए, जो उनके पास उपलब्ध संसाधनों और योग्यता के आधार पर अधिकृत हों। यह उल्लेखनीय है कि सुरक्षा ऑडिट केवल खतरों की पहचान करने की एक प्रक्रिया है, लेकिन कमियों को सुधारना फिर से एक महत्वपूर्ण काम है, जो मुख्य फैक्ट्री निरीक्षक यानी औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा निदेशक की एकमात्र जिम्मेदारी है।



**आरजी द्विवेदी**, एडवाइजर, पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भोपाल

### मंडीदीप और गोविंदपुरा की कई फैक्ट्रियों में सेफ्टी ऑडिट नहीं

मंडीदीप और गोविंदपुरा जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में यदि कई इकाइयों का सेफ्टी ऑडिट अब तक नहीं हुआ है, तो यह न केवल श्रमिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र की दीर्घकालिक विश्वसनीयता और सतत विकास के लिए भी चिंता का विषय है। सेफ्टी ऑडिट केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जरूरी प्रक्रिया है, जिससे न केवल दुर्घटनाओं की आशंका कम होती है, बल्कि उत्पादन और परिचालन भी अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित बनते हैं। इस दिशा में लापरवाही से मानव जीवन, पर्यावरण और उद्योग तीनों पर विपरीत असर पड़ सकता है। प्रशासन की भूमिका इसमें निगरानी और नियमन की होती है, किंतु यह स्पष्ट है कि निरीक्षण तंत्र में या तो मानव संसाधन की कमी है या प्राथमिकता का अभाव। समयबद्ध सेफ्टी ऑडिट सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन को और अधिक सक्रिय तथा जवाबदेह बनने की आवश्यकता है। साथ ही, उद्योग प्रबंधकों की भी यह नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है कि वे सुरक्षा मानकों को केवल औपचारिकता न समझें, बल्कि उसे व्यावसायिक संस्कृति का हिस्सा बनाएं। उद्योग संगठन के रूप में हम सभी सदस्यों को प्रेरित करते हैं कि वे स्वैच्छिक सेफ्टी ऑडिट कराएं और कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।



**सीए (डॉ.) गौतम कोठारी**, अध्यक्ष, पीथमपुर औद्योगिक संगठन

### सुरक्षा ऑडिट पर विशेष ध्यान दें



औद्योगिक क्षेत्र में लघु और मझोले जो उद्योग शुरुआती दौर में सुरक्षा प्रणाली से अनभिज्ञ होते हैं, लेकिन नियमावली और प्रक्रियाओं से रूबरू होने के बाद सुरक्षा को प्राथमिकता प्रमुखता से देने में जुट गए हैं। मेरा तो इकाई संचालकों से यह अपील है कि सुरक्षा ऑडिट पर विशेष ध्यान दें, ताकि भविष्य में घटित होने वाली फायर की घटनाओं से जान-माल की हानि नहीं हो।

**मनोज मोदी**, को-चेयरमैन, पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

## ईसाई समुदाय ने पोप फ्रांसिस को दी श्रद्धांजलि, चर्च में की प्रार्थना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैथोलिक समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु, पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देने के लिए अरेरा कॉलोनी स्थित अजम्पशन को-कैथेड्रल चर्च में शोक सभा रखी गई। भोपाल के ईसाई समुदाय ने पोप के अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस प्रार्थना समारोह में हॉल ही में पहलगाम में हुए दुखद हमले में मारे गए लोगों को भी याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए भी विशेष रूप से प्रार्थना और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भोपाल धर्मप्रांत के आर्चबिशप दुरईराज ने कहा कि पोप फ्रांसिस हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों के प्रति गहरी सहानुभूति रखते थे। वे एक प्रभावशाली वक्ता थे, जिन्होंने अपने शब्दों से लाखों लोगों को प्रेरित किया। उनका संदेश सदैव प्रेम, करुणा और सेवा पर आधारित रहा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, सामाजिक अन्याय और धार्मिक सहिष्णुता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी।

- पहलगाम में मारे गए पर्यटकों पर जताया दुख

### आरजीपीवीः 12वां दीक्षांत 16 मई को, 170 विद्यार्थी को मिलेगी डिग्री

**भोपाल।** राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह 16 मई 2025 को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं विवि के कुलाधिपति मंगू भाई पटेल करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक, डीआरडीओ के पूर्व डायरेक्टर जनरल पद्मश्री डॉ. वीके सारस्वत एवं विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इन्दर सिंह परमार होंगे। 12वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों की बैठक गुरुवार को विवि के कुलपति प्रो. राजीव त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विवि के कुलसचिव डॉ. मोहन सेन ने बताया कि 16 मई को संपन्न होने वाले विवि के 12वें दीक्षांत समारोह में विगत तीन शैक्षणिक सत्रों के 2020, 2021 एवं 2022 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### पंच, सरपंच एवं सचिव बाल विवाह न होने देने की लेंगे शपथ

अक्षय तृतीया को लेकर राज्य में बाल विवाह रोकने बाल विवाह मुक्त अभियान शुरू

# बाल विवाह को लेकर अलर्ट मोड में शासन प्रशासन, स्कूल-कॉलेजों में भी करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम को लेकर शासन-प्रशासन की टीमें अलर्ट मोड में आ गई हैं। बाल विवाह रोकथाम के लिए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। इसमें सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। हेल्पलाइन नंबर 181, 1098, 100 और बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। 28 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच एवं सचिव बाल विवाह न होने देने की शपथ लेंगे, जिसे पंचायत भवनों में प्रदर्शित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त विवाह आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले प्रभावशाली व्यक्तियों-समूहों का सहयोग लेकर सामाजिक चेतना का निर्माण किया जाएगा। स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया, दीवार लेखन, और व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ व्यापक जन-जागरुकता फैलाई जाएगी। अपर मुख्य सचिव महिला बाल विकास रश्मि अरूण शमी ने सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिख कर 30 अप्रैल अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह, जिसमें बाल विवाह होने की संभावना होती है, उसके रोकथाम के लिए विशेष गतिविधियों करने के निर्देश दिए है।

### बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष रणनीति तय

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष रणनीति तय की गई है। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल की जानकारी देते हुए कहा कि यह पोर्टल एक ऐसा अभिनव ऑनलाइन प्लेटफार्म है, जो नागरिकों को बाल विवाह की घटनाओं की रिपोर्ट करन, शिकायत दर्ज करने और देश भर में बाल विवाह निषेध अधिकारियों (सीएमपीओ) के बारे में जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

### प्रत्येक ग्राम, वार्ड में एक सूचना दल गठित

प्रत्येक ग्राम, वार्ड में एक सूचना दल गठित किया जाएगा जिसमें शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, शौर्यादल, पंचायत सदस्य, और अन्य जागरूक नागरिक शामिल होंगे। यह दल विवाहों की जानकारी एकत्र कर संभावित बाल विवाह की सूचना देंगे। जिला और विकासखंड स्तर पर 24x7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएंगे जो प्राप्त सूचनाओं को त्वरित रूप से अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। जिला और परियोजना स्तर पर उड़न दस्ते गठित किए जाएंगे जो विवाह स्थलों का भ्रमण कर निगरानी करेंगे और आवश्यकतानुसार बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई करेंगे।

### आंगनबाड़ी और स्कूलों के बच्चे निकालेंगे रैली

*29 अप्रैल को आंगनबाड़ी और स्कूलों के बच्चों द्वारा रैली निकाल कर आम जनता को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। स्व-सहायता समूह की महिलाएं गांवों में सामूहिक चर्चाओं के माध्यम से बाल विवाह रोकने के प्रयास करेंगी। 18 वर्ष से कम उम्र की अविवाहित किशोरियों की सूची बनाकर उसे जिला प्रशासन, पंचायतों और पुलिस को सौंपा जाएगा, ताकि संभावित बाल विवाह पर नजर रखी जा सके। सामूहिक विवाह आयोजनों पर विशेष निगरानी के तहत पंचायत स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यशालाएं आयोजित कर पंच, सरपंचों को सजग किया जाएगा।*

# मेरी पुस्तक मीडिया रिवॉल्यूशन 2030 पढ़कर मेरी ही कुलपति हो गईं नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में शिक्षक पार्टी विशेष के हो गए हैं और अब शिक्षक पार्टी के स्पोक पर्सन के रूप में कार्य करने लगे हैं। लेखकी का न्याय नहीं हो पा रहा है। विश्वविद्यालय में कुलपतियों की नियुक्तियां किस तरह से हो रही हैं, यह सभी जानते हैं और इसे मैंने अपनी पुस्तक मीडिया रिवॉल्यूशन 2030 में बखूबी बयां किया है। जिसे पढ़कर हमारी ही कुलपति नाराज हो गईं। आज मुझे लगता है कि कुलपति बनना कोई बड़ी बात नहीं है। इसलिए मैं कहता हूं सरकारें आती जाती रहती हैं, लेकिन लेखक स्थाई होता है। यह कहना है प्रोफेसर विकास शर्मा (प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ) का जो गुरुवार को होटल कोर्ट यार्ड बाय मैरियट में इन्द्रा पब्लिशिंग द्वारा प्रकाशित डॉ स्वाति चांदोरकर द्वारा रचित पुस्तक वैदेही विद्रोह के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी उपस्थित रहे।

**सरकारें आती-जाती हैं लेखन स्थाई होता है**

इन्द्रा पब्लिशिंग द्वारा प्रकाशित डॉ स्वाति चांदोरकर द्वारा रचित पुस्तक वैदेही विद्रोह के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे




## कोर्टयार्ड बाय मेरियट में पुस्तक वैदेही विद्रोह का विमोचन

### जर्मनी, फ्रांस, जापान देता है अपनी मातृभाषा को प्राथमिकता

इस अवसर पर माधव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के संस्थापक विजय दत्त श्रीधर ने कहा कि राजभाषा के रूप में अंग्रेजी का तिरस्कार होना चाहिए, जर्मनी, फ्रांस, जापान का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां मातृभाषा को तवज्जो दी जाती है और अंग्रेजी को तिरस्कृत किया जाता है। यहां तक कि जब कोई भारतीय भी अंग्रेजी में बात करता है तो उसे हेय दृष्टि से देखा जाता है।

**केवल एक कहानी नहीं, बल्कि हर उस स्त्री की आवाज़ है, जो समाज से सवाल करती है**

लेखिका डॉ. स्वाति चंदोरकर ने कहा यह पुस्तक केवल एक कहानी नहीं, बल्कि हर उस स्त्री की आवाज़ है जो अपनी पहचान के लिए समाज से सवाल करती है।

---

**फिल्म फेडरेशन के चीफ एडवाइजर अशोक पंडित ने कहा**

# भारत में पाकिस्तानी फिल्में और पाकिस्तानी कलाकार हों बैन?




फिल्म रईस की माहिरा खान, कपूर एंड सन्स, खूबसूरत और ए दिल है मुश्किल में काम करने वाले फवाद खान, आतिफ असलम, अली जफर, जावेद शेख और राहत फतेह अली खान और मेरे ब्रदर की दुल्हन, डियर जिंदगी में काम करने वाले अली जफर समेत कई बड़े कलाकारों पर असर पड़ा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत और पाकिस्तान के रिश्ते हमेशा से काफी खराब रहे हैं। पाकिस्तान की हरकतों की वजह से अक्सर दोनों देशों के बीच तनाव रहा है। हालांकि, इसके बाद भी भारतीय लोग पाकिस्तानी एक्टर्स और शोज को काफी पसंद करते हैं। पाकिस्तानी कलाकरों की पॉपुलैरिटी को देखते हुए उन्हें हिंदी फिल्मों में काम के ऑफर भी मिल चुके हैं, लेकिन कुछ वक्त से पाकिस्तानी एक्टर्स और क्रिकेटर्स को इंडिया में बैन किया जा चुका है। इस बैन के चलते शाहरुख खान के साथ फिल्म रईस में काम करने वाली माहिरा खान, कपूर एंड सन्स, खूबसूरत और ए दिल है मुश्किल में काम करने वाले फवाद खान, आतिफ असलम, अली जफर, जावेद शेख और राहत फतेह अली खान और मेरे ब्रदर की दुल्हन, डियर जिंदगी में काम करने वाले अली जफर समेत कई बड़े पाकिस्तानी कलाकारों पर असर पड़ा था।

## अब कोई भी भारतीय पाकिस्तानी कलाकारों के साथ काम नहीं करेगा

### आतिफ असलम, फवाद खान, माहिरा खान ने भारत के साथ लंबे अर्से से नहीं किया काम

पिछले काफी लंबे वक्त से आतिफ असलम, फवाद खान, माहिरा खान, हानिया आमिर जैसे पाकिस्तानी कलाकारों ने भारत के साथ काम नहीं किया है। असल में भारत में पाकिस्तानी कलाकरों पर बैन लगाया जा चुका है। लेकिन हाल ही में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की बॉलीवुड कमबैक फिल्म अबीर गुलाल जो 9 मई को रिलीज होने वाली थी, वह भी अब पूरी तरह बैन हो चुकी है, क्योंकि 14 फरवरी 2019 में पुलवामा हमले के बाद पहली बार किसी पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान की फिल्म भारत में रिलीज हो रही थी।






### पाकिस्तानी एक्टर्स, सिंगर्स या टेक्नीशियंस के साथ भारतीय नहीं करेंगे कोई काम

उरी और पुलवामा हमले के बाद दोनों ही बार बैन हटा लिया गया था और इस बार तो पहलगाम हमले जैसी कायराना हरकत के बाद फिल्म फेडरेशन के चीफ एडवाइजर अशोक पंडित ने बुधवार को आधिकारिक रूप से यह घोषणा की कि अब से भारत में कोई भी कलाकार सिंगर या फिल्म निर्माता पाकिस्तानी कलाकारों के साथ काम नहीं करेगा। चाहे वह भारत में हो या किसी अन्य देश में शूट की गई फिल्म हो। अशोक ने कहा कि भारत के कलाकार अब किसी भी तरह पाकिस्तानी एक्टर्स, सिंगर्स या टेक्नीशियंस के साथ कोई काम नहीं करेंगे। स्टेटमेंट में फवाद खान के साथ फिल्म अबीर गुलाल पर भी बैन लगाने की घोषणा की।

### पाकिस्तानी कलाकारों और फिल्मों से जुड़ी कुछ जानकारी

- उल्लेखनीय रूप से, द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट (2022) वास्तविक प्रतिबंध के बाद एक दशक से अधिक समय में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली पहली पाकिस्तानी फिल्म थी।
- नवंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी, लेकिन प्रतिबंध अभी भी जारी है।
- प्रतिबंध से पहले, इन द नेम ऑफ गॉड (खुदा के लिए) (2008) और बोल जैसी फिल्में भारत में रिलीज हुई थीं, जिससे पाकिस्तानी और भारतीय सिनेमा के बीच संबंधों में बदलाव आया।
- बीते 7 साल से पाकिस्तानी कलाकारों के भारत में काम करने पर बैन लगा हुआ था। लेकिन पाकिस्तानी कलाकारों की बॉलीवुड में वापसी का रास्ता 2023 में खुल गया था, जब बॉम्बे हाईकोर्ट ने पाकिस्तानी अभिनेताओं के भारत में काम करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था।
- वहीं ओटीटी और यूट्यूब पर भी दिखाए जा रहे पाकिस्तानी शोज को बैन करने की मांग की जा रही है, जिसमें तेरे बिन, मेरे हमसफर और कैसी तेरी खुदगर्जी है जैसे कई शोज के बाद तेजी से वायरल हो रहे हैं।

## फिल्मी सितारों का इस ज्वलंत मुद्दे पर विचार

### 'मोहब्बत और जंग में सब कुछ जायज है' यह एक प्रकार से जंग ही है



फिल्म अभिनेता रजा मुराद ने कहा कि यदि किसी मुल्क को बैन किया जाता है तो उस मुल्क की हर चीज बैन होती है, ऐसा नहीं होता कि मुल्क के बाशिंदे हमारे देश में आएं और अपनी कला का प्रदर्शन करें वो भी पूरी तरह बैन की श्रेणी में ही आते हैं। उन्होंने कहा कि क्योंकि इससे पहले भी कई पॉलिटिकल पार्टी ने पाकिस्तानी कलाकारों को बैन करने की बात की, लेकिन आज क्योंकि सरकार ने यह बात की है तो इस पर सरकार की सील लग चुकी है और यह स्वागत योग्य भी है। कहावत है कि 'मोहब्बत और जंग में सब कुछ जायज है' तो यह एक प्रकार से जंग ही है।

### सरकार द्वारा जो आदेश हो गया है, वही मान्य होना चाहिए



फिल्म अभिनेता मुकेश तिवारी ने कहा कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, यहां तक कि सरकार ने जो डिसीजन ले लिया है इस पर अमल होना चाहिए। हम मुल्क नहीं चला रहे बल्कि सरकार चला रही है और उनके निर्णय पर हमें मौन ही रखना चाहिए। जब सारे संबंध ही खत्म हो गए हैं तो यह भी सही निर्णय है। जो आदेश हो गया है वही मान्य होना चाहिए।

### कहीं न कहीं सरकार को ही नुकसान पहुंचता है, अशोक पंडित के स्टेटमेंट को फिल्म इंडस्ट्री तो शायद नहीं मानती



फिल्म निर्माता फौजिया अर्शी ने कहा कि इस तरह से पाकिस्तानी कलाकारों या गायकों को बैन करना एक पॉलीटिकल स्टंट है क्योंकि कलाकार हमेशा ही सॉफ्ट टारगेट होता है और उसका इन सब चीजों से कोई लेना-देना नहीं होता। यदि बैन करना ही है तो अपने इंपोर्ट-एक्सपोर्ट बिजनेस को बैन किया जाए। उन्होंने कहा कि आर्टिस्ट सबसे इजी टारगेट होता है, जिसके ऊपर कोई भी चीज आसानी से लादी जा सकती है और यदि टारगेट करना ही है तो मिलिट्री लेवल पर टारगेट किया जाए। रॉ विभाग डिसीजन ले। उन्होंने कहा कि मनोज मुंतशिर हो या अशोक पंडित हो यह सब पॉलिटिकल स्टेटमेंट देते हैं, जिससे कहीं न कहीं सरकार को ही नुकसान पहुंचता है और अशोक पंडित के स्टेटमेंट को फिल्म इंडस्ट्री तो शायद नहीं मानती।

---

## अरेरा क्लब में क्लब लिटराटी के शेक्सपियर महोत्सव 'शेक्सपियराना 2025' का आयोजन



# वन टच ऑफ नेचर मैक्स द होल वर्ल्ड इन...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्लब लिटराटी ने अपने वार्षिक शेक्सपियर महोत्सव - शेक्सपियराना 2025 के 11वें संस्करण का समापन भोपाल के अरेरा क्लब के बैंक्वेट हॉल में पैनल चर्चा आयोजित करके किया। महोत्सव का विषय सस्टेनेबल शेक्सपियर था।

पैनल चर्चा शेक्सपियर के नाटक ट्रॉयलस एंड क्रेसिडा की इन पंक्तियों पर आयोजित की गई, वन टच ऑफ नेचर मैक्स द होल वर्ल्ड इन का अर्थ है प्रकृति का एक स्पर्श पूरी दुनिया को एक-दूसरे से जोड़ता है।



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम की शुरुआत परितोष दुबे ने सभी प्रख्यात पैनलिस्टों - लोकेंद्र ठक्कर, सूफिया फारुकी वली, राजुला शाह, जॉयस पंडित और विवेक त्रिपाठी और कार्यक्रम संचालक, क्लब अध्यक्ष डॉ. सीमा रायजादा से परिचय कराकर की।

### आधुनिक अवधारणाएं प्रकृति के पक्ष में नहीं

अनुभवी शिक्षक जॉयस पंडित ने कहा कि शेक्सपियर के नाटक आम आदमी के लिए रंगमंच को सुलभ बनाते हैं। उनके विविध विषय सभी लोगों को साहित्य पर विचार करने के लिए प्रेरित करते हैं। लोकेंद्र ठक्कर ने स्थिरता पर अपना दृष्टिकोण जोड़ते हुए कहा कि सतत विकास और चक्रीय अर्थव्यवस्था की आधुनिक अवधारणाएं प्रकृति के पक्ष में नहीं, बल्कि इसके खिलाफ हैं। उन्होंने सलाह दी कि अकेले विज्ञान पर्यावरण को नहीं बचा सकता, संस्कृति और कला मिलकर यह कार्य कर सकती हैं।

---

**अखिल भारतीय साहित्य परिषद का पहलगाम हादसे पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन**

# साहित्यकारों में रोष, सभा में उमड़ा आक्रोश और भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

» वक्ताओं ने अपनी पीड़ा प्रकट की व प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की मांग की

» साहित्यकारों ने दिवंगत आत्माओं को शब्दों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी और शोक प्रकट किया

अखिल भारतीय साहित्य परिषद भोपाल इकाई एवं शहर की विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के साहित्यकारों ने कश्मीर के पहलगाम में दिवंगत हुए भारतीय नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह श्रद्धांजलि सभा विश्व संवाद केंद्र, में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में साहित्यकार, लेखक व कवि एकत्रित हुए। सभा में साहित्यकारों ने दिवंगत आत्माओं को शब्दों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी और इस दर्दनाक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। वक्ताओं ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अपनी पीड़ा प्रकट की और प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की मांग की।



# 'विरासत स्थलों का सुरक्षात्मक संरक्षण' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

## विरासत स्थलों को क्षरण से बचाना, जल संसाधनों के उपयोग को समझना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, मध्य प्रदेश द्वारा विरासत स्थलों का सुरक्षात्मक संरक्षण विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। कार्यक्रम विरासत स्थलों के संरक्षण को हरित व स्थायी समाधान के रूप में विकसित करने की दिशा में एक प्रयास था। इसका उद्देश्य विरासत स्थलों को क्षरण से बचाना, जल संसाधनों के समुचित उपयोग को समझना और लागू करना था।



**रूफ वाटर ट्रीटमेंट का विस्तृत ब्यौरा**

कार्यक्रम में ओपन डिस्कशन का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कैचमेंट एरिया ट्रीटमेंट, ग्राउंड वाटर रिजर्वेशन, रनऑफ वाटर मैनेजमेंट, रूफ वॉटर ट्रीटमेंट और बावड़ियों के पुनर्जीवीकरण जैसी तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

### बावड़ियां, तालाब, इतिहास के साक्षी

इस कार्यक्रम के बारे में बताते हुए डॉ. रवीन्द्र ठाकुर ने संरक्षण के क्षेत्र में वर्षाजल प्रबंधन को एक नई दिशा देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, बावड़ियां, तालाब, सरोवर और नदियां, ये सब हमारे इतिहास के साक्षी हैं। जल प्रबंधन की पारंपरिक पद्धतियों को समझना और उन्हें पुनर्जीवित करना, संरक्षण के साथ-साथ समाज को भी जल संकट से उबारने का मार्ग है।

---

**28 अप्रैल तक चलेगा जीटीबी कॉम्प्लेक्स स्थित मृगनयनी एम्पोरियम में चंदेरी उत्सव**

# चंदेरी उत्सव के दौरान कलाकारों और शिल्पकारों के सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारे देश में अलग-अलग राज्यों के हैंडलूम और हस्तशिल्प के तरीके भी अलग हैं, उनके फैब्रिक, डिजाइन और रंग भी अलग हैं। लेकिन खासियत यह है कि ये सभी अपने अंचलों की संस्कृति और खासियतों को संजोए हुए हैं। ऐसी ही सांस्कृतिक विरासत को साड़ियों और डिजाइनर कलेक्शन के माध्यम से उकेरने का कार्य किया है चंदेरी के शिल्पकारियों ने। न्यू मार्केट स्थित जीटीबी कॉम्पलेक्स के मृगनयनी एम्पोरियम में आयोजित चंदेरी उत्सव में शिल्पकारियों ने ऐसी ही खूबसूरत कलेक्शन को प्रदर्शित किया है। इस उत्सव में चंदेरी से आये शिल्पी मो. शगारी, मो. असद खान, मोहम्मद अनस और मुज्जफर खान ने एक से बढ़कर एक चंदेरी तैयार डिजाइनर कलेक्शन को प्रदर्शित किया है। एम्पोरियम के प्रबंधक अरविंद शर्मा ने बताया कि चंदेरी साड़ियां मूलतः कपास और रेशम के मिश्रण से बुनी जाती हैं, जिनमें जरी का बारीक उपयोग किया जाता है जो इसे अन्य साड़ियों से अलग बनाती है। चंदेरी उत्सव 28 अप्रैल तक चलेगा।



### रोजगार उपलब्ध कराने में है मददगार

एम्पोरियम के प्रबंधक अरविंद शर्मा ने बताया कि हस्तशिल्प को आम लोगों की कला बताया गया है और भारत में यह महज एक उद्योग नहीं है, बल्कि इसे कलाकारों और शिल्पकारों के सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति माना जाता है। यह न सिर्फ लोगों की जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि उनकी कलात्मक इच्छाओं को भी पूरा करता है। अरविंद कहते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था में हस्तशिल्प क्षेत्र की अहम भूमिका है। यह ग्रामीण और अर्ध शहरी इलाकों में एक बड़े तबके को रोजगार उपलब्ध कराता है। यह कला देश के सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी सहायक है।



### चंदेरी का है समृद्धशाली इतिहास

चंदेरी से आये शिल्पी मोहम्मद अनस ने बताया कि चंदेरी सिल्क साड़ी का नाम विंध्याचल पर्वत श्रृंखला के छोटे से कस्बे चंदेरी पर पड़ा है। इस स्थान का अपना एक समृद्धशाली इतिहास रहा है। आपको इस स्थान का नाम रामायण और महाभारत में भी मिलेगा। इस स्थान पर प्राचीन समय से कपड़े का उत्पादन किया जा रहा है और पहले यहां मलमल से चंदेरी सिल्क कपड़ा तैयार किया जाता था। इस कपड़े में प्रयोग किए गए मलमल के धागे बहुत पतले होते थे। इसलिए यह कपड़ा बहुत ही मुलायम और पारदर्शी होता है।

### केंद्र ने 100 प्रतिशत टीकाकरण हासिल करने शुरू किया अभियान

# अगले साल तक देश से खसरा और रूबेला को खत्म कर देंगे

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ऑनलाइन कार्यक्रम के जरिए कार्यक्रम की शुरुआत की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में खसरा और रूबेला जैसी बीमारियों को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को विश्व टीकाकरण सप्ताह की शुरुआत के मौके पर एक ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान 2025-26 की शुरुआत की। इस अभियान का लक्ष्य है कि अगले साल तक देश से खसरा और रूबेला बीमारी पूरी तरह खत्म कर दी जाए।सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत बच्चों को खसरा और रूबेला बीमारी से बचाने के लिए दो टीके निःशुल्क लगाए जाते हैं। पहला टीका बच्चों को 9 से 12 महीने की उम्र में दिया जाता है, जबकि दूसरा टीका 16 से 24 महीने की उम्र में लगाया जाता है। पहली खुराक 93.7 प्रतिशत बच्चों को और दूसरी खुराक 92.2 प्रतिशत बच्चों को दी जा चुकी है।

**निशुल्क लगाए जा रहे टीके**

**इसकी दूसरी खुराक 92.2 प्रतिशत बच्चों को दी जा चुकी**



**100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करने का लक्ष्य बनाया**

नड्डा ने कहा कि आज का दिन बहुत खास है इस अभियान का मकसद है कि हर बच्चे को खसरा और रूबेला के दोनों टीके समय पर दिए जाएं, ताकि सभी बच्चों को अच्छी सेहत और बेहतर जीवन मिल सके। इसका लक्ष्य 100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करना है।

**पोस्टर, रेडियो जिंगल और फिल्म भी जारी की**

नड्डा ने खसरा-रूबेला के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कई भाषाओं में तैयार की गई सामग्री जैसे पोस्टर, रेडियो जिंगल, एमआर उन्मूलन पर फिल्म और यू-विन प्लेटफॉर्म की आधिकारिक लॉन्च फिल्म भी जारी की। ये सभी सामग्री एमआर उन्मूलन अभियान 2025-26 के दौरान इस्तेमाल करने के लिए देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा की गई है।

### सतर्क रहें और निगरानी को और मजबूत करें राज्य

नड्डा ने बताया कि जनवरी से मार्च 2025 के बीच देश के 332 जिलों में खसरे का एक भी मामला सामने नहीं आया और 487 जिलों में रूबेला का कोई केस नहीं मिला। लक्ष्य की तरफ हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि बीमारियों पर नजर रखने के लिए एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम को लगातार सक्रिय रखना और इसकी निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करना बहुत जरूरी है। पोलियो और मातृ-नवजात टिटनेस की तरह इसे खत्म करके ही दम लेंगे। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे सतर्क, तैयार और सक्रिय रहें और बिना देर किए तुरंत कदम उठाने की नीति पर काम करें।

**कोई भी वंचित नहीं रहना चाहिए**

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने राज्य के मंत्रियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि वे सार्वजनिक और प्रेस मीटिंग्स आयोजित करें, ताकि बड़ी संख्या में लोगों को टीकाकरण अभियान के बारे में जानकारी दी जा सके। वे दूरदराज के क्षेत्रों, झुग्गी-बस्तियों, प्रवासी लोगों और ऐसे इलाकों में जाएं जहां बीमारियां बार-बार फैलती हैं, ताकि वहां के लोगों को भी टीकाकरण का लाभ मिल सके।

---

## खबर संक्षेप

### कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र की मौत

**कोटा।** दिल्ली से नीट की तैयारी करने आए छात्र का शव गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास मिला।



शुरुआती जांच में बताया कि छात्र ने शायद जहर खाकर आत्महत्या की है। लैंडमार्क सिटी इलाके में स्थित घटनास्थल पर आत्महत्या से संबंधित कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। 48 घंटे के भीतर यह आत्महत्या का दूसरा मामला है।

### चांदनी चौक के मार्केट में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चांदनी चौक इलाके के भागीरथ पैलेस मार्केट में आग लगने की घटना



सामने आई। आग बुझाने के लिए मौके पर दमकल की 9 गाड़ियां पहुंची थीं। भगीरथ प्लेस के 1860 नंबर दुकान में आग लगी थी। सेकंड फ्लोर डेकोरेशन की दुकान में गुरुवार दोपहर 1:50 बजे आग लगी। आग पर काबू पा लिया है।

### कोलकाता में 2 'कॉल सेंटर' मिले, 16 अरेस्ट

**कोलकाता।** कोलकाता में पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार कर कथित रूप से विदेशी नागरिकों को



ठगने वाले फर्जी दो 'कॉल सेंटर' का भंडाफोड़ किया है। सेलिमपुर और बेहाला में दो अवैध 'कॉल सेंटर' पर छापेमारी की गई और वहां से कई मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, हेडफोन और दस्तावेज जब्त किए गए।

### 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कछार जिले में एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार



कर 3 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सिल्दुबी में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। 10 हजार याबा टैबलेट जब्त की है, जिनका मूल्य 3 करोड़ है।

---

### लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बोले पीएम मोदी

# 'बिहार में रेल संपर्क को बढ़ावा' की प्रतिबद्धता को केंद्र ने पूरा किया, विद्युत आपूर्ति भी बढ़ेगी



बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने 1,170 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। गोपालगंज में एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की भी आधारशिला रखी।

**प्रधानमंत्री ने मधुबनी में 13,480 करोड़ रुपए की योजनाओं की दी सौगात**

एजेंसी ▶▶ मधुबनी

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को बिहार के एक दिवसीय दौरे के क्रम में मधुबनी पहुंचे। यहां उन्होंने झंझारपुर प्रखंड के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने रिमोट के जरिए 13,480 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कई रेल परियोजनाओं की भी सौगात देशवासियों को दी। बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने बिहार में 1,170 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। मोदी ने गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़की लागत से बनने वाले एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की आधारशिला रखी। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए उन्होंने बिहार में 1,170 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 5,030 करोड़ से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

### ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

देशभर में रेल संपर्क को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप पीएम मोदी ने सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में दो 2-लेन रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन किया। उन्होंने खगड़िया-अलौली रेल लाइन को भी राष्ट्र को समर्पित किया।



**5 लाभार्थियों को चाबियां दी, 10 लाख को किस्तें दी**

उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहार के दो लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को लगभग 930 करोड़ के सामुदायिक निवेश कोष के लाभ वितरित किए। इस अवसर पर पीएमएवाई-ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी दिए गए और देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्तें जारी की गईं। उन्होंने बिहार में एक लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों के गृह प्रवेश को चिन्हित करते हुए पांच लाभार्थियों को चाबियां सौंपी। कई श्रेणियों में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

**'इंडिया स्टील 2025' में संबोधन**

### स्टील सेक्टर को बताया देश की प्रगति का मजबूत आधार

पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'इंडिया स्टील 2025' के छठे संस्करण को संबोधित किया। यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मुंबई के बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित हो रहा है। इसका आयोजन केंद्रीय इस्पात मंत्रालय और उद्योग संगठन फिक्की द्वारा किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि स्टील सेक्टर भारत की प्रगति का आधार है और एक विकसित भारत की मजबूत नींव है।

**भवनों में 'मेड इन इंडिया' स्टील का उपयोग अनिवार्य**

मोदी ने कहा कि हमने नेशनल स्टील पॉलिसी के तहत 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन का लक्ष्य तय किया है। मोदी ने कहा कि सरकारी भवनों के निर्माण में 'मेड इन इंडिया' स्टील का उपयोग अनिवार्य होगा।

**रक्षा-रणनीतिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बने**

उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से उच्च गुणवत्ता वाले स्टील के लिए आयात पर निर्भर रहा है। अब रक्षा और रणनीतिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बने।

**नीतीश की फिर दो टूक**

### हम एनडीए के साथ हैं और आगे भी रहेंगे



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक फिर भरोसा दिया कि वे भाजपा को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। उन्होंने झंझारपुर में पंचायती राज दिवस पर कहा कि उनकी पार्टी राजद के खिलाफ मजबूती से लड़ती रहेगी। जब एनडीए की सरकार बनी तो 2006 में हमने पंचायती राज और 2007 में नगर निकाय के कानून में संशोधन किया।

---

**इस्लामी आतंक और लाल सलाम पर वार**

# 1 हजार नक्सलियों को सेना ने घेरा, पांच माओवादी ढेर



एजेंसी ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक बार फिर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। करीगुट्टा की पहाड़ियों में घने जंगलों में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों का मुकाबला किया। इसमें सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में 5 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस अभियान में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के 20,000 सुरक्षाकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। 1,000 से अधिक नक्सली अब सुरक्षाबलों के घेरे में हैं। सर्च अभियान में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सली ठिकानों का पता लगाकर उन्हें ध्वस्त किया। इस दौरान 6 सोलर प्लेट, 2 नक्सली वर्दियां, 2 छत पंखे, और अन्य सामग्री मिली है। अभियान का संचालन सीआरपीएफ की विशेष यूनिट कोबरा की 208वीं बटालियन द्वारा जीदपल्ली स्थित कैंप से किया जा रहा है।

### 14 माओवादियों ने किया सरेंडर

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) के 14 सदस्यों ने तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक, अलग-अलग कैडरों से संबंधित 14 माओवादियों ने सरेंडर किया है, जिसमें 2 एरिया कमेटी के सदस्य भी शामिल हैं। इन्होंने वारंगल पुलिस आयुक्तालय में मल्टी जोन 1 के पुलिस महानिरीक्षक एस चंद्रशेखर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि अब तक इस साल 250 माओवादी सरेंडर कर चुके हैं।

### मणिपुर में भी 3 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले से कई अभियानों के दौरान 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) के एक सक्रिय सदस्य को नोंगपोक संजेनबाम में गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान लौशंबम सुंदर सिंह उर्फ बुंगबुंग (34) के रूप में हुई है। उस पर व्यापारियों से जबरन वसूली का आरोप है। प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लुप के एक सदस्य को केइबी हेइकक मपाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जबकि पीआरईपीएके के एक सदस्य को सॉओमबुंग पौराबी से पकड़ा गया। इसमें हथियार और गोला-बारूद का जखीरा भी बरामद किया गया, जिसमें तीन एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक 9 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन और चार हैंड ग्रेनेड शामिल हैं।

---

**बंगाल हिंसा का मामला अदालत पहुंचा**

# अब हाईकोर्ट ने सुवेंदु को दी मुर्शिदाबाद जाने की अनुमति

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने भाजपा नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को मुर्शिदाबाद के उन क्षेत्रों का दौरा



करने की अनुमति दी, जो हाल ही में संसद में पारित वक्फ विधेयक के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान व्यापक हिंसा से प्रभावित हुए थे। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस राजा बसु चौधरी की खंडपीठ ने यह अनुमति दी। साथ ही यह स्पष्ट किया,वे न तो कोई जुलूस निकालेंगे, न कोई रैली करेंगे और न ही कोई ऐसा सार्वजनिक भाषण देंगे, जिससे शांति भंग हो सकती है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एडवोकेट ने उच्च न्यायालय को बताया कि उन्होंने संबंधित प्राधिकरण को निर्देश देने के लिए यह रिट याचिका दायर की, जिससे याचिकाकर्ताओं को दो अन्य व्यक्तियों और सुरक्षा बलों के साथ धुलियान, सुत्ती और शमशेरगंज जैसे हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की अनुमति मिल सके। कोई अप्रिय घटना न हो।

**डॉ. मांडविया ने शुरू की दो नई पहल**

# 2036 ओलंपिक की तैयारी डिजिटली मिलेंगे प्रमाण पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने देश के खेल क्षेत्र को मजबूत करने के लिए दो बड़ी पहलों



का उद्घाटन किया। इनमें नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एंड रिसर्च में रिटर्न टू स्पोर्ट्स सेल और डिजिलॉकर के जरिए खेल प्रमाणपत्रों की डिजिटल सुविधा शामिल है। इसका मकसद 2036 ओलंपिक के लिए भारत को तैयार करना है। मांडविया ने कहा कि सरकार देश के खेल क्षेत्र को तेजी से आगे बढ़ा रही है। डिजिलॉकर के जरिए अब खिलाड़ियों को उनके प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में आसानी से मिल सकेंगे। इससे प्रशासनिक काम तेज होगा और खिलाड़ियों को आर्थिक मदद मिलेगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और खेल फेडरेशनों में गड़बड़ी नहीं हो सकेगी। हर फेडरेशन की जवाबदेही तय होगी। प्रत्येक खेल फेडरेशन के साथ कॉर्पोरेट साझेदारी की जा रही है।

### मशाल जुलूस निकालकर की निंदा



**चिकमंगलूर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए चिकमंगलूर में मशाल जुलूस निकाला।

---

**बिहार के खगड़िया के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा**

# अलौली में पहली बार दौड़ी ट्रेन, लोग उत्साहित होकर नाचने- झूमने लगे

एजेंसी ▶▶ खगड़िया

बिहार के खगड़िया जिले के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। तत्कालीन रेल मंत्री केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान के गृह क्षेत्र अलौली में पहली बार ट्रेन दौड़ी। इस का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली किया। स्पेशन ट्रेन अलौली से सहरसा के लिए रवाना की गई। पासवान ने 1998 में खगड़िया-कुशेश्वर रेलखंड की परियोजना की मंजूरी दी थी। ट्रेन के परिचालन शुरू होने से स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल। यह सुविधा सामाजिक और आर्थिक रूप से एक बड़ा परिवर्तन है। स्थानीय लोगों में खासा उत्साह दिखा, झूमे और नाचे। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

**पासवान का सपना हो गया पूरा**



### 26 साल पहले पासवान ने देखा था सपना

26 साल पूर्व यानी 1998 में पासवान ने खगड़िया- कुशेश्वर रेल परियोजना की मंजूरी दिए थे। जो 26 साल बाद साकार हुआ है। हालांकि इस परियोजना के तहत खगड़िया से कुशेश्वर के बीच 44 किलोमीटर तक रेल ट्रैक बनना है। लेकिन अभी केवल 18 किलोमीटर तक का ही काम पूरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ट्रेन चालू होने से आवागमन में काफी सुविधा होगी।

---

**केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी का ऐलान**

# ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा को भी मिलेगी सेफ्टी रेटिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) और इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन (आईआरटीई) के संयुक्त आयोजित व्हीकल एंड फ्लीट सेफ्टी कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जल्द ही ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा को भी भारत एनसीएपी के तर्ज पर सेफ्टी रेटिंग दी जाएगी। इसकी योजना बनाई जा रही है। इसका उद्देश्य निर्माताओं को उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

सरकार देश में चलने वाले ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा के लिए भी सेफ्टी रेटिंग का नियम लाने वाली है। कारों के के लिए भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम द्वारा दी जाने वाली सेफ्टी रेटिंग के तर्ज पर ही अब इन वाहनों को भी सेफ्टी रेटिंग मिलेग।

**जीएनसीएपी और आईआरटीई के संयुक्त अधिवेशन में यह बात कही**



**सेफ्टी और क्वालिटी में सुधार होगा**

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि इसी तरह सरकार पहले से ही देश में बैटरी से चलने वाले ई-रिक्शा के लिए मानकों और सेफ्टी स्टैंडर्ड सिस्टम पर काम कर रही है, क्योंकि ई-रिक्शा में सेफ्टी को लेकर कई बार सवाल उठाए जा चुके हैं। इससे ई-रिक्शा के सेफ्टी और क्वॉलिटी में सुधार होगा, जिससे लोग सुरक्षित यात्रा कर सकेंगे और रोजगार पैदा होगा।

**लॉजिस्टिक्स लागत को कम करेंगे**

सड़क दुर्घटनाओं के बारे में गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसके चलते 1.8 लाख लोगों की मौत हो जाती है। सरकार की प्राथमिकता सड़क सुरक्षा, सुरक्षित राजमार्गों का विस्तार, सुरक्षित वाहन और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है।

### ट्रक ड्राइवरों का समय तय होगा, सुरक्षा भी बढ़ेगी

मंत्री गडकरी ने कहा कि सड़क मंत्रालय ट्रक ड्राइवरों के लिए काम के घंटे निर्धारित करने के लिए कानून पर भी काम कर रहा है। अभी वे दिन में 13-14 घंटे गाड़ी चलाते हैं। देश ट्रक ड्राइवरों की कमी का सामना कर रहा है, इसलिए सरकार देश भर में 32 अत्याधुनिक ड्राइविंग संस्थान स्थापित करने की भी योजना बना रही है। मंत्रालय ने ट्रकों के केबिन में एयर कंडीशन की सुविधा और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम को पहले ही अनिवार्य कर दिया गया है।

**विदेश मंत्रालय ने कहा- पाकिस्तान से जल्द लौटें भारतीय**

**भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरतः माइकल रुबिन**



# पेंटागन के पूर्व अधिकारी बोले- अब कोई रास्ता नहीं बचा... पाकिस्तान से इजराइल जैसा बदला ले भारत

*पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में गुस्सा है। सभी पहलगाम के बैसरन में हुए आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं। इस बीच, पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने इस हमले को लेकर सीधे तौर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि इस हमले के बाद साफ है कि भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरत है।

इसमें कोई शक या संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यह वैसा ही है जैस 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला किया था। वह हमला खास तौर पर यहूदियों के खिलाफ था और सिर्फ यहूदियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि उन सबसे उदार यहूदियों के खिलाफ था जो गाजा पट्टी के साथ शांति और सामान्य स्थिति चाहते थे। अब छुट्टी मनाने वाले रिसॉर्ट पर मध्यम वर्ग के हिंदुओं को निशाना बनाने से साफ है कि पाकिस्तानी अब वही रणनीति अपना रहे हैं। अब भारत का कर्तव्य है कि वह पाकिस्तान और पाकिस्तान की आईएसआई के साथ वैसा ही करे जैसा इजराइल ने हमास के साथ किया। अब वक्त आ गया है कि आईएसआई के नेतृत्व को खत्म कर दें और उन्हें एक नामित आतंकवादी समूह के रूप में माना जाए। मांग की जाए कि भारत का सहयोगी हर देश, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सहयोगी हर देश ऐसा ही करे।

### पाकिस्तान आतंकवादी समूहों का घर

*पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि हम जानते हैं कि पाकिस्तान कई आतंकवादी समूहों का घर है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा भी शामिल है। दुर्भाग्य से, पाकिस्तानी राजनयिकों द्वारा पश्चिम को मूर्ख बनाने के कारण आतंकवाद विरोधी कार्रवाई की कमी के कारण, अब हमारे पास न केवल पाकिस्तान में बल्कि बांग्लादेश में भी ऐसी ही समस्या का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में खुफिया जानकारी सामने आएगी। मुझे यकीन है कि कुछ संकेत मिलेंगे। वैचारिक दलदल के आधार पर कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की आईएसआई है, तथा वे ही तार्किक और वैचारिक रूप से एकमात्र देश हैं जो इस समय संदिग्ध हैं।*

### शाह ने ओवैसी को दिल्ली बुलाया




*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सर्वदलीय बैठक के लिए एआईएमआईएम प्रमुख सांसद असदुद्दीन ओवैसी को फोन करके दिल्ली बुलाया है। ओवैसी ने कहा- गृह मंत्री ने मुझे फोन किया और पूछा कि मैं कहां हूं। उन्होंने मुझे आने के लिए कहा है। मैं जल्द से जल्द दिल्ली पहुंच रहा हूं। बता दें कि इससे पहले ओवैसी ने पीएम मोदी से आग्रह किया था कि संसद में सदस्यों की संख्या पर गौर किए बिना सभी राजनीतिक दलों को पहलगाम सर्वदलीय बैठक में आमंत्रित किया जाए।*

### पाकिस्तान उच्चायोग में केक की इंट्री



पहलगाम में आतंकी हमला के बीच दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक कर्मचारी केक लेकर अंदर जा रहा था। मीडिया ने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने कुछ नहीं बोला कि आखिर किस खुशी में ये केक अंदर लेकर जा रहे हो। पाकिस्तान दूतावास में केक लेकर जाने को लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान खुश है। सच्चाई चाहे जो भी हो लेकिन पाकिस्तान कर्मचारी का जवाब न देना कई सवाल खड़े करता है। भारत-पाकिस्तान संबंध का असर दिखने लगा है। दिल्ली में पाकिस्तानी दूतावास की सुरक्षा भी कम कर दी गई है। अभी पाकिस्तानी दूतावास के बाहर सन्नाटा छाया हुआ है। कोई सुरक्षाकर्मी नजर नहीं आ रहा है।

### नेतागण बोलने से पहले सोचें, आतंकवाद का धर्म होता है ये तय हो गयाः अविमुक्तेश्वरानंद



मध्य प्रदेश के सिवनी में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस आतंकी हमले पर बोलते हुए कहा कि इस घटना ने प्रमाणित किया है कि आतंकवाद का धर्म होता है। इसके साथ ही उन्होंने नेताओं और सरकार को भी निशाने पर लिया। शंकराचार्य ने कहा कि यह घटना कोई सामान्य नहीं है। देश के बड़े-बड़े नेता समय-समय पर कहते रहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। इस घटना ने प्रमाणित कर दिया है कि नेतागण बोलने से पहले सोचिए, क्योंकि इस घटना ने प्रमाणित किया है। लोगों का धर्म पूछकर उन्हें मार दिया गया। किसी एक धर्म विशेष का होने के कारण उनको मार दिया गया। शंकराचार्य ने कहा कि इससे जो भी मतलब निकलता हो, लेकिन ये तो सिद्ध हो गया है कि आतंकवाद का धर्म होता है।

जाना होगा

## सीमा हैदर को छोड़ना होगा भारत, कटेगा वापसी का टिकट,संशय?



पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने जो कड़े कदम उठाए हैं, उसके बाद नेपाल के रास्ते भारत आई सीमा हैदर अचानक चर्चा में आ गई है। सवाल उठने लगा है कि सरकार के सार्क वीजा रद्द करने के फैसले के बाद क्या सीमा हैदर को भी 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ना होगा? दरअसल पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर 2023 में नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश की थी और अपने भारतीय पति सचिन मीणा के साथ दिल्ली में रह रही है। पब्जी खेलते-खेलते दोनों में प्यार हुआ और सीमा भारत आ गई। जानकारों का कहना है कि सरकार के फैसले के बाद सीमा को भी देश छोड़ना पड़ सकता है, लेकिन उसे इसलिए राहत मिल सकती है, क्योंकि उसके पास कोई वीजा नहीं है और उसका मामला अभी कोर्ट में है। इसके अलावा राज्य सरकार पर निर्भर करता है कि वो क्या फैसला लेता है। वहीं भारत ने पाकिस्तान में मौजूद भारतीयों को जल्द से जल्द वापस अपने देश लौटने के लिए कहा है। साथ ही, भारतीयों से पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है।


### अटारी वाघा बॉर्डर से वापस स्वदेश लौटने लगे लोग



अटारी वाघा बॉर्डर बंद होने के बाद पाकिस्तानी नागरिक वापस अपने देश वापस लौटने लगे। गुरुवार की सुबह कई पाकिस्तानी परिवार अटारी-वाघा बॉर्डर मार्ग के माध्यम से पड़ोसी देश लौटने के लिए अमृतसर में आईसीपी पर पहुंचे।कराची के एक परिवार ने कहा कि वे अपने रिश्तेदारों से मिलने दिल्ली गए थे। परिवार के एक सदस्य शेख फजल अहमद ने कहा कि हम 15 अप्रैल को भारत आए थे और आज हम घर लौट रहे हैं, हालांकि हमारे पास 45 दिनों का वीजा था। पहलगाम हमले अहमद ने कहा कि जिसने भी यह किया है वह पूरी तरह से गलत है। हम दोनों देशों के बीच आपसी भाईचारा और दोस्ती चाहते हैं। नफरत के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। हम नफरत नहीं चाहते हैं।मंसूर नामक एक अन्य पाकिस्तानी नागरिक ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ 15 अप्रैल को 90 दिन के वीजा पर भारत आया था, लेकिन हम आज घर लौट रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मुसलमान होने के नाते शर्म आ रही हैः सलीम



**मुंबई।** बॉलीवुड सिंगर सलीम मर्चेंट भड़क गए हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में उन्होंने बताया है कि इस्लाम, निर्दोष लोगों की हत्या करना नहीं सीखाता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए निर्दोष लोग इसलिए मारे गए क्योंकि वे हिंदू थे, मुसलमान नहीं। क्या ये हत्यारे मुसलमान हैं? नहीं, वे आतंकवादी हैं क्योंकि इस्लाम ऐसा नहीं सिखाता है। मर्चेंट ने वीडियो में आगे कहा, एक मुसलमान होने के नाते मुझे शर्म आ रही है कि मुझे यह दिन देखना पड़ रहा है।

### रूस के हमलों में नौ लोगों की मौत, 63 अन्य घायल



**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर बुधवार रात बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जिनमें नौ लोगों की मौत हो गई और छह बच्चों सहित 63 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन ने अपने 'टेलीग्राम' चैनल पर बताया कि रूस ने कीव पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि इन हमलों के कारण कई आवासीय इमारतों में आग लग गई।

**स्ट्रॉबेरी और नार्मल फ्लेवर वाली काजू कतली लेकर गई उषा वेंस**

# जयपुर से वॉशिंगटन के लिए रवाना हुए उप राष्ट्रपति जेडी वेंस, सिटी पैलेस का दौरा रद्द

एजेंसी ▶▶ जयपुर

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पहलगाम आतंकी हमले की उन्होंने कड़ी निंदा की और अमेरिका की ओर से भारत को आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से भारत-अमेरिका संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है

अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ चार दिवसीय यात्रा के बाद गुरुवार सुबह वाशिंगटन के लिए रवाना हो गए। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उन्होंने वाशिंगटन के लिए विशेष विमान से उड़ान भरी। सोमवार रात वेंस दिल्ली से जयपुर पहुंचे थे। पहलगाम हमले के बाद जयपुर में सिटी पैलेस का उनका कार्यक्रम रद्द हो गया था।अपनी इस भारत यात्रा के दौरान वेंस ने जयपुर में आमेर किला देखा और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भारत-अमेरिका संबंधों पर भाषण दिया।

इससे पहले वे बुधवार को आगरा में ताजमहल देखने गए। वेंस परिवार ने सोमवार को दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए। साथ ही राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने वेंस और उनके परिवार के लिए डिनर की मेजबानी की। उनका यह दौरा राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूती देने वाला माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, आगरा भ्रमण के दौरान पहलगाम आतंकी हमले की खबर को लेकर भी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की। उन्होंने इस हमले की कड़ी निंदा की साथी दुख की इस घड़ी पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस कठिन घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है। अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

**जयपुर की दुकान पर प्याज और दाल कचोड़ी का स्वाद भी चखा**

**उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा- अमेरिका, भारत के साथ खड़ा है**






### मिठाई की दुकान पर पहुंची पत्नी उषा, 2 किलो मिठाई खरीदी

*जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी बुधवार दोपहर को अचानक जयपुर के टोंक रोड स्थित रावत मिष्ठान भंडार पहुंचीं। यहां उन्होंने कई तरह की मिठाइयां खरीदीं और प्याज कचौरी व दाल कचौरी का स्वाद चखा। वे मिठाई की शॉप से करीब 2 किलो मिठाई भी लेकर गई हैं। इसमें आधा किलो काजू तरबूज, 250 ग्राम काजू-बादाम, पिस्ता से बने ठंडाई लड्डू, 250 ग्राम शहद से बने हनी लड्डू और एक किलो मैंगो, स्ट्रॉबेरी और नार्मल फ्लेवर वाली काजू कतली लेकर गई हैं। रावत मिष्ठान भंडार के जनरल मैनेजर जीएल मीणा ने बताया कि इस दौरान भुदेव देवड़ा और आज्ञा देवडा ने ऊषा वेंस का स्वागत भी किया।*

**जवानों ने किया डटकर मुकाबला**

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में मुठभेड़ में सेना का एक जवान हुआ शहीद



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को तलाशी अभियान के बाद सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान डुडु-बसंतगढ़ इलाके में गोलीबारी हुई। व्हाइट नाइट कोर ने विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

### बीएसएफ के जवान के साथ पाक आर्मी की क्रूरता



**नई दिल्ली।** भारतीय सीमा सुरक्षा बल के एक जवान को पाकिस्तान रेंजर्स ने पंजाब में पकड़ लिया। भारतीय सैनिक को जब गिरफ्तार किया गया तो वह कथित तौर पर पाकिस्तानी क्षेत्र में भटक गए थे। भारतीय सैनिक के पाकिस्तानी क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद चेनाब रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें आगे की पूछताछ के लिए एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। इस दौरान पाक रेंजर्स ने बीएसएफ जवान की आंखों में पट्टी बांध दी। पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा पकड़े गए भारतीय जवान का नाम पी.के. सिंह है, जो बीएसएफ यूनिट की 24 बटालियन में शामिल हैं। बीएसएफ चीफ डीके पाठक ने कहा कि हम पाकिस्तान रेंजर्स के संपर्क में हैं और फ्लैग मीटिंग की मांग की है।

### आतंकी संगठन के 4 मददगार गिरफ्तार


*सुरक्षाबलों ने बांदीपोरा जिले में लश्कर से जुड़े 4 आतंकी मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। ये सुरक्षाबलों और गैर स्थानीय नागरिकों पर हमला करने की फिराक में थे। बांदीपोरा पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने कनिपोरा नायदखाई में संयुक्त नाके पर दो संदिग्धों को रोका। इनके पास से दो चीनी हैंड ग्रेनेड, एक 7.62 एमएम मैगजीन और 30 कारतूस बरामद किए गए। इनकी पहचान मोहम्मद रफीक खांडे निवासी वटलपीरा मोहल्ला और मुख्तार अहमद डार निवासी बानपोरा के रूप में हुई। सुरक्षाबलों ने सदुनारा अजस में नाके के दौरान दो अन्य संदिग्धों को दबोचा। इनके कब्जे से एक चीनी हैंड ग्रेनेड, एक 7.62 एमएम मैगजीन और 30 कारतूस बरामद किए। इनकी पहचान रईस अहमद डार और मोहम्मद शफी डार के रूप में हुई है।*

**आईएसआईएस से आया मेल**

## भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर को फिर मिली धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर को धमकी मिली है। खबर है कि उन्हें ईमेल के जरिए आईएसआईएस कश्मीर ने धमकी दी है। फिलहाल, इस मामले की जांच दिल्ली पुलिस कर रही है और उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खास बात है कि धमकी भरा मेल ऐसे समय पर आया है, जब दो दिन पहले ही जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को भून डाला था। धमकी मिलने के बाद गंभीर ने बुधवार को दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। उन्होंने अधिकारियों से अपील की है कि उन्हें और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। गंभीर भाजपा के पूर्व सांसद भी हैं। यह पहली बार नहीं है, जब उन्हें धमकी मिली है। सांसद के कार्यकाल के दौरान साल 2021 में भी उन्हें इसी तरह का एक मेल मिला था।



### पहले भी मिली थी धमकी

अप्रैल 2022 में भी कथित तौर पर गंभीर को धमकी भरे दो ईमेल मिले थे। एक ही दिन में मिले दो संदेश में एक ही बात कही गई थी कि 'आई किल यू'। पहलगाम हमले को लेकर भी गंभीर ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने भारत की जवाबी कार्रवाई के बारे में लिखा था। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया था कि पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी होगी। भारत हमला करेगा।

**ताउम्र नहीं मिटने वाले दर्द की दुखभरी दास्तां, नहीं थम रहा आंसुओं का सैलाब**

# जिस आंगन में मढा बांधकर निकली थी बारात, 7 वें दिन उठी दूल्हे की अर्थी

एजेंसी ▶▶ करनाल

अप्रैल माह की 16 तारीख और सेक्टर-7 में खुद बनाए अपने सपनों के घर का आंगन। जहां मढा बांधने के बाद नई जिंदगी की शुरुआत के लिए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की बरात निकली थी मगर ठीक सातवें दिन बुधवार को उसी जगह से विनय की अर्थी उठी। जिस जगह पर मंगल गीत गाए जा रहे थे, वहां अब चीख पुकार मची है। महज सप्ताह भर में ही घर की खुशियां मातम में बदल गईं और माता-पिता के अलावा दादा-दादी को भी जिंदगी भर का दर्द दे गई। वहीं सबसे बड़ा दर्द पत्नी हिमांशी के लिए है, जिसने अभी ससुराल के माहौल को भी ठीक से समझा नहीं था।

पति के साथ उनकी शादी के बाद होने वाली कई रस्में भी शेष थीं। जिस मढे को खुशियों के साथ बांधा गया था, उसे भी खोलना अभी बाकी था। कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने महज छह दिनों में सात जन्मों के लिए बंधन में बंधे विनय और हिमांशी के रिश्ते को खत्म कर दिया। मंडप से पति का हाथ थाम कर जिंदगी बिताने का ख्वाब देखने वाली हिमांशी अब पति के पार्थिव शरीर पर अपने हाथ पटकते हुए पति से सहारा मांग रही है। मढा एक रस्म होती है, जिसे लड़के की शादी से पूर्व पितृ पूजन करके घर के आंगन में मटके के ढक्कन आदि को सुतली में पिरोकर बांधा जाता है और शादी संपन्न होने के बाद उसे खोलते हैं।

### शौक से पहना सुहाग चूड़ा, अब सूनी कलाइयां



*शादी से पहले हिमांशी ने शौक से सुहाग का चूड़ा पहना था। जिसके पति के जाते ही उतरने पर कलाइयां सूनी पड़ गईं। अब बेसुध हिमांशी को समझ नहीं आ रहा कि उसकी खुशियों भरी जिंदगी की शुरुआत में ही ये कैसे हो गया। साथ जीने-मरने की खाई कस्मों को आतंकियों ने तोड़ दिया। हाथों में सजा सुहाग चूड़ा भी पति के पार्थिव शरीर पर पटक कर तोड़ा गया। पति की मौत से पत्नी हिमांशी अभी भी सदमे में है। जिसे परिवार के लोग पकड़कर सहारा देने का प्रयास कर रहे हैं।*

### घर में पड़ी मिठाइयों की मिठास हो गई फीकी

इकलौते बेटे की शादी का दादा और पिता सहित रिश्तेदारों, संबंधियों ने सेक्टर-7 स्थित घर में जश्न मनाया था। सभी के लिए उन्होंने अलग-अलग कार्यक्रम भी आयोजित किए थे। खूब मिठाइयां बांटी गई थी। मंगलवार रात तक उनके घर पर शादी की मिठाइयां थीं। जिन्हें लोगों में बांटा भी जा रहा था। मगर अचानक गम का माहौल बन गया।

### साथ उठीं पिता-पुत्र की अर्थियां, पुणे में बेटी ने दी पिता के शव को मुखाग्नि

**भावनगर।** पहलगाम में हुआ हमला पूरे देश को बड़ा दर्द दे गया। खुशियां बटोरने कश्मीर गए परिवारों ने सोचा भी न होगा कि यह सफर आखिरी होगा। हमले में मारे गए पर्यटकों के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए हैं। पूरे देश के अलग-अलग राज्यों के इन मृत पर्यटकों के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही है। हमले में मारे गए गुजरात के पिता-पुत्र की अर्थियां एक साथ उठीं तो पूरे शहर की आंखें नम हो गईं। वहीं पुणे में एक बेटी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। पिता की चिता से उठती आग को देख रही बिटिया की आंखों में भी न्याय की चाह दिखी। पहलगाम हमले में मारे गए पुणे के कौस्तुभ गणबोटे के जीवन का पहला सफर ही आखिरी बन गया। स्नैक्स कारोबारी गणबोटे अपने दोस्त संतोष जगदाले के परिवार के साथ जम्मू-कश्मीर गए थे। उनके पड़ोसी सुनील मोरे ने बताया कि पूरी जिंदगी कौस्तुभ गणबोटे अपने कारोबार को बढ़ाने में व्यस्त रहे। यह पहली बार था जब उन्होंने और उनकी पत्नी संगीता ने शहर से बाहर यात्रा करने का फैसला किया था। उन्होंने अपने करीबी दोस्त संतोष और उसके परिवार के साथ मिलकर इस यात्रा की योजना बनाई थी।






# 'रुक तो जा, वो भी पैसे ले रहे हैं'... किशन के आउट होने के बाद सहवाग ने किया कमेंट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हैदराबाद के बल्लेबाज इशान किशन मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2025 के 41वें मैच में जिस तरह से आउट हुए वो अपने आप में बड़ा आश्चर्य ही था। अंपायर ने ये विकेट मुंबई को गिफ्ट कर दिया क्योंकि इशान को दीपक चाहर बॉलिंग कर रहे थे और वो जिस गेंद पर आउट हुए उसके लिए किसी ने भी इशान के खिलाफ अपील नहीं की थी।

इशान ने लेग साइड में जा रही गेंद को सिर्फ खेलने की कोशिश की और खुद को आउट समझकर पवेलियन लौटने लगे। इस पर अंपायर ने अपनी अंगुली उठा दी। अंपायर के फैसले से मुंबई के खिलाड़ी हैरान नजर आए तो वहीं इशान ने भी डीआरएस लेने की कोशिश नहीं की, क्योंकि उन्हें भी लगा कि वो शायद आउट हैं।



## सिद्धू ने अंपायर को लताड़ा

इशान के पवेलियन लौटने के बाद अल्ट्राएज से पता चला कि भाई, उनका बल्ला तो गेंद से टकराया ही नहीं थी और इशान भी डगआउट में लौट जाने के बाद काफी परेशान नजर आए थे। इशान के इस तरह से आउट होने के बाद वीरेंद्र सहवाग और नवजोत सिंह सिद्धू ने इस पर अपनी राय दी। सिद्धू ने मुंबई के खिलाड़ियों के द्वारा अपील नहीं किए जाने के बावजूद अंपायर के आउट देने के फैसले के लिए अंपायर को दोषी ठहराया। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि मुसीबत मोल लेना आसान है क्या आपने कभी किसी अंपायर को बिना अपील के किसी को आउट करार देते देखा है।

## ईमानदारी पर उठाए सवाल

सहवाग ने भी इशान की ईमानदारी पर सवाल उठाए और फिर उन्हें याद दिलाया कि उन्हें अंपायर की भूमिका निभाने के लिए पैसे नहीं मिल रहे हैं। इसे दिमाग की कमी बताते हुए सहवाग ने कहा कि अगर ईशान अंपायर के फैसले का इंतजार करते तो मुंबई रिव्यू का विकल्प चुनती जिससे साफ पता चलता कि वह आउट नहीं थे। इशान ने मुंबई के खिलाफ 4 गेंदों पर एक रन बनाए थे।

## अंपायर भी पैसे लेता है... फैसले तो लेने दे

क्रिकबज पर सहवाग ने कहा कि कई बार ऐसे समय पर दिमाग काम करना बंद कर देता है। यह दिमागी कमजोरी थी, रुक तो जा, अंपायर भी पैसे ले रहे हैं। उसे अपना काम करने दो। मैं इस ईमानदारी को समझ नहीं पाया। अगर यह एज होता तो यह समझ में आता क्योंकि यह खेल भावना के अनुरूप होता, लेकिन यह न तो आउट था, न ही अंपायर को यकीन था और आप अचानक से मैदान छोड़कर चले गए। तब अंपायर भी दुविधा में पड़ जाता है। रॉकी पोंटिंग कहते थे कि मेरा काम बल्लेबाजी करना है, अंपायर का काम आउट पर फैसला देना है।

## खास खबर

# कोहली से फीडबैक मिलना अद्भुत अहसास : वढेरा



**कोलकाता।** पंजाब के युवा खिलाड़ी निहाल वढेरा को तब पता चला कि विराट कोहली उन्हें उनके नाम से जानते हैं तो उनके लिए यह अद्भुत अहसास था और जब उन्हें अपने खेल पर इस महान क्रिकेटर से ही 'फीडबैक' मिला तो उनका दिन ही बन गया। बारिश से प्रभावित मैच में पंजाब किंग्स की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर मिली पांच विकेट की जीत के दौरान नाबाद 33 रन की विजयी पारी खेलने वाले बढेरा ने कहा कि मैच से पहले जब कोहली ने उन्हें पहचाना तो वह भौंचक्के रह गए। वढेरा ने कहा, 'जब मैच से पहले विराट भाई श्रेयस अय्यर से बात कर रहे थे और उन्होंने पंजाबी में पूछा 'की हाल चाल, निहाल' (कैसे हो निहाल?)। मैं सचमुच चौंक गया था। मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें मेरा नाम याद होगा। इससे मुझे बहुत खुशी हुई।' वढेरा ने कहा कि उस पल ने उनके लिए बातचीत की शुरुआत की जिसका वह लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 3 | 10 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| हैदराबाद | 8 | 2 | 6 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : राजस्थान रॉयल्स की लगातार पांचवीं हार

# बेंगलुरु की घर में पहली जीत, हेजलवुड के 4 विकेट, कोहली और पडीक्कल के अर्धशतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से शिकस्त देकर इस सत्र में घरेलू मैदान पर पहली जीत का स्वाद चखा। आरसीबी 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स के भी 12-12 अंक हैं। राजस्थान रॉयल्स की यह लगातार पांचवीं हार थी।

इससे पहले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (70 रन) और देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी से आरसीबी ने पांच विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पर राजस्थान रॉयल्स 20 ओवर में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। उसके लिए यशस्वी जायसवाल (49 रन), रियान पराग (22 रन), नीतिश राणा (28 रन) और वैभव सूर्यवंशी (16 रन) और ध्रुव जुरेल ने आरसीबी के गेंदबाजों की खूब धुनाई की।



## स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का हेटमायर बो हसारंगा | 26 | 23 | 4 | 0 |
| कोहली का राणा बो आर्चर | 70 | 42 | 8 | 2 |
| पडीक्कल का राणा बो संदीप | 50 | 27 | 4 | 3 |
| टिम डेविड रन आउट | 23 | 15 | 2 | 1 |
| पाटीदार का जुरेल बो संदीप | 01 | 03 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 20 | 10 | 4 | 0 |

**अतिरिक्त :** 15, कुल : 20 ओवर में 205/5
**गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-33-1, फारुकी 3-0-30-0, देशपांडे 2-0-36-0, संदीप 4-0-45-2, हसरंगा 4-0-30-1, पराग 3-0-30-0.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का शेपर्ड बो हेजलवुड | 49 | 19 | 7 | 3 |
| वैभव सूर्यवंशी बो भुवनेश्वर | 16 | 12 | 0 | 2 |
| राणा का भुवनेश्वर बो पंड्या | 28 | 22 | 3 | 1 |
| पराग का शर्मा बो पंड्या | 22 | 10 | 2 | 2 |
| जुरेल का शर्मा बो हेजलवुड | 47 | 34 | 3 | 3 |
| हेटमायर का शर्मा बो हेजलवुड | 11 | 08 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे का सॉल्ट बो दयाल | 12 | 07 | 1 | 1 |
| आर्चर का पाटीदार बो हेजलवुड | 00 | 01 | 0 | 0 |
| वानिंदु हसारंगा रन आउट | 01 | 03 | 0 | 0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |
| फजलहक फारुकी नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 05, कुल : 20 ओवर में 194/9
**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-50-1, यश दयाल 3-0-33-1, हेजलवुड 4-0-33-4, शेपर्ड 1-0-15-0, सूयश 4-0-31-0, कृणाल 4-0-31-2.


## हेजलवुड मैच के हीरो

हेजलवुड ने 17वें और 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी कर आरसीबी को मैच में वापसी कराई। शुभम दुबे और जुरेल ने 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार पर 22 रन जुटाए जिससे राजस्थान को जीत के लिए दो ओवर में केवल 18 रन चाहिए थे। लेकिन 19वें ओवर में हेजलवुड ने महज एक रन देकर दो विकेट झटके जिसमें जुरेल (47 रन) का विकेट भी शामिल था। इससे आरसीबी की जीत सुनिश्चित हुई। जुरेल रिव्यू के बाद आउट हुए और फिर हेजलवुड ने अगली गेंद पर जोफ्रा आर्चर का विकेट झटका जबकि अंतिम ओवर में यश दयाल ने शुभम दुबे (12 रन) और वानिंदु हसारंगा (01) को आउट किया।

## कोहली ने रचा इतिहास

मैच में विराट कोहली ने 14 रन बनाते ही एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 3500 रन पूरे किए। वह एक वेन्यू पर 3500 टी20 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। विराट ने 42 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 2 छक्के भी लगाए। टी20 में एक मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर बांग्लादेश के विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम हैं। उन्होंने शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में 3373 रन बनाए हैं।

## किताब 'टेस्ट क्रिकेट' में 150 साल की दास्तान




**नई दिल्ली।** क्रिकेट के पारंपरिक स्वरुप पर एक नई किताब 'टेस्ट क्रिकेट : अ क्रिस्टी' में 1877 से टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत के बाद से अब तक खेल में आए बदलावों और खिलाड़ियों के संस्मरणों को कलमबद्ध किया गया है। हैशे द्वारा प्रकाशित टिम विगमोर की किताब में महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, पैट कमिंस, माइकल होल्डिंग, मुथैया मुरलीधरन, केविन पीटरसन, इयान चैपल और डेल स्टेन के इंटरव्यू भी हैं। प्रकाशक ने एक बयान में कहा, 'बॉडीलाइन से बैजबॉल तक, वेस्टइंडीज क्रिकेट का सुनहरा दौर, शेन वॉर्न से इयान बॉथम तक पाठकों को टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के बारे में जानने को मिलेगा।


## सुपरबेट रैपिडः प्रज्ञानानंदा पर होंगी सबकी निगाहें



**वारसॉ।** ग्रैंड शतरंज टूर के अंतर्गत शनिवार से यहां शुरू होने वाले सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन शिरकत नहीं करेंगे जिससे सभी की निगाहें भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा पर लगी होंगी। हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्रज्ञानानंदा खिताब के लिए दावेदारों में शामिल हैं और कार्लसन की अनुपस्थिति से उनकी संभावनायें मजबूत हुई हैं। ईरानी से फ्रांसीसी बने अलीरेजा फिरौजा भी खिताब जीतने के लिए बेकरार हैं जबकि उनके हमवतन मैक्सिम वचियर-लाग्रेव पिछले दशक में फ्रांसीसी खिलाड़ियों की विरासत को बरकरार रखना चाहेंगे। दस खिलाड़ियों में केवल दो भारतीय प्रतिस्पर्धी हैं। देखना होगा कि इस साल ग्रैंड शतरंज टूर कौन जीतेगा। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 175000 अमेरीकी डालर है। 'स्पीड शतरंज' में अपनी सटीकता के कारण प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन देखने वाला होगा।

## खबर संक्षेप

### 52 साल के हुए तेंदुलकर प्रशंसकों ने दी बधाई




**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर के 52वें जन्मदिन पर, ट्विटर पर क्रिकेट प्रेमियों और उनके प्रशंसकों ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सचिन को क्रिकेट के भगवान और मास्टर ब्लास्टर जैसी उपाधियों से सम्मानित किया और उनकी शानदार करियर की सराहना की। सचिन तेंदुलकर का जन्म 24 अप्रैल 1973 को बॉम्बे (अब मुंबई) में हुआ था। उन्होंने 1989 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया और 2013 में रिटायर हो गए। उन्होंने 200 टेस्ट मैच खेले और कुल 663 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उनके नाम 100 अंतरराष्ट्रीय शतक और 34,347 रन (वनडे और टेस्ट) हैं। आज वह 52 साल के हो गए।

### पांच भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे

**अम्मान।** पांच भारतीय मुक्केबाज एशियाई अंडर 15 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में नेल्सन के (55 किलो) ने पहले दौर में चीनी ताइपै के वांग शेंग यांग को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने के आधार पर हराया।



अभिजीत (61 किलो) और लक्ष्य फोगाट (64 किलो) ने किर्गीस्तान और जोर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। लड़कियों में प्रिंसी (52 किलो) ने यूक्रेन की येवा कुबानोवा को 5-0 से हराया। समृद्धि सतीश शिंदे (55 किलो) ने यूक्रेन की सेनिया साविना को आरएससी पर मात दी।

### खिलाड़ियों के लिए डिजिलॉकर शुरू

**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड रखने की प्रक्रिया को सरल बनाने की कवायद के तहत खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों के लिए डिजिलॉकर सुविधा शुरू करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघों के लिए अगले एक साल के भीतर खिलाड़ियों के प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेजों को डिजिटल रूप देना अनिवार्य होगा। मांडविया ने 40 राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों और भारोत्तोलक मीराबाई चानू और कुछ खिलाड़ियों की मौजूदगी में औपचारिक रूप से इस पहल की शुरुआत की।

## मैड्रिड ओपन टेनिस

# गेल मोनफिल्स जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

इटली के किशोर खिलाड़ी फेडरिको सिना ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कोलमैन वोंग को सीधे सेटों में हराकर अपनी दूसरी एटीपी मास्टर्स 1000 जीत हासिल की। गेल मोनफिल्स इस प्रतियोगिता के इतिहास में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।

38 वर्षीय मोनफिल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए क्वालीफायर बोर्ना गोजो को 1-6, 6-2, 6-4 से हराकर 2022 के बाद मैड्रिड में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 42वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मोनफिल्स इस मास्टर्स 1000 क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट में दो बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। मोनफिल्स का अगला मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त गत चैंपियन आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने दो सप्ताह पहले मोंटे कार्लो में 32वें राउंड में मोनफिल्स को हराया था। इटली के 18 वर्षीय सिना ने पिछले महीने मियामी में फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराया था। उन्होंने जीत का यह सिलसिला जारी रखते हुए वोंग के खिलाफ 7-6 (5), 6-1 से जीत हासिल की। उन्होंने वोंग के खिलाफ मिले दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए और 19 विनर्स लगाए। उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा।

### दो सेट में जीते बुब्लिक

पुरुष वर्ग के अन्य मैचों में अलेक्जेंडर बुब्लिक ने एलेक्स मिशेलसन को 7-6 (2), 7-6 (4) से, कोमेसाना ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-4, 6-4 से, नूनो बोर्गेस ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-7 (7), 7-6 (3), 6-3 से, आर्थर रिंडरकनेच ने रोमन सफीउलिन को 7-6 (4), 6-1 से और क्रिस्टोफर ओ'कोनेल ने कैमिलो उगो काराबेली को 6-3, 6-4 से हराया।

### मातृत्व अवकाश से वापसी मैच में बेनसिक का जीत से आगाज

महिला वर्ग में पिछले अक्टूबर में मातृत्व अवकाश से लौटीं बेलिंडा बेनसिक ने अपनी बेटी बेला के पहले जन्मदिन पर जेनेप सोनमेज को 6-0, 6-2 से हराया। तीन बार की मैड्रिड ओपन चैंपियन और इस साल फरवरी में मातृत्व अवकाश से वापसी करने वाली पेट्रा क्वितोवा सीधे सेटों में केटी वोलिनेट्स से 6-4, 6-0 से हार गईं। वर्ष 2022 के आखिर में मां बनने वाली अनास्तासिजा सेवस्तोवा ने अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 6-4, 7-5 से हराया। एक अन्य मैच में एम्मा राडुकानु ने सुजान लैमेंस को 7-6 (4), 6-4 से पराजित किया। महिला वर्ग में अन्य मुकाबलों में अमेरिकी एलिसिया पार्क और बर्नार्डा पेरा सीधे सेटों में आगे बढ़ीं। पेरा ने जाना फेट को 6-4, 6-3 से, जबकि पार्क ने विक्टोरिया जिमेनेज कासिंत्सेवा को 6-3, 6-3 से हराया।

## आप आतंकियों को पालते हैं, पाक पीएम पर भड़के कनेरिया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में टूरिस्ट पर हुए आतंकी हमले के बाद अपने देश के प्रधानमंत्री को जमकर लताड़ा। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने भी इस आतंकी हमले के बाद मृत लोगों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ पर गंभीर आरोप लगाए। दानिश कनेरिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि इस घटना के बाद आपने अचानक सेना को हाई अलर्ट पर रख दिया क्योंकि सच क्या है आप जानते हैं। आप आतंकियों को पालते हैं और रखते हैं, आपको शर्म आनी चाहिए। आपको बता दें कि दानिश कनेरिया पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कुछ बेहद सफल स्पिन गेंदबाजों में से एक माने जाते हैं।

# अनिमेष ने 200 मीटर में जीता सोना चित्रावेल खेलेंगे वर्ल्ड चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

ओडिशा के धावक अनिमेष कुजूर ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन 200 मीटर दौड़ में 20.40 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।



पुरुष 100 मीटर के रजत पदक विजेता 21 साल के कुजूर ने अमलान बोरगोहेन के 20.52 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। रिलायंस का प्रतिनिधित्व कर रहे बोरगोहेन 20.80 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पुरुष त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल ने 17.37 मीटर के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की और इस साल टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। जेएसडब्लू का प्रतिनिधित्व कर रहे तेइस साल के चित्रावेल ने अपने तीसरे प्रयास में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने वाली कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इससे पहले मई 2023 में क्यूबा के हवाना में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। चित्रावेल इस दौरान सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के 17.22 मीटर के क्वालीफाइंग स्तर को भी हासिल करने में सफल रहे।

## परिस्थितियों का सही आकलन नहीं किया

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि शीर्ष क्रम का नाटकीय पतन और पिच का गलत आकलन इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मुंबई इंडियंस से उनकी करारी हार में निर्णायक साबित हुआ। सनराइजर्स के बिग हिटर इस मैच में भी नहीं चल पाए और उसका स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया। हेनरिक क्लासेन (71) और अभिनव मनोहर (43) के बीच 99 रन की साझेदारी के बावजूद उसकी टीम आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी।



## पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार का फैसला

# भारत ने देश में रोका पीएसएल का प्रसारण, हटाए कर्मचारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में पीएसएल के प्रसारण पर रोक लगा दी है। इसके एक दिन पहले बुधवार को भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया और सिंधु जल समझौते पर रोक लगा दी। इतना ही नहीं अटारी चेक पोस्ट को बंद कर दिया गया है। अब पाकिस्तान को एक और झटका दिया गया है। यह पाकिस्तान सुपर लीग से जुड़ा हुआ है।

दरअसल , मैच की लाइव स्ट्रीमिंग करने वाला प्लेटफॉर्म फैनकोड भारत में अब पाकिस्तान सुपर लीग 2025 का प्रसारण नहीं करेगा। यह निर्णय गुरुवार से लागू हो गया है। बता दें कि फैनकोड भारत में पाकिस्तान की क्रिकेट लीग का ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर था। पहलगाम में हुई घटना के बाद फैनकोड ने यह कड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक इस घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, भारत से लेकर पाकिस्तान तक के क्रिकेटर ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान में इन दिनों पाकिस्तान सुपर लीग का 10वां सीजन खेला जा रहा है।




लीग में अब तक 13 मुकाबले खेले जा चुके हैं। अब तक भारतीय फैंस फैनकोड पर पीएसएल का लाइव प्रसारण देख रहे थे। 10वें सीजन में 6 टीमों के बीच कुल 34 मुकाबले खेले जाने हैं। 18 मई को पीएसएल का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

### प्रसारण दल में दो दर्जन से अधिक भारतीय नागरिक

*कराची। पाकिस्तान सुपर लीग के प्रसारण पर आने वाले दिनों में संकट आ सकता है क्योंकि पहलगाम आतंकवादी हमले के कारण सीमा पार तनाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े सभी अनुभवी भारतीय दल के सदस्यों को बदला जा सकता है। पीसीबी के एक चिंतित सूत्र ने कहा, 'पीएसएल के प्रोडक्शन और प्रसारण दल में दो दर्जन से अधिक भारतीय नागरिक शामिल हैं इसलिए उन्हें बदलने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। प्रसारण और प्रोडक्शन क्रू में इंजीनियर, प्रोडक्शन मैनेजर, कैमरामैन, प्लेयर-ट्रैकिंग विशेषज्ञ शामिल हैं जो पीएसएल की सुचारू कवरेज सुनिश्चित करते हैं।'*

# मध्य प्रदेश के 486 पुलिस अफसर कर्मचारियों को उत्कृष्ट और अति उत्कृष्ट सेवा पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने इस वर्ष अति उत्कृष्ट और उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का चयन कर उनकी सूची जारी कर दी है। सूची के अनुसार, प्रदेश के 227 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, जबकि 168 को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा।

## महिला सुरक्षा शाखा की स्पेशल डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव और डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित अन्य अफसर होंगे सम्मानित



### सराहनीय सेवाओं के लिए 2018 में इसकी शुरुआत की थी

केंद्र सरकार ने पुलिस कर्मचारियों के प्रोत्साहन और उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए 2018 में इसकी शुरुआत की थी। इसके तहत, प्रदेश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनिंदा अधिकारियों और कर्मचारियों को हर वर्ष केंद्रीय गृह मंत्री की ओर से यह पदक प्रदान किया जाता है। पुलिस मुख्यालय से जारी की गई सूची के अनुसार, महिला शाखा की स्पेशल डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, डीआईजी पीएचक्यू प्रशासन सत्येंद्र शुक्ला, एआईजी सीआईडी विक्रांत मुराब, आरएपीटीसी इंदौर के सहायक कमांडेंट वेदांत शर्मा, भोपाल स्पेशल ब्रांच के निरीक्षक गोविंद शर्मा, ईओडब्ल्यू भोपाल के डीएसपी डॉ. दिनेश जोशी का नाम अति उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए चुना गया है। इसके अतिरिक्त, बालाघाट के आईजी संजय कुमार, चंबल के आईजी सुशांत सक्सेना, आईजी इंटेलिजेंस डॉ. आशीष, एसपी लोकायुक्त सागर योगेश्वर शर्मा, एसपी लोकायुक्त उज्जैन अनिल कुमार विश्वकर्मा, भोपाल के अतिरिक्त डीसीपी अपराध शैलेंद्र सिंह चौहान के नाम उत्कृष्ट सेवा पदक की सूची में शामिल हैं।

## एआईजी बीना सिंह को डीजी डिस्क अवॉर्ड

तत्कालीन एसपी डायल 100 भोपाल और वर्तमान में सहायक महानिरीक्षक विधि पीएचक्यू बीना सिंह को डायल 100 में पदस्स्थ होने के दौरान किए गए उत्कृष्ठ कार्य के लिए डीजी डिस्क अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। वहीं नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा थाने की उपनिरीक्षक मनीषा लिल्हारे तथा पुलिस लाइन कटनी में कार्यरत कार्यवाहक निरीक्षक मंजू शर्मा को डीजी डिस्क अवार्ड मिलेगा।

वहीं पुलिस मुख्यालय द्वारा अनसुलझे प्रकरण सुलझाने के मामले में छिंदवाड़ा जिले की डीएसपी प्रियंका पांडेय, मंदसौर जिले के टीआई अमित सोनी भी इस सूची में शामिल है। पुलिस मुख्यालय ने जारी की गई सूची में 6 वाहन चालकों को 15 साल तक उत्कृष्ट और दुर्घटना रहित वाहन चलाने की सेवा पर प्रशस्ति पत्र और 15 वर्ष तक स्वच्छ रिकार्ड रखने और अच्छा काम करने पर डीएसपी से लेकर आरक्षक स्तर तक के 45 कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र और डिस्क अवार्ड के लिए चुना गया है।

## खबर संक्षेप

### सौरभ, शरद के जमानत आवेदन खारिज

**भोपाल।** परिवहन विभाग के करोड़पति पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथी शरद जायसवाल के जमानत आवेदनों कोप्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) के विशेष न्यायालय ने अपराध की गंभीर प्रकृति को दृष्टिगत रखते हुए सुनवाई करने के बाद गुरुवार को निरस्त कर दिया। विशेष न्यायालय नेमेसर्स अविरल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शंस प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर की हैसियत से शरद जायसवाल द्वारा प्रस्तुत जमानत आवेदनों को भी निरस्त कर दिया। सुनवाई के दौरान सौरभ की ओर से दीपेश अधिवक्ता और शरद जायसवाल की ओर से रजनीश बरैया अधिवक्ता ने आरोपियों के बचाव में कहा कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है।
मनगढ़ंत आधार पर उनके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### ग्रामीणों को पांच रुपए में मिलेगा बिजली कनेक्शन

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र पांच रुपए में नवीन घरेलू कनेक्शन मिलेगा। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं। कंपनी ने बताया कि ग्रामीणजन नवीन कनेक्शन के लिए सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से या वितरण केंद्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं अथवा कंपनी के टोलफ्री नंबर 1912 पर कॉल भी कर सकते हैं। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ता चाहें तो नवीन कनेक्शन के लिए अपना आवेदन एमपी ऑनलाइन एवं कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी कर सकते हैं।

### आबकारी ने अवैध शराब की बरामद, 29 प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब बरामद करते हुए 29 प्रकरण दर्ज किए हैं। आबकारी



विभाग के अनुसार टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए चूनाभट्टी क्षेत्र में प्रमोद सेन और सूरज नगर क्षेत्र में दीपक सिसोदिया के कब्जे से अवैध शराब बरामद की है।वहीं होटल और ढाबों पर दबिश दी ,जहां अवैध शराब परोसी जा रही थी। आबकारी टीम ने संचालकों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### वक्फ कानून के खिलाफ बंद रखेंगे बिजली

**भोपाल।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड तहफ्फज-ए-औकाफ प्रदेश की अगुआई में भोपाल में गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। संगठन के मध्यप्रदेश संयोजक आरिफ मसूद की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश भर से उलमा, धार्मिक संगठन के प्रतिनिधि और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। बैठक में वक्फ कानून के खिलाफ रणनीति तय की गई। पहली कड़ी के रूप में 30 अप्रैल 2025 को रात 9 बजे से 9:30 बजे तक प्रदेश भर के मुसलमानों से अपने घरों और दुकानों की लाइटें बंद रखने की अपील की गई है। यह कानून मुस्लिम समाज की धार्मिक और सामाजिक धरोहरों पर सीधा हमला है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्देशों के तहत पूरे मध्यप्रदेश में चरणबद्ध ढंग से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## एक हफ्ते पहले भेल के 9 नंबर गेट के पास ही हुई थी आग की मॉकड्रिल

# भेल के स्क्रेप में आग, 30 दमकलों ने रात 10 बजे पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईए (भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) के जिस गेट नंबर 9 के पास जहां एक हफ्ते पहे आग की मॉकड्रिल की गई थी, वहीं खाली एरिया में पड़े स्क्रेप में आग भड़क गई। देखते ही देखते यहां जंगली एरिया में झाड़ियों और पेड़ों ने आग पकड़ ली। इसके साथ यहां रखे आइल के ड्रमों ने भी आग पकड़ ली, जिसको देखते हुए भेल सहित फायर की तीस से अधिक दमकलों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू करने का प्रयास किया। रात दस बजे तक फायर अमला आग को बुझाने में जुटा रहा।

गेट नंबर 9 के पास 200 मीटर दूर ही वॉच टॉवर के पास तेज धमाके भी हुए। यहां रखी ऑयल की टंकियों में ब्लास्ट हुआ है। इसके साथ हजारों पेड़-पौधे और कचरा आग की चपेट में आया है। जिसको देखते हुए 30 से ज्यादा दमकलें और पानी के टैंकर आग पर काबू पाने में जुटे रहे। मंडीदीप से भी दमकल बुलाई गई। आग इतनी भीषण थी कि 15 किमी दूर से भी धुएं का गुबार नजर आया।

पंद्रह किमी दूर से दिखा धुएं का गुबार

ऑयल के ड्रमों ने पकड़ ली थी आग, पाया काबू



### तीन बार सुलगी आग, उठा धुआं

सुबह करीब 11.30 बजे आग लगी थी। हालांकि दोपहर 2 बजे तक आग को फैलने से रोक लिया गया, लेकिन बार-बार रह-रहकर आग सुलगती रही। कचरा होने की वजह से धुआं ज्यादा उठ रही, जो आसमान में उठता नजर आया। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

**कचरा होने की वजह से धुएं का गुबार ज्यादा उठा**

### कलेक्टर ने खड़े होकर बुझवाई आग

आग लगने की सूचना मिलते ही कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव समेत कई अफसर पहुंचे। मंत्री विश्वास सारंग भी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर ने मौके पर खड़े होकर आग बुझवाई। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि इसे लेकर भेल प्रबंधन से बात कर सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे।

### कलियासोत के जंगल में आग

कलियासोत डैम के पास और वाल्मी के पीछे जंगल में गुरुवार शाम को आग लग गई। आग की लपटें और धुआं उठता देख रहागीरों ने फायर कंट्रोल रूम में सूचना दी। इसके बाद दमकलें मौके पर पहुंची और आग को काबू पाने में जुट गईं। आग लगने की वजह सामने नहीं आई है, लेकिन इसकी वजह से इलाके में हड़कंप मच गया है।

### तीन दिन पहले आदमपुर खंती में लगी

तीन दिन पहले आदमपुर खंती में लगी आग तीसरे दिन भी पूरी तरह से नहीं बुझ सकी। फायर की दमकलें लगातार आग पर काबू करने की कोशिश में जुटी हुई हैं। पहले दिन भड़की आग कचरे में रोजाना रुक-रुककर सुलग रही है। गुरुवार को भी फायर इंचार्ज सौरभ पटेल कचरा खंती पर आग बुझाने में जुटे रहे, लेकिन कचरे से धुआं उठता रहा।

### चिता की चिंगारी खेत में पहुंची, आग से चार मकान जले

नवीबाग स्थित शमशान में गुरुवार दोपहर 1 बजे एक शव का दाह संस्कार हो रहा था। इस दौरान चिता से चिंगारी पास में खेत में पहुंच गई। जिससे नरवाई में आग लग गई। तेज हवा चलने से आग भी तेजी से फैलती गई। इससे हड़कंप मच गया। आग को बुझाने की कोशिश की गई, तब तक आग खेत किनारे चार मकान तक पहुंच गई।

## भोपाल हाई सिक्योरिटी सेंट्रल जेल में था बंद

# जयपुर बम ब्लास्ट साजिश में शामिल आतंकी फिरोज को फ्लाइट से जयपुर ले गई एनआईए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जयपुर बम ब्लास्ट साजिश मामले के आतंकी फिरोज को गुरुवार सुबह एनआईए की टीम फ्लाइट से जयपुर ले गई। फिरोज पिछले 20 दिनों से भोपाल सेंट्रल जेल के हाई सिक्योरिटी सेल में बंद था।

उसे रतलाम से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद जिला जेल रतलाम से भोपाल सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया। पूरा मामला यह ह कि जयपुर में 2022 में ब्लास्ट की साजिश में शामिल अलसुफा संगठन के सदस्य फिरोज खान को रतलाम पुलिस ने 3 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। एनआईए मार्च 2022 से उसकी तलाश में थी और उस पर 5 लाख का

### तीन साल में दस बार एनआईए की सर्चिंग

आरोपी करीब तीन साल से फरार था। इस दौरान रतलाम में एनआईए और एटीएस ने करीब 10 बार सर्चिंग की। तब जाकर आतंकी पकड़ा गया। जयपुर बम ब्लास्ट की साजिश में एनआईए ने 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में आतंकी फिरोज के जयपुर ब्लास्ट की साजिश में शामिल होने का खुलासा हुआ। यह एनआईए का 11वां मोस्ट वांटेड था।

### सेंट्रल जेल को बना दिया गया छावनी

एनआईए टीम के साथ करीब सैंकड़ा भर पुलिस बल सुबह 6 बजे भोपाल सेंट्रल जेल पहुंच गया। इस दौरान सेंट्रल जेल को पूरी तरह छावनी में तब्दील कर दिया गया। जेल के बाहर भी पुलिसकर्मियों का घेरा रहा। एनआईए की टीम करीब एक घंटे तक सेंट्रल जेल में रही। जयपुर एनआईए कोर्ट से जारी प्रोडक्शन वारंट के आधार पर जेल प्रबंधन ने फिरोज को एनआईए की कस्टडी में सुपुर्द कर दिया। इसके बाद एनआईए की टीम फ्लाइट के जरिए उसे लेकर जयपुर रवाना हो गई।

# इतवारा, बुधवारा की गलियों में घूमी दिल्ली की टीम, भानपुर तक देखी साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत दिल्ली से भोपाल आई सर्वे टीम ने गुरुवार को पुराने शहर से लेकर भानपुर तक सर्वे किया। नगर निगम के जोन चार में आने वाले पुराने शहर की तंग गलियों में दूसरे दिन भी टीम घूमती हुई नजर आई। यहां जोन चार में बुधवार को भी टीम ने सर्वे किया था। गुरुवार को दिल्ली की टीम ने इतवारा, बुधवारा, मंगलवारा और कबाड़ खाने सर्वे करने पहुंची। इसके साथ ही अन्य दो टीमें नगर निगम के जोन दो और जोन 17 में सर्वे कर रही थी। जोन दो में जहां टीम रायल मार्केट कोहेफिजा में सर्वे किया। वहीं जोन 17 के करोंद, लांबाखेड़ा और भानपुर में साफ-सफाई का पैमाना जांच रही थी।

### पांचवें दिन भी 45 जगहों पर घूमी टीम

सर्वे टीम ने गुरुवार को 45 से अधिक स्थानों का निरीक्षण कर निगम के किए गए दावों को परखा। दरअसल स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए जीएफसी की टीमें यूएलबी (अर्बन लोकल बाडी) की साइट खुलते ही आनलाइन लोकेशनों पर पहुंच रही हैं।

लोक शिक्षण संचालक ने दिए जेडी को जांच के निर्देश, स्पष्ट अभिमत रिपोर्ट तलब

# डीईओ कार्यालय में पदस्थ जॉयसन के खिलाफ मंत्री कार्यालय तक पहुंची शिकायतें

नियमों के विपरीत दो-दो शासकीय भवन लेने, आय से अधिक संपत्ति के लगाए आरोप

फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, भोपाल चैप्टर ने आरोप लगाते हुए की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में शराब पार्टी के कथित वायरल वीडियो सहित अन्य मामलों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले डीईओ कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी सीजे जॉयसन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अब मामला फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासन को लाखों रूपयों की आर्थिक क्षति की शिकायत स्कूल शिक्षा मंत्री कार्यालय तक पहुंचने का है। फिजिकल एजुकेशन फांउडेशन ऑफ इंडिया, भोपाल चैप्टर द्वारा यह शिकायतें स्कूल शिक्षा मंत्री कार्यालय को की गई है। इन शिकायतों में कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जिसके बाद मामले में लोक शिक्षण संचालनालय ने जांच के निर्देश जारी किए हैं। संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग भोपाल को जारी किए गए आदेश में लोक शिक्षण संचालक केके द्विवेदी ने कहा है कि इन शिकायती पत्रों का अवलोकन किया जाए। इसके साथ ही शिकायत के संबंध में जांच कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन अपने स्पष्ट अभिमत के सहित संचालनालय को भेजा जाए। हालांकि मामले में जब संभागीय संयुक्त संचालक अरविंद चौरगढ़े से संपर्क किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं सीजे जॉयसन ने सभी आरोपों को नकारते हुए शिकायतों को फर्जी बताया है। उन्होंने कहा कि मामले में विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, भोपाल चैप्टर के पत्र पर की गई शिकायत में कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि जॉयसन को टायपिंग परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वेतन वृद्धि का लाभ दिया जा रहा है, जबकि उन्हे टॉयपिंग का किसी प्रकार का कोई ज्ञान नहीं है। पत्र में टॉयपिंग परीक्षा, कर्मचारियों के साथ लगातार अभद्र व्यवहार, पुलिस थाने में दर्ज प्रकरण, नियमों के विपरीत दो-दो शासकीय भवन लेने, आय से अधिक संपति, शासन को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने सहित कई अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है।

### कार्यालय में शराब पार्टी सहित अन्य मामले फाइलों में दबे

करीब 6 वर्ष पहले एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। जिसे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का बताया गया था। इस मामले में भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सीजे जॉयसन का नाम आया था। कार्यालय में खुलेआम शराब पीने के इस कथित वीडियो के वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में खूब हड़कंप मचा था। जिसके बाद तत्कालीन स्कूल शिक्षा मंत्री जांच के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके भी बाद मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

# जनपद सदस्य संघ का ऐलान निधि और मानदेय बढ़ाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के 313 ब्लॉक में अपनी सेवाएं देने वाले साढ़े सात हजार से अधिक जनपद सदस्यों की निधि और मानदेय को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सहित पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल भी शामिल होंगे। पहला कार्यक्रम रीवा में संभाग स्तर पर रखा गया है, जिसके बाद प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में आयोजित किया जाएगा।



### विकास कार्य के लिए निधि बढ़ाएं

जनपद सदस्य संघ मप्र के उपाध्यक्ष मृगेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि जनपद सदस्यों की मांगों को लेकर संघ लंबे समय से जद्दोजहद कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में जनपद इकाई बहुत महत्तवपूर्ण मानी जाती है। स्थानीय लोग जनपद सदस्यों को विकास के कामों के लिए बोलते हैं। जिसके लिए उनकी निधि बढ़ाने की जरूरत है। जिसको लेकर जनपद सदस्य पंचायती राज का उत्सव मना रहे हैं। रीवा के गंगेव से जनपद सदस्य रहे त्रिपाठी ने बताया कि पूरे प्रदेश के सदस्यों को जोडकर उनके हित के लिए संगठन प्रयास कर रहा है। संघ के अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी भी अलग-अलग जिलों में जाकर सदस्यों की समस्याएं सुनकर मुख्यमंत्री के लिए ज्ञापन तैयार करने में जुटे हैं।

### मेट्रो संचालन के लिए नियामक निकाय की मिलेगी मंजूरी

**भोपाल।** इंदौर में मेट्रो की शुरुआत होने के साथ ही भोपाल में भी मेट्रो संचालन के लिए सुरक्षा मानकों पर आधारित नियामक निकाय की मंजूरी के लिए कोशिश शुरु कर दी गई है। जिसको लेकर बुधवार को भी मेट्रो के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे। गुरुवार को भी उन्होंने प्रायोरिटी कारिडोर के तहत बनाए जा रहे मेट्रो स्टेशन के काम की समीक्षा की। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार सीएमआरएस भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन एक नियामक निकाय है जो मेट्रो रेल परियोजनाओं की सुरक्षा और मानकों की निगरानी करता है। यह निकाय मेट्रो रेल परियोजनाओं के निर्माण, संचालन और रखरखाव के लिए सुरक्षा मानकों को निर्धारित करता है और उनका पालन सुनिश्चित करता है।

# अवैध कॉलोनी की सड़कें उखाड़ीं, विरोध कराया शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में अवैध कालोनियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बैक होलोडर की मदद से सड़कें उखाड़ दी। साथ ही जांच प्रतिवेदन बनाते हुए कलेक्टर कोर्ट में पेश कर दिया है। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि शिकायत मिल रही थी कि रातीबड़ क्षेत्र के सिकंदराबाद और रसूलिया गोसाई में कृषि भूमि में बिना किसी अनुमति के अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं।

लोगों को मनमर्जी के दाम पर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। जिसकी जांच तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी को मौके पर पहुंचकर कराई गई तो सही निकली और कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसीलदार ने गुरुवार को टीम सहित मौके पर पहुंचकर सिंकदराबाद और रसूलिया गोसाई में



काटी जा रही अवैध कालोनियों में बैक होलोडर की मदद से सड़कों को उखाड़ने सहित अन्य कार्रवाइ की। तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि सिंकदराबाद में प्रमोद पाटीदार की कृषि भूमि पर समृद्धि फार्म नाम से और रसूलिया गोसाई में बृजेश मारण की भूमि पर अवैध कालोनी काटी जा रही थी। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था।

## एक हजार की जनसंख्या पर एक से भी कम मरीज

विश्व मलेरिया दिवस आज

# 96 फीसदी कम हुआ मलेरिया, मध्य प्रदेश में बचे सिर्फ चार फीसदी मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल समेत मध्य प्रदेश में मलेरिया के मामले में पिछले चार साल में करीब 96 प्रतिशत मरीजों की कमी आई है। अब प्रदेश में महज चार प्रतिशत मरीज रह गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना काल के बाद से लोगों ने साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा यही कारण है कि मलेरिया के केस लगातार कम हो रहे हैं। मलेरिया विभाग के आकड़े को देखें तो जहां वर्ष 2021 में 25 जिले कैटेगरी 3 में सम्मिलित थे, वहीं वर्ष 2023-24 में एक भी जिला कैटेगरी 3 में सम्मिलित नहीं है। इस प्रकार प्रदेश सभी जिलों में मलेरिया एपीआई एक से कम दर्ज किया गया है।

अर्थात एक हजार की जनसंख्या में औसतन एक से भी कम मरीज के प्रकरण दर्ज हुए हैं। वर्ष 2024 से प्रदेश के तीन जिलों में आगर, शाजापुर एवं टीकमगढ़ मे मलेरिया प्रकरण नहीं पाये गए हैं। वहीं वर्तमान में प्रदेश भर में मात्र 415 मलेरिया के पॉजिटिव प्रकरण पाए गए हैं।



### भोपाल में क्यूलेक्स मच्छर

राजधानी भोपाल में मच्छर तो अब भी बड़ी संख्या में है, लेकिन जो मादा एनाफिलीज मच्छर मलेरिया के लिए जिम्मेदार है, उसकी संख्या लगभग कम हो गई है। शहर में पाए जाने वाले अधिकतर मच्छर क्यूलेक्स हैं, जिनके काटने से मलेरिया नहीं होता। वहीं पांच साल में मलेरिया से एक भी मरीज की मौत राजधानी में नहीं हुई।

### लोगों की जागरुकता से आई कमी

मप्र में मलेरिया कम होने की प्रमुख वजह लोगों का साफ-सफाई के प्रति जागरूक होने से मच्छरों में काफी कमी आई। मलेरिया विभाग नगर निगम और एंबेड परियोजना के सहयोग से प्रदेश भर में जनजागरूकता अभियान चलाया। स्कूल, कॉलेज से लेकर धर्मगुरुओं को भी इस अभियान में शामिल किया। अभियान में एंबेड परियोजना के कर्मचारी झुग्गी बस्तियों तक पहुंच कर लोगों को जागरूक किया।

■ डॉ. हिमांशु जयसवार
मलेरिया राज्य कार्यक्रम अधिकारी

### मलेरिया पर ऐसे पाएं काबू

**स्वच्छता अभियान :** प्रदेश में समग्र स्वच्छता अभियान शुरू हुआ। 30 दिन तक गांव-शहर में साफ-सफाई जलभराव न होने, स्कूलों में बच्चों को बीमारी की जानकारी देने के लिए अभियान में अन्य विभाग शामिल होना चाहिए।

**फागिंग, एंटी लार्वा छिड़काव :** ठहरे हुए साफ पानी में एंटी लारवा छिड़काव किया जाना। जागरूक लोग ऐसे पानी में केरोसिन की बूंदें छिड़कना और पानी को ढककर रखने के प्रति जागरूकता।

**कारणों को खत्म करना :** पानी की टंकी, बाथरूम में ड्रम को ढककर रखना। आसपास जलभराव न होने देना, इसकी सूचना संबंधित विभाग को देना।

### मलेरिया के लक्षण

- तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द होना
- सिर में दर्द होना, ठंड लगना
- शरीर में ऐंठन होना, पसीना आना
- उल्टी होना, पेट में दर्द होना

### ये बरतें एहतियात

- रात को पूरी आस्तीन के कपड़े पहनकर सोएं, मच्छरदानी लगाएं।
- मच्छररोधी क्रीम लगाएं, सोने से घंटेभर पहले काइल जलाएं।
- ठहरे हुए पानी और नाली में केरोसिन का छिड़काव करें।
- खिड़कियों और दरवाजों पर जाली लगाएं, जिससे मच्छर न आ पाए
- पानी को ढककर रखें, ड्रम-टंकी की सफाई करें

### पिछले चार साल के आंकड़े

| वर्ष | कुल जांच | रोगी |
|---|---|---|
| 2021 | 9864546 | 3181 |
| 2022 | 11031117 | 3836 |
| 2023 | 11381858 | 3794 |
| 2024 | 12321890 | 415 |

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930